

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 27 दिसंबर 2023


## पीएम मोदी ने दुनियाभर के नेताओं को पछाड़ा




# यूट्यूब पर 2 करोड़ हुए 'सब्सक्राइबर्स'

दूसरे सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले वैश्विक नेता ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सनोरा हैं, जिनके सिर्फ 64 लाख सब्सक्राइबर्स हैं, जो नरेंद्र मोदी यूट्यूब चैनल के एक तिहाई से थोड़ा कम है।



यूट्यूब पर पीएम मोदी के चैनल पर 450 करोड़ वीडियो व्यूज आ चुके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और नई उपलब्धि हासिल कर ली है। दुनिया के सबसे पॉप्युलर नेताओं में से एक पीएम मोदी अब यूट्यूब पर 20 मिलियन (2 करोड़) सब्सक्राइबर्स हासिल करने वाले दुनिया के पहले राजनेता बन गए हैं। पीएम लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और यही एक बड़ी वजह है कि उनके फॉलोअर्स की संख्या में ऑनलाइन तेजी से इजाफा हो रहा है।

'द नरेंद्र मोदी चैनल' पीएम मोदी का आधिकारिक यूट्यूब चैनल है और यहां अलग-अलग टॉपिक, मुद्दों से जुड़ा कॉन्टेन्ट पोस्ट किया जाता है। न केवल भारत में पीएम ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया है, बल्कि सब्सक्राइबर्स की संख्या और वीडियो व्यूज के मामले में वह ग्लोबल लीडर्स में सबसे आगे निकल गए हैं।

दुनिया के सबसे लोकप्रिय वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर मोदी एक सशक्त और पॉप्युलर हस्ती हैं और उनके वीडियोज को करोड़ों की संख्या में लोग देखते हैं। 'द नरेंद्र मोदी चैनल' लगातार इंगेजमेंट और व्यूअरशिप के मामले में दुनिया के दूसरे राजनेताओं के चैनल के बीच नए मानक स्थापित कर रहा है। पीएम (@narendramodi) के एक्स अकाउंट पर 94 मिलियन (करीब 9.4 करोड़) फॉलोअर्स हैं।









## ईंट भट्टे की दीवार गिरी दबने से छह की मौत



रुड़की। उत्तराखंड के रुड़की में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। मंगलौर कोतवाली के लहबोली गांव के पास ईंट भट्टे की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे के नीचे दबकर पांच मजदूरों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे से आक्रोशित परिजनों ने शव उठने नहीं दिए। मुआवजे के आश्वासन के बाद शव पुलिस को सौंपे गए।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में बनी सहमति, भोपाल के डेवलपमेंट प्लान पर चर्चा

# अब बीआरटीएस कॉरिडोर हटेगा वीआईपी रोड बनेगी 'सिक्सलेन'




इस 'लोगो' से चलाई थी मुहिम

तीन दिन में अफसर पेश करेंगे 24 किमी लंबे कॉरिडोर को हटाने का प्लान, सबसे पहले बैरागढ़ व होशंगाबाद रोड से हटाया जाएगा

## मोहन सरकार का 'बड़ा फैसला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देर से ही सही पर 'हरिभूमि' की मुहिम रंग लाई। वर्ष 2009-10 में मिसरोद से बैरागढ़ तक करीब 24 किमी लंबा बीआरटीएस कॉरिडोर अब जल्द ही तोड़ दिया जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रियों और विधायकों की भोपाल के डेवलपमेंट प्लान को लेकर बैठक हुई, जिसमें कॉरिडोर को हटाने पर सहमति बन गई है। अफसर तीन दिन में इसे हटाने का प्लान पेश करेंगे।

हालांकि, तेरह साल पहले इस पर 360 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। बीसीएलएल और नगर निगम ने 13 साल में कॉरिडोर के रखरखाव पर लाखों रुपए खर्च किए। अब इसे तोड़ने की कवायद शुरु हो गई है। बैठक में राजधानी में ▶▶ शेष पेज 4 पर

'हरिभूमि' ने सबसे पहले चलाई थी बीआरटीएस कॉरीडोर को हटाने की मुहिम, ट्रैफिक में रुकावट और 'जोखिम में जान' को बनाया था मुद्दा

देर से ही सही पर 'हरिभूमि' की मुहिम रंग लाई। वर्ष 2009-10 में मिसरोद से बैरागढ़ तक करीब 24 किमी लंबा बीआरटीएस कॉरिडोर अब जल्द ही तोड़ दिया जाएगा।



### भूपेंद्र, सारंग व जयवर्धन ने कहा था- इसे हटाया जाए

*'हरिभूमि' की मुहिम के बाद इस कॉरिडोर पर पूर्ववर्ती सरकार के ही मंत्रियों ने सवाल उठाए थे। पिछले साल हबीबगंज अंडरब्रिज के लोकार्पण के दौरान तत्कालीन प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह ने इसको गलत बताया था। वहीं, मंत्री विश्वास सारंग ने इसे हटाने की बात कही थी। वर्ष 2019 में भी तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री जयवर्धन सिंह ने बीआरटीएस कॉरिडोर के प्रेजेंटेशन को भी देखा था।*

### खास बातें

- 13 साल पहले इस पर 360 करोड़ रुपए खर्च हुए थे
- इस दौरान इसके रख-रखाव पर 205 करोड़ रु. खर्च हो चुके

### प्रस्तावित मास्टर प्लान में भी होंगे कई बदलाव



बैठक में मास्टर प्लान, रिंग रोड समेत अन्य कार्यों पर भी चर्चा की गई। बताया जाता है कि प्रस्तावित भोपाल मास्टर प्लान को लेकर भी जनप्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी है। जिसमें कई खामियां बताई गई हैं। इसके बाद मास्टर प्लान को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि मास्टर प्लान में भी कुछ बदलाव किए जा सकते हैं।

**विधायक रामेश्वर ने कहा...**

**कॉरिडोर हटने से ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत**

बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कॉरिडोर की वजह से हर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई लोगों की मौतें भी हो चुकी हैं। वहीं, हर समय जाम भी लगता है। इसे हटाने के बाद सेंट्रल वर्ज बनाई जाए। ट्रैफिक सिग्नल लगें और लेफ्ट टर्न क्लीयर किया जाए। इससे ट्रैफिक जाम से काफी राहत मिलेगी।

# आरबीआई को मिली धमकी, 11 जगहों पर बम रखने का दावा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के ऑफिस में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कई बैंकों में बम रखने की धमकी ईमेल के जरिए मिली। ईमेल भेजने वाले ने खुद को 'खिलाफत इंडिया' के होने का दावा किया है। धमकी देने वाले ने मुंबई में कुल 11 जगहों पर बम रखने की धमकी दी। ईमेल में लिखा था कि आरबीआई ऑफिस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बम रखा गया है। ईमेल के माध्यम से आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग की गई। इस ईमेल के मुताबिक धमाका मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब होना था। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ। पुलिस ने सभी जगह जाकर जांच की लेकिन कहीं भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इस संदर्भ में एमआरए मार्ग पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ऑफिस में मिला धमकी भरा ईमेल





# एमबीए छात्र की सब्जी बनाते समय हार्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीआईटी कॉलेज से एमबीए कर रहे 22 वर्षीय छात्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। छात्र को उसके दोस्त पटेल नगर स्थित गायत्री हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया।

पिपलानी थाना पुलिस ने बताया कि रीवा निवासी विवेक सोनी (22) अयोध्या नगर क्षेत्र में दोस्तों के साथ रहता था। सोमवार रात करीब 8 बजे वह फ्लैट में दोस्तों के साथ सब्जी बना रहा था। तभी उसने दोस्तों से सीने में दर्द की बात कही और किचन में ही बेहोश होकर गिर पड़ा। विवेक को तुरंत पटेल नगर स्थित गायत्री हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद छात्र का शव उसके परिजनों को सौंप दिया है। घटना ▶▶ शेष पेज 4 पर

*दोस्तों से सीने में दर्द की बात कही और किचन में ही बेहोश होकर गिर पड़ा*



### हार्ट अटैक का अंदेशा

विवेक सोनी नाम के एक पेशेंट को लेकर उसके दोस्त सोमवार रात करीब 11 बजे हॉस्पिटल लेकर आए थे। युवक की हॉस्पिटल पहुंचने से पहले मौत हो चुकी थी। विवेक के साथ आए दोस्तों ने उसके सीने में दर्द होने की जानकारी दी थी। संभवत: उसे हार्ट अटैक आया था।

**डॉ. जीआर अडलक**
डायरेक्टर, गायत्री हॉस्पिटल, भोपाल

### गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

# जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन संशोधन अधिनियम आरक्षण संशोधन अधिनियम के प्रावधान लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2023 और जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 के प्रावधान मंगलवार से लागू हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने इसको लेकर अधिसूचना जारी की है। हाल में समाप्त हुए संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों विधेयकों को मंजूरी दी गई थी।




जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन), अधिनियम 2023 के प्रावधानों के लागू होने के बाद राज्य की विधानसभा में सीटों की संख्या बढ़ कर 114 हो जाएगी। विधानसभा में पहली बार विस्थापित कश्मीरी पंडितों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लिए क्रमशः दो और एक सीटें आरक्षित होंगी। इन्हें उपराज्यपाल नामित करेंगे। नामित करने के दौरान महिला वर्ग से एक प्रतिनिधि सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

### जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 में क्या बदलाव

आरक्षण अधिनियम के जरिए राज्य की आरक्षण नीति में व्यापक बदलाव किया गया है। आरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत देश के दूसरे राज्यों की तरह ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भी ओबीसी, एससी, एसटी और सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण की व्यवस्था की गई है। खास बात यह है कि मुस्लिम गुर्जरों के विरोध को सिरे से नकारते हुए पहाड़ी समुदाय से जुड़ी कई जातियों को भी एसटी का दर्जा दिया गया है। सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग में दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के पिछड़े घोषित किए गए गांवों, वास्तविक नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शामिल किया गया है।

### कुश्ती संघ का विवाद थमा नहीं

# विनेश ने लौटाए खेल रत्न-अर्जुन पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विश्व चैम्पियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट ने बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का अध्यक्ष चुने जाने के विरोध में मंगलवार को अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार सरकार को लौटा दिए।

इस पहलवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र में यह जानकारी दी है। विनेश से पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और डेफलंपिक्स के चैंपियन वीरेंदर सिंह यादव ने अपने पद्मश्री पुरस्कार ▶▶ शेष पेज 4 पर



### 15 रुपए का बताया जा रहा अवॉर्ड्स

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में विनेश फोगाट ने लिखा है, हमारे मेडल्स और अवॉर्ड्स को 15 रुपए का बताया जा रहा है। अब मुझे भी अपने पुरस्कारों से घिन आने लगी है। मुझे मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड दिया गया था, जिनका अब मेरी जिंदगी में कोई मतलब नहीं रह गया है। हर महिला सम्मान से जिंदगी जीना चाहती है।

### दिल्ली में इजराइली एंबेसी के पास धमाका

चाणक्यपुरी में इजराइली दूतावास के पीछे धुआं उठने से अफरातफरी

# मौके पर मिला झंडा और चिट्ठी, राजदूत को संबोधित पत्र मिला, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

*मौके पर पुलिस के अलावा, स्पेशल सेल, आईबी, रॉ, दिल्ली पुलिस सुरक्षा यूनिट, फायर बिग्रेड एनएसजी, एनआईए आदि तमाम केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी टीम के साथ पहुंचे।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अति सुरक्षित नई दिल्ली जिले के चाणक्यपुरी स्थित इजराइली दूतावास के पीछे धमाके की सूचना ने मंगलवार शाम दिल्ली पुलिस समेत सभी केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट हो गईं। जांच के दौरान पुलिस को झंडे, काले रंग का कुछ विस्फोटक पदार्थ (ट्रेस) व दूतावास के राजदूत के नाम अंग्रेजी में धमकी भरी ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सुरक्षा एजेंसियों ने शुरू की जांच

शाम करीब 5:53 बजे सूचना मिलते ही आनन-फानन नई दिल्ली जिला पुलिस के अलावा, स्पेशल सेल, आईबी, रॉ, दिल्ली पुलिस सुरक्षा यूनिट, फायर बिग्रेड, एनएसजी, एनआईए आदि तमाम केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी अपनी-अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। सभी एजेंसियों ने संभावित इलाके को पीले फीते से घेरकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दो वर्ष पहले हुआ था ब्लास्ट

*29 जनवरी, 2021 में एंबेसी के पास शाम को धमाका हुआ था। बम ब्लास्ट होने से कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई थी। इस दौरान कई कारों को नुकसान हुआ था। ब्लास्ट में कई कारों के शीशे टूट गए। इसके अलावा फरवरी 2012 में इजराइली दूतावास की कार में धमाका हुआ था। बदमाशों ने दोपहर करीब साढ़े तीन बजे इस घटना का अंजाम दिया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक सफदरजंग रोड पर बाइक पर सवार होकर दो हमलावर दूतावास के पास आए थे। दूतावास की इनोवा गाड़ी की खिड़की पर कुछ चिपकाकर फरार हो गए। इसके कुछ मिनटों बाद ही धमाका हो गया।*




## खबर संक्षेप

### हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का तुरंत निराकरण करना जरूरी

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने महापौर हेल्पलाइन की समीक्षा की। स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में महापौर हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की समीक्षा की। निर्देशित किया कि महापौर हेल्पलाइन पर जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं उन्हें और अधिक त्वरित गति से निराकृत किया जाए। कोई भी शिकायत लंबित न रहे। लंबित शिकायतों के त्वरित गति से निदान हेतु निगम के अपर आयुक्तों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी निर्देशित किया। इस दौरान महापौर राय ने अनेक शिकायतकर्ताओं से भी दूरभाष पर चर्चा की और उनकी समस्याओं व निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### एमपी बोर्ड: 2 जनवरी तक 10वीं-12वीं के परीक्षा आवेदन में होगा सुधार

**भोपाल।** माशिमं की 10वीं और 12वीं के परीक्षा परीक्षा आवेदन में गलत विषय भरने वाले विद्यार्थी अब 2 जनवरी तक त्रुटि सुधार करा सकेंगे। माशिमं ने शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए संस्था द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि में विषयों में की गई त्रुटि के सुधार की सुविधा के 2 जनवरी तक तारीख बढ़ा दी गई है। 12वीं का आवेदन भरने वाले छात्रों को 11वीं में लिए गए विषय ही भरना है। इसके लिए 11वीं की प्रमाणित मार्कशीट अटैच करना होगी। इसके लिए छात्रों 500 रुपए का अर्थदंड देना होगा। संबंधित संस्था प्राचार्य को त्रुटि सुधार के साथ एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर संबंधित छात्र की कक्षा 11वीं उत्तीर्ण की अंकसूची एवं इस आशय का घोषणा-पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा कि जिन छात्रों के विषयों में त्रुटि सुधार किया गया है, उन छात्रों ने कक्षा 11वीं में इन्ही विषयों की पढ़ाई की है।

### मारपीट मामले में आज एंटी रैगिंग कमेटी के सामने उपस्थित होंगे छात्र

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि में छात्रों के दो गुटों के बीच हुए झगड़े के बाद बुधवार को 20 के आसपास छात्र एंटी रैगिंग कमेटी के सामने उपस्थित होंगे। विवि प्रशासन ने झगड़े के अगले दिन बीते शनिवार को सख्ती दिखाते हुए 20 छात्रों को नोटिस जारी किया था, संचालक यूआईटी द्वारा जारी इस नोटिस में कहा गया है कि 27 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे उपस्थित होकर एंटी रैगिंग कमेटी के सामने अपना पक्ष रखें। उपस्थित नहीं होने वाले छात्रों पर एक पक्षीय कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

## 200 बच्चों को दिखाई चार साहिबजादे फिल्म, सीएम ने बच्चों को वितरित की किताबें

# गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों और माता गुजरी के शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुद्वारा पहुंच कर टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सिख समाज द्वारा चार साहिबजादों और माता गुजरी की महान शहादत का चार दिवसीय पावन पर्व मनाया जा रहा है।

इस दौरान ईदगाह हिल्स स्थित गुरुद्वारा टेकरी साहिब गुरु नानक टेकरी पर श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के चार साहिब जादो की शहीदी को समर्पित कार्यक्रम किया गया, जिसमें चार साहब जादो और उनके पूरे परिवार की शहादत पर प्रदर्शनी लगाई गई। मंगलवार शाम को ईदगाह हिल्स स्थित गुरुद्वारा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी पहुंचे। जहां उन्होंने गुरु चरणों में माथा टेका और श्रद्धालुओं को किताब वितरित की। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, आलोक शर्मा, नरेंद्र सलूजा, सुमित पचौरी समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।



शहादत का विवरण बच्चों को बताया

चार साहबजादे मूवी लगभग 200 बच्चों को दिखाई गई एवं पुस्तक का वितरण किया गया, जिसमें गुरु गोविंद सिंह साहब सिंह के पूरे परिवार की किस दिन किस समय कहां पर शहादत हुई उसका पूरा विवरण बच्चों को दिया गया।

### पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा और जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने वीर बाल दिवस के अवसर पर ईदगाह हिल्स स्थित गुरुद्वारा, पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं व विधायक भगवानदास सबनानी ने जवाहर चौक स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर दर्शन किए। साथ ही गुरु गोविंद सिंह के साहेबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका नमन किया। इसके साथ ही यह किताब 26 दिसंबर को 10 नंबर मार्केट में स्टॉल लगाकर बांटी गई। किताब को फ्री बांटने का मुख्य उद्देश्य यही है कि गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की वीरता की दास्तां को घर-घर बताया जा सके।



### स्कूलों में विद्यार्थियों ने शहीद साहिबजादों को दी श्रद्धांजलि

वीर बालदिवस पर मंगलवार को प्रदेश के स्कूलों में गुरु गोविंद सिंह के छोटे बेटों शहीद जोरावर सिंह और शहीद फतेह सिंह के बलिदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी स्कूलों में चित्रकला, क्विज, निबंध, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ ही माता गुजरी और शहीद साहेबजादों के बलिदान पर आधारित फिल्म प्रदर्शन और नाटकों का मंचन भी किया गया। उल्लेखनीय है कि दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के वीर पुत्रों, साहिबजादा जोरावर सिंह 9 वर्ष एवं साहिबजादा फतेहसिंह 6 वर्ष ने 26 दिसंबर 1705 को अल्पायु में मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

### *प्रधानमंत्री मोदी का वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय सराहनीय*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर ईदगाह हिल्स स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका और सेवाएं भी दी। मुख्यमंत्री ने गुरु गोबिंद सिंह जी एवं उनके चारों साहिबजादों के अद्भुत शौर्य और अतुलनीय बलिदान को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस मनाने का सराहनीय निर्णय लिया है, जिसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह और उनके चारों साहिबजादों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका यह बलिदान हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनकी इस शहादत से हमारी संस्कृति और देश की पहचान पूरी दुनिया में है। मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा में गुरु गोबिंद सिंह और उनके चारों साहिबजादों के शौर्य और बलिदान पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।*



## *वीर बाल दिवस सप्ताह: देश और धर्म की रक्षा के लिए तीन पीढ़ियों का बलिदान हमें प्रेरणा देता रहेगा: डॉ. नितेश*

दतिया जिले के भांडेर में आयोजित किया कार्यक्रम

**भोपाल।** दतिया जिले की भांडेर तहसील में सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ रोड़ भांडेर में भाजपा द्वारा वीर बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. नितेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा गुरु तेग बहादुर ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपनी तीन पीढ़ियों का बलिदान दिया। उसके कारण ही आज हम सभी मुक्त रूप से सांस ले पा रहे हैं। यह विश्व का अनूठा उदाहरण है कि पूरी तीन पीढ़ियां और उन पीढ़ियों में छोटे साहिबजादे भी मुगल आक्रांताओं के सामने घुटने नहीं टेकते हैं। इस अवसर पर व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर महेश चंद्र अग्रवाल, सौरभ उपाध्याय प्रधानाचार्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा गोपाल कृष्ण शर्मा, वर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज पाराशर, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री बेटू सेंगर, वरिष्ठ भाजपा नेता भोलाराम भालनी, मीडिया प्रभारी भुवनेश पाराशर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रपाल सिंह सेंगर ने किया।

## समस्त पाप से मुक्ति प्रदान करने वाली है मां नर्मदा: गुरु साहब शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल क्षेत्र के शास्त्री नगर स्थित बाबूलाल गौर दशहरा मैदान पर संगीतमय श्री नर्मदेश्वर शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा व्यास भागवताचार्य गुरु साहब शर्मा द्वारा मां नर्मदा के जन्म उत्सव की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि मां नर्मदा सात वरदानों को लेकर इस धरा पर आईं और अपने भक्तों का उद्धार किया। मां नर्मदा समस्त पाप से मुक्ति प्रदान करने वाली हैं। गंगा जी में स्नान करने से जो फल मिलता है, वह मां नर्मदा का केवल दर्शन मात्र से मिल जाता है। कथा 30 दिसंबर तक रोजाना दोपहर 2 बजे से हरिइच्छा तक की जाएगी।

### दशरथ घर आनंद भयो...

दशरथ घर आनंद भयो जय राघव राम की... नेहरू नगर में राम जन्मोत्सव मनाया गया। चित्रकूट धाम से पधारे भागवत रत्न आचार्य नवलेश जी महाराज ने बताया जो भगवान का उत्सव मनाते हैं, उनके घर में भी उत्सव होता है



## *प्रांतीय भूमिहार ब्राह्मण सेवा समिति का वार्षिक सम्मेलन*

# पानी बचाने, शहर को प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छ रखने और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पानी बचाने, शहर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ रखने, पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ प्रांतीय भूमिहार ब्राह्मण सेवा समिति के वार्षिक सम्मेलन की शुरुआत की गई। भगवान परशुराम और दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की पूजा-अर्चना और माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि शशिरंजन प्रसाद पूर्व ईडी भेल सपत्नीक रहे।

विशिष्ट अतिथि प्रभात कुमार सिन्हा पूर्व जीएम भेल, कैप्टन व्ही पी सिंह, संजय कुमार, अभय शर्मा, सीमा शर्मा, डॉ. अतुल सिंह, नीरज ठाकुर एएसपी भोपाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रहे। समिति अध्यक्ष ने अब तक किए गए सेवा और सामजिक कार्यों के साथ भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी और आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। संस्थापक रामायण सिंह ने समिति के वर्तमान उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मंडीदीप संभाग की नई प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों का मंच पर फूल माला से सम्मान किया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने अपने आशीर्वचन दिए। समिति के प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी संतोष कुंवर ने बताया कि भगवान परशुराम के अंश अवतार, देश-विदेश में निवासरत, बौद्धिक और आर्थिक रूप से संपन्न, भूमिहार ब्राह्मण समुदाय देश की प्रगति में सदैव सक्रिय सहयोग करता रहा है और करता रहेगा। आयोजन में भोपाल, मंडीदीप से 500 से ज्यादा लोगों के साथ देवास और इंदौर से समाज के लोग शामिल हुए।





### मेरी बेटी मेरा अभिमान की भावना के साथ संपन्न हुआ पुनर्बोध सम्मेलन

**भोपाल।** श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र कुराना जी में अनुशासनोदय समाज कल्याण समिति का अर्द्धवार्षिक मिलन समारोह मेरी बेटी मेरा अभिमान की भावना के साथ पुनर्बोध सम्मेलन संपन्न हुआ। समिति के प्रवक्ता राजेंद्र जैन ने बताया अधिवेशन के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अभय गोहिल व आईएएस कवींद्र कियावत शामिल हुए। वहीं पर्वतारोही एवरेस्ट विजेता याशी जैन छत्तीसगढ़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी। सम्मेलन में शिक्षा, धर्म, समाज सेवा, आर्ट आदि विषयों में योग्यता प्राप्त बच्चियों का सम्मान किया गया। पर्वतारोही याशी जैन ने जीवन में सफलता के सूत्र बताने के साथ पर्वतारोहण के अनुभव भी साझा किए।

## कलेक्टर की जनसुनवाई में 82 लोगों ने लगाई गुहार

# महिला से ब्याज सहित वसूले 50 हजार, फिर साहूकार ने बैंक में डाल दिया तीन लाख का चेक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ठेला लगाने वाली महिला ने जब ब्याज पर पचास हजार रुपए लिए और ब्याज सहित पैसे वापस कर दिए, लेकिन साहूकार ने धोखाधड़ी कर उसका तीन लाख रुपए का चेक बैंक में डालकर बाउंस करा लिया। कोर्ट से जब नोटिस पहुंचा, तो महिला ने मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर मदद की गुहार लगाई। कलेक्टर ने मामले की जांच बैरागढ़ थाना प्रभारी को सौंपी है। महिला के चार बच्चे हैं, जबकि पति दिव्यांग है।

सीमा पत्नी विष्णु प्रसाद शर्मा निवासी बैरागढ़ ने शिकायत दर्ज कराई है कि मैंने हेमंत अग्रवाल निवासी गोविंद भवन खजूरी सड़क से 50 हजार रुपए ब्याज से उधार लिए थे, जिसमें ब्याज काटकर मुझे 45 हजार रुपए दिए गए। मैने 47 हजार रुपए लौटा दिए है। जिसके तीन हजार रुपए बचे हैं। फिर भी हेमंत अग्रवान ने चेक में तीन लाख रुपए की राशि भरकर बैंक में लगा दिया और वह बाउंस हो गया है।

### एक विधायक को पद से हटाने की मांग

विमला बैरागी पिता अभयदास बैरागी निवासी बागसेवनिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरे द्वारा भाजपा की उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से जीती हैं। बावजूद इसके मुझे कोई पद नहीं दिया गया है। ऐसे में विधायक की जगह पर मुझे पद दिया जाना चाहिए। जनसुनवाई में एडीएम अंकिता धाकरे ने महिला से बातचीत की और उसे समझाया कि आपकी समस्या बताएं, लेकिन विधायक को हटाने की बात कहती रही। एडीएम ने मामले की जांच बागसेवनिया पुलिस को सौंप दी है।

### कैंसर पीड़ित और दिव्यांग को दी आर्थिक मदद

कलेक्टर ने कैंसर पीड़ित निवासी छोला राहुल अहिरवार को इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी को निर्देश दिए। साथ ही 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। इसके साथ ही मूकबधिर दिव्यांग बच्ची को आशा निकेतन स्कूल के हॉस्टल फीस के लिए 12 हजार 500 रुपए, करोंद क्षेत्र निवासी मूकबधिर राखी जोशी की स्कूल फीस माफ कराने के जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए।

# गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर से एक करोड़ 89 लाख की धोखाधड़ी करने वाले बिल्डर पर प्रकरण दर्ज

**अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किए जाने के आदेश दिए**

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

पार्टनरशिप फर्म के नाम पर गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर से एक करोड़ 89 लाख रुपए फर्जी बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर उन्हें हड़पने के मामले के आरोपी एमकेडी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के संचालक रामदास साहू के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भोपाल ऋचा भट्ट के न्यायालय ने भारतीय दंड विधान की धारा- 420 एवं 406 के तहत प्रकरण दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किए जाने के आदेश दिए हैं।

परिवादी गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर मांडवी साहू अधिवक्ता यावर खान ने बताया कि परिवादी ने एमकेडी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के संचालक रामदास के साथ संयुक्त रूप से राशि मिलाकर कृषि भूमि क्रय कर 50 प्रतिशत मुनाफा पर व्यवसाय करने के लिए 25 सितंबर 2020 को पार्टनरशिप डीड निष्पादित कर 29 सितंबर 2020 को अपनी फर्म का संयुक्त खाता आईडीबीआई बैंक शाखा इंद्रपुरी भोपाल में एमकेडी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के नाम से खोला था। परिवादी ने अपने हिस्से के एक करोड़ 89 लाख रुपए की राशि के चैक बैंक में जमा करने के लिए आरोपी को दिए थे। आरोपी बिल्डर रामदास द्वारा 16 जून 2016 को आईडीबीआई बैंक शाखा इंद्रपुरी में एमकेडी प्रॉपर्टी डेवलपर्स के नाम से संचालित बैंक खाता में परिवादी द्वारा दिए गए एक करोड़ 89 लाख रुपए की राशि के चैक जमा कर उनका भुगतान प्राप्त कर लिया था।

# कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार पर लगाया ब्रेक, एक से 13 घंटे लेट हुई ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली, यूपी व महाराष्ट्र और छतीसगढ़ सहित देश के अन्य हिस्सों में सर्दी व कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। इसके चलते ट्रेनों की चाल पर ब्रेक लग गया है। भोपाल आने वाली दर्जनों ट्रेनें देरी से आ रही हैं। लगातार दूसरे दिन मंगलवार को एक दर्जन से अधिक ट्रेनें एक से 13 घंटे की देरी से आई। इसके चलते अब यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

12404 विकानेर प्रयागराज सुपरफास्ट 9 घंटे 20 मिनट लेट
12628 कर्नाटका एक्सप्रेस 11 घंटे 50 मिनट लेट
12640 वृंदावन एक्सप्रेस 4 घंटे लेट
12618 मंगला लक्ष्यदीप 3 घंटे 15 मिनट लेट
12136 नागपुर पुणे 3 घंटे लेट
12121 संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 6 घंटे लेट
12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 5.40 घंटे
14116 प्रयागराज - डा. आबंडकर नगर एक्सप्रेस 2.10 घंटे
12616 जीटी एक्स. 3.10 घंटे
11058 अमृतसर एक्स. 2.50 घंटे
12002 शताब्दी एक्सप्रेस 2 घंटे 0.45 मिनट
22222 निजामउद्दीन सीएसटी राजधानी 4:55 घंटे
12626 केरला एक्सप्रेस 13.00 घंटे 20 मिनट
22692 बैंग्लूरु राजधानी एक्सप्रेस 2.50 घंटे

## डॉक्टरों का वेतन रुकने से नहीं हो पा रही नसबंदी

ठंड के कारण और खाना न मिलने से खतरनाक हो रहे हैं स्ट्रीट डॉग

# एबीसी सेंटर में हर माह 2000 स्ट्रीट डॉग के नसबंदी का लक्ष्य, आधे भी नहीं पहुंच पार रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के एबीसी सेंटर में हर माह 2000 स्ट्रीट डॉग के नसबंदी का लक्ष्य निधारित किया गया है, लेकिन इन सेंटर पर आधा लक्ष्य भी हासिल नहीं हो पा रहा है। निगम के तीन सेंटर कजलीखेड़ा, बैरसिया रोड और आदमपुर छावनी में नसबंदी के लिए एबीसी सेंटर बनाए गए हैं, लेकिन डॉक्टरों का वेतन रुकने से छावनी में नसबंदी नहीं हो पा रही है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार स्ट्रीट डॉग की लगातार संख्या बढ़ने के बाद एक साल पहले तीन एबीसी सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया। इस साल यह सेंटर बनने के बाद नसबंदी भी शुरू कर दी गई, लेकिन अभी दो तीन माह में ही यह काम रुक गया।

स्ट्रीट डॉग की लगातार संख्या बढ़ने के बाद एक साल पहले ही खोले थे तीन एबीसी सेंटर



### लोगों के पीछे काटने के लिए दौड़ते हैं

पेट लवर्स के अनुसार ठंड के मौसम और कचरे में खाना न मिलने से आजकल स्ट्रीट डॉग ज्यादा खतरनाक हो गए हैं। यही कारण है कि आजकल किसी भी समय लोगों के पीछे काटने के लिए दौड़ते हैं। पहले स्ट्रीट डॉग रात में ही लोगों के पीछे दौड़ते थेए लेकिन आजकल रात हो या दिन इनका डर बना रहता है।

### *आज भी दहशत में कॉलोनी के लोग*

*रतनपुर होशंगाबाद रोड स्थित इंडस टाउन फेस 4 में दो दिन पहले पागत स्ट्रीट डॉग ने कई लोगों पर हमला कर काट लिया था। वहां पर मंगलवार को भी लोग दहशत में थे। रहवासियों के अनुसार डर के कारण लोग घर से कम ही बाहर निकल रहे हैं।*



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




फोटो जर्नलिस्ट, जसप्रीत सिंह

लालघाटी का दृश्य

मौसम के 'चार रंगों' से सराबोर रहेगा नए साल का पहला सप्ताह

# बादल, बारिश, कोहरा फिर कड़ाके की सर्दी

1 29 दिसंबर से बादल, 31 से 3 जनवरी तक अलग-अलग हिस्सों में बारिश और कोहरा

2 4 जनवरी के बाद तेजी से बढ़ेगी सर्दी, कुछ जिलों में चलेगी शीतलहर

संजीव सक्सेना ▶▶भोपाल

प्रदेश में 29 दिसंबर को नया पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसके असर से 8 जनवरी तक मौसम अपने चार रंग बदलेगा। सबसे पहले 29 से 31 दिसंबर तक बादल रहेंगे। 1 और 2 जनवरी को कुछ हिस्सों में बादल, कहीं कहीं तेज बारिश होगी। इसी के साथ पूर्वी मप्र में घना कोहरा भी रहेगा। 2 से 3 जनवरी के ▶▶ शेष पेज 4 पर



### यहां रहा घना कोहरा

मंगलवार को देर रात से सुबह 8.30 बजे के बाद तक कई जिलों में अति घना और कहीं-कहीं घना कोहरा रहा। इनमें सबसे घना कोहरा दतिया और सतना में रहा। यहां दृश्यता 50 मीटर यानी शून्य रही। इसके अलावा टीकमगढ़, सीधी, रीवा, मंडला, खजुराहो, दमोह, गुना, ग्वालियर आदि जिलों में भी मध्यम कोहरा रहने से राहगीरों को वाहन की लाइट जलाकर यात्रा करना पड़ी। पूरे प्रदेश में कहीं-कहीं दिन और रात के तापमान में औसतन एक डिग्री तक की घट-बढ़ रही है। औसत पारा 29 डिग्री और रात का 10 डिग्री के करीब रहा। सबसे अधिक दिन का पारा खंडवा में 31.1 डिग्री रहा, जबकि सबसे रात का तापमान 6.5 डिग्री अशोकनगर के आंवरी में दर्ज किया गया।

### सिंगरौली में 3.3 की तीव्रता का भूकंप नुकसान नहीं

मंगलवार दोपहर 2 बजकर 50 मिनट और 45 सेकंड पर प्रदेश के सिंगरौली जिले में माइल्ड कैटेगरी के भूकंप के कुछ झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 3.3 दर्ज की गई है। मौसम केंद्र के अनुसार इस भूकंप का हाइपोसेंटर सिंगरौली के उत्तर अक्षांश, 82.57 डिग्री पूर्व में 4 किमी की गहराई पर था। इसके असर से ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### आज लाभार्थियों से पीएम मोदी करेंगे बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए



विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनों को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### जनवरी में बैंकों में 14 दिन की रहेगी छुट्टी

**नई दिल्ली।** नया साल आने वाला है। जनवरी 2024 के शुरू होने से पहले बैंक हॉलिडे लिस्ट



जरूर चेक कर लें। क्योंकि जनवरी महीने में 14 दिन बैंक बंद रहेंगे। रिजर्व बैंक की तरफ से पहले ही बैंकिंग छुट्टियों की लिस्ट जारी कर दी गई है। रिजर्व बैंक ने बताया है कि जनवरी महीने में पूरे 14 दिन की छुट्टी रहेगी। इसमें 1 जनवरी से लेकर के 26 जनवरी तक की छुट्टियां शामिल हैं। जनवरी महीने में 4 रविवार है।

### सबरीमाला में 39 दिन में मिले 200 करोड़

**सबरीमाला।** सबरीमाला में राजस्व संग्रह मंगलवार को 200 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर



गया। 25 दिसंबर तक पिछले 39 दिन में 204.30 करोड़ रु. का राजस्व मिला। इसी के साथ दो महीने की वार्षिक तीर्थयात्रा का पहला चरण 27 दिसंबर को शुभ 'मंडला पूजा' के साथ संपन्न होने वाला है। 204.30 करोड़ रु. के कुल राजस्व में से 63.89 करोड़ रु.श्रद्धालुओं द्वारा कनिक्का के रूप में चढ़ाए गए।

*दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस पर पीएम मोदी ने युवाओं में जोश भरा*

# जिसकी... 'प्रेरणा' जितनी बड़ी होगी, वह देश किसी भी 'लक्ष्य' को हासिल कर लेगा

पीएम ने कहा कि ये दिन याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के सामने कम आयु मायने नहीं रखती। वीर साहिबजादों से पूरा देश प्रेरणा ले रहा है।

*पीएम ने कहा कि जब तक हमने अपनी विरासत का सम्मान नहीं किया तब तक दुनिया ने भी हमारी विरासत को भाव नहीं दिया। आज जब हमने अपनी विरासत पर गर्व करना शुरू किया है तब दुनिया का नजरिया भी बदला है।*





एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 'वीर बाल दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं में जोश भरा।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के सामने कम आयु मायने नहीं रखती। पीएम मोदी ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### और, क्या बोले पीएम?

### हर आयु के हमारे पूर्वजों ने सर्वोच्च बलिदान दिया


जब अन्याय और अत्याचार का घोर अंधकार था तब भी निराशा को पल भर के लिए भी हावी नहीं होने दिया। हम भारतीयों ने स्वाभिमान के साथ अत्याचारियों का सामना किया। हर आयु के हमारे पूर्वजों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने अपने लिए जीने के बजाए इस मिट्टी के लिए मरने का संकल्प लिया।

आज पूरी दुनिया भारतभूमि को अवसरों की भूमि मान रही है। आज भारत उस स्टेज पर है जहां बड़ी वैश्विक चुनौतियों के समाधान में भारत बड़ी भूमिका निभा रहा है। हमें इस मिट्टी की आन-बान और शान के लिए जीना है। हमें देश को बेहतर बनाने के लिए जीना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का युवा किसी भी क्षेत्र ▶▶ शेष पेज 4 पर


### डिजिटल प्रदर्शनी और फिल्म का भी प्रसारण

वीर बाल दिवस को मनाने के लिए सरकार नागरिकों, विशेष रूप से छोटे बच्चों को साहिबजादों के अनुकरणीय साहस के बारे में बताने और उन्हें शिक्षित करने के लिए पूरे देश में कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। साहिबजादों के जीवन की कहानी और बलिदान का विवरण देने वाली एक डिजिटल प्रदर्शनी देश भर के स्कूलों और बाल देखभाल संस्थानों में प्रदर्शित की जा रही है। वीर बाल दिवस पर एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पीएम बोले



1 **भारत वो देश है...** जहां नचिकेता जैसा बालक, ज्ञान की खोज के लिए धरती-आसमान एक कर देता है।



2 **भारत वो देश है...** जहां कम आयु का अभिमन्यु, कठोर चक्रव्यूह को तोड़ने निकल पड़ता है।



3 **भारत वो देश है...** जहां बालक ध्रुव ऐसी कठोर तपस्या करता है कि आज भी किसी से उसकी तुलना नहीं की जा सकती।



4 **भारत वो देश है...** जहां बालक चंद्रगुप्त, कम आयु में ही एक साम्राज्य का नेतृत्व करने की ओर कदम बढ़ा देता है।



5 **भारत वो देश है...** जहां एकलव्य जैसा शिष्य, अपने गुरू को दक्षिणा देने के लिए अकल्पनीय कर्म करके दिखा देता है।



6 **भारत वो देश है...** जहां खुदीराम बोस, बटुकेश्वर दत्त, कनकलता बरुआ, रानी गाइडिनिल्यू, बाजी राउत जैसे अनेकों वीरों ने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने में एक पल भी नहीं सोचा।

### फुल कैबिनेट की पहली बैठक में सीएम यादव ने अनौपचारिक चर्चा में कहा



# सभी मंत्री अभी से ही जुट जाएं लोकसभा की 29 सीटें जीतना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र में कैबिनेट विस्तार के बाद पहली कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी मंत्रियों से लोकसभा चुनाव में अभी से जुट जाने को कहा। कैबिनेट में सबसे पहले औपचारिक रूप से परिचयात्मक माहौल रहा। मुख्यमंत्री ने खासकर जो नए विधायक मंत्री बने हैं और बैठक में मौजूद थे, उनसे चर्चा की।

उन्होंने नए मंत्रियों से उनके बारे में डिटेल पूछा। इसके बाद मंत्रियों को अपनी प्राथमिकताएं बताई। मुख्यमंत्री यादव ने इसके बाद मंत्रियों से अनौपचारिक चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अब काफी कम समय बचा है। करने के लिए बहुत कुछ है। हर हाल में सभी 29 सीटों पर जीत सुनिश्चित करना है। इसकी जिम्मेदारी आप सभी के ऊपर है। यदि आप सभी अभी से प्राथमिकता के साथ तैयारी में जुट गए तो सभी सीटों पर जीत तय है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी मिशन मोड पर करना है। इसके लिए आप सभी की ▶▶ शेष पेज 4 पर

'मिशन 29' की भूमिका सर्वप्रथम



### समय कम है, इसलिए तत्काल जुटना है

कैबिनेट बैठक में हुई अनौपचाकि चर्चा के बारे में मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि लोकसभा चुनाव में समय कम है, इसलिए चुनाव में कैसे आगे बढ़ना है। इस पर चर्चा हुई है। शुरूआत, हालांकि परिचयात्मक रहा। बाद में मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव की तैयारी मिशन मोड पर करने को कहा है। हम सभी इस कार्य में जुट गए हैं।

### गुना में भीषण हादसा...कार पर पलटा ट्रक

# 4 की मौत और 2 घायल, मृतकों में माता पिता और बेटी सहित एक महिला शामिल

### सीएम डॉ. यादव ने जताया दुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

नगर में मंगलवार सुबह कार को टक्कर मारने के बाद ट्रक उसके ऊपर पलट गया। हादसे में कार सवार पति-पत्नी, बेटी समेत 4 लोगों की मौत हो गई।

2 गंभीर घायल हैं। हादसा बायपास पर ढाबे के पास हुआ। राजगढ़ जिले के सारंगपुर के तारागंज का परिवार भिंड जिले के लहार में मकान के उद्घाटन कार्यक्रम में जा रहा था। परिवार के



सदस्य तड़के 4 बजे कार से लहार के लिए रवाना हुए थे। सुबह 7.30 बजे गुना बायपास पर एक जेसीबी क्रॉस कर रही थी। इस वजह से ड्राइवर ने कार रोड से नीचे उतारकर खड़ी कर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 14 साल की बच्ची समेत 3 की मौत



*राऊ-खलघाट फोरलेन पर कार व बाइक भिड़े*

**महू।** इधर, महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले राऊ-खलघाट फोरलेन पर सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को शहर के सिविल अस्पताल पीएम के लिए लाया गया है। घटना नांदेड़ के पास शक्ति कोल्ड स्टोरेज के समीप की है। हादसे में दो लोग ▶▶ शेष पेज 4 पर

# धू-धू कर जल गया पूरा कोच



महाराष्ट्र के नांदेड़ में पूर्णा-परली पैसेंजर ट्रेन में लगी भीषण आग

**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में पूर्णा परली पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई। गनीमत रही कि आग लगने के समय ट्रेन नांदेड़ रखरखाव यार्ड में लगी थी और कोच खाली थे। आग सुबह लगी थी। आग लगने की जानकारी दमकल विभाग को दी गई। 30 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। आग की वजह से ट्रेन का एक कोच पूरी तरह जल गया। डीपीआरओ दक्षिण मध्य रेलवे ने बताया कि आग लगने के कारणों की अब तक जानकारी नहीं मिल सकी है।

### आईआईटी मद्रास के छात्रों को शोध में मिली कामयाबी

# लौटेगी मुस्कान... 'ब्लैक फंगस' के मरीजों को 3डी तकनीक से मिलेगा 'नया' चेहरा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

उम्मीद की खबर

आईआईटी मद्रास ने ब्लैक फंगस के मरीजों के लिए 'जोरिओक्स इनोवेशन लैब्स' के साथ मिल कर 3डी-प्रिंट से चेहरे का इम्प्लांट तैयार किया है।

बता दें कि ब्लैक फंगस' की वजह जिन मरीजों का चेहरा खराब हुआ है, अब उन्होंने 3डी-प्रिंट तकनीक के जरिए फिर से नया चेहरा और मुस्कान मिलेगी। यह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के



शोधकर्ताओं के रहते हो पाया है। इस फंगस का असर कोविड-19 के मरीजों के साथ-साथ अत्यंत गंभीर मधुमेह, एचआइवी-एड्स और अन्य बीमारियों के मरीजों में देखी गई है। अब तक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 50 रोगियों के चेहरे सही हो चुके हैं।

### भारत में आए थे 60 हजार मामले

संस्थान ने चेन्नई के डेंटल सर्जनों के स्टार्ट-अप 'जोरियोएक्स इनोवेशन लैब्स' के साथ मिल कर यह पहल की है। इसका आधार मेटल 3डी प्रिंटिंग या एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग है। भारत में 'ब्लैक फंगस' रोग का प्रकोप एक बड़ी चिंता बनी हुई है। इस बीमारी को 'म्यूकोर्मिकोसिस' कहते हैं। इसके सबसे गंभीर खतरों में एक चेहरे का खराब होना है। इससे मरीज को गंभीर मानसिक और भावनात्मक आघात लगता है। ऐसे में 'ब्लैक ▶▶ शेष पेज 4 पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष, जिला प्रभारी और प्रदेश पदाधिकारियों की बड़ी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई नेताओं का गुस्सा फूट पड़ा।

उन्होंने भाजपा की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा ने पहली बार के विधायक को सीएम बना दिया। हम भाजपा से नहीं कांग्रेस के कारण हारे हैं। क्योंकि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह के सामने फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा

# नेता बोले : हम भाजपा नहीं कांग्रेस से हारे, जिनको टिकट नहीं मिला उन्होंने डबल ताकत से 'हमें' हराया

शिकायतों के बाद कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी को किया गया भंग... जल्द बनेंगे नए पदाधिकारी, वरिष्ठ नेताओं को लड़ाया जाएगा लोकसभा चुनाव



*बोले पीसीसी चीफ जीतू...*

### 'मैं नहीं हम' को सर्वोपरि मानकर एकजुटता से काम करेंगे

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकारों से कहा कि वर्तमान दौर संघर्ष और चुनौती भरा है, लेकिन असंभव कुछ नहीं है। हम समर्पण भाव से 'मैं नहीं हम' को सर्वोपरि मानकर एकजुटता के साथ काम करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने कहा कि कांग्रेस ने गुटबाजी के कारण विधानसभा चुनाव हारा। भूरिया ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को लड़ाने की पैरवी करते हुए कहा कि पार्टी को सही दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है।

### 'जमीन' की तरफ लौटी कांग्रेस

लंबे समय के बाद कांग्रेस में बैठक का अलग अंदाज दिखाई दिया। कुर्सी का मोह छोड़कर सभी नेताओं ने जमीन पर गद्दे पर बैठक की। जिला अध्यक्ष और प्रभारी के लिए भी कुर्सी की जगह गद्दे लगवाए गए थे। दशकों बाद कांग्रेस ने जमीन से कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए ऐसा प्रयोग किया है।

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज किया केस

शादी समारोह में शामिल होने शुजालपुर गया था परिवार

# खजूरी सड़क क्षेत्र में ठेकेदार के सूने मकान से जेवरात और बाइक चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



खजूरी सड़क इलाके में रहने वाले एक ठेकेदार के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर जेवरात और पोर्च में खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक राहुल मालवीय (30) महाकाल कॉलोनी बैरागढ़ कला थाना खजूरी सड़क में रहते हैं और मकान बनाने की ठेकेदारी करते हैं। 20 दिसंबर को घर पर ताला लगाकर शादी समारोह में शामिल होने शुजालपुर चले गए थे। सोमवार को पड़ोसी ने फोन करके दरवाजा खुला होने की जानकारी दी। राहुल घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला अंदर का पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर गोदरेज की अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और बरामदे में खड़ी होंडा साइन बाइक गायब थी। बदमाश जेवरात और बाइक चोरी कर ले जा चुके थे।

## स्कार्पियो का कांच तोड़कर 40 हजार की नगदी समेत हजारों का सामान चोरी

**भोपाल।** राजधानी के टीटी नगर और गोविंदपुरा दहशरा मैदान में चल रहे मेलों के आसपास बड़ी संख्या में चोर और बदमाश घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। टीटी नगर स्थित दशहरा मैदाने के बाहर पार्किंग में खड़ी एक स्कार्पियो का कांच तोड़कर चोर 40 हजार रुपए नगदी समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पार्किंग कर्मचारियों से भी घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक रमाकांत दुबे (40) रेलवे स्टेशन के पास बीना जिला सागर में रहते हैं और बीना रिफाइनरी में असिस्टेंट एक्जीक्यूटिव के पद पर पदस्थ हैं। पिछले दिनों वह ओल्ड सुभाष नगर स्थित अपनी ससुराल आए थे। 25 दिसंबर को रमाकांत अपनी पत्नी और बच्चों के साथ टीटी नगर दशहरा मैदान स्थित मेला देखने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी स्कार्पियो कार मेला ग्राउंड के गेट क्रमांक-1 के सामने स्थित पार्किंग में खड़ी की और रसीद कटवाने के बाद मेले के अंदर चले गए। करीब डेढ़ घंटे बाद परिवार के साथ बाहर निकले तो स्कार्पियो का पिछले कांच टूटा मिला और अंदर रखा उनका और उनकी पत्नी के बैग गायब थे। दोनों के बैग में कुल 40 हजार रुपए नकद, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, गाड़ी के पेपर समेत अन्य सामान रखा हुआ था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

एमपी की सीमा को पार कर राजस्थान के केलवाड़ा इलाके में गया था

# कूनो नेशनल पार्क से भागा नर चीता 'अग्नि' ट्रेंकुलाइज कर वापस नेशनल पार्क लाई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में तीन माह बाद दो नर चीतों को बड़े बाड़े से 17 तारीख कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में छोड़ा था, जिसमें से एक नर चीता अग्नि कूनो नेशनल पार्क की सीमा को लांघकर आवदा क्षेत्र के रिहायसी इलाको में घूमता हुआ राजस्थान के केलवाड़ा इलाके में प्रवेश कर गया था। फरार अग्नि चीता को कूनो नेशनल पार्क की टीम ने पकड़कर कूनो लाई है।

कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ थिरुकुरल आर ने बताया कि चीता अग्नि शाम को एमपी की सीमा को पार कर राजस्थान के केलवाड़ा इलाके के जंगल में पहुंच गया था। उसे वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज कर लिया है। उसे पिंजरे में बंद कर के वापस कूनो नेशनल पार्क लाया गया है। इसके पहले भी पवन चीता कूनो नेशनल पार्क से निकलकर रिहायसी इलाकों में होते हुए पोहरी और शिवपुरी के जंगल में जा पहुंचा था, जिसको तीन बार ट्रेंकुलाइज कर कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में लाया गया था। वहीं मादा चीता गामिनी भी कई दिन तक कूनो नेशनल पार्क की सीमा से बाहर रही थी बाद में वह अपने आप कूनो नेशनल पार्क की सीमा में आ जाती थी।

### फिर सीमा से बाहर नहीं जाए इसलिए शुरू हुई निगरानी

कूनो नेशनल पार्क प्रबंधन ने अग्नि और वायु चीते को एक साथ पार्क के अहेरा गेट क्षेत्र जोन में छोड़ा था। यह दोनों चीते हमेशा एक साथ ही रहते हैं, लेकिन अग्नि ने वायु का साथ छोड़ा और वह बीते शुक्रवार, गुरुवार रात से कूनो पार्क की सीमा से बाहर निकल गया था। चीता को ट्रेंकुलाइज कर फूलों के जंगल में लाया गया है और उसकी निगरानी के लिए वन विभाग की टीम तैनात की गई है साथ ही फिर से कहीं बाहर न हो जाए इसके लिए उसे पर नजर रखी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### श्री दशनाम गोस्वामी समाज ने मनाया भगवान दत्तात्रेय जन्मोत्सव

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में मंगलवार को श्री दशनाम गोस्वामी समाज ने पचपन सीढ़ी हनुमान मंदिर प्रांगण में गुरु दत्तात्रेय जयंती मनाई। मंडीदीप के अध्यक्ष अवध पूरी गोस्वामी ने बताया कि हिंदू धर्म में त्रिदेव ब्रह्मा विष्णु और महेश की प्रचलित विचारधारा को विलय के लिए ही भगवान दत्तात्रेय जी ने जन्म लिया था। मंगलवार को कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चार संग दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना कर की गई। इसके बाद श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया पुलिस ने युवती की शिकायत पर पीलूखेड़ी, नरसिंहगढ़ के युवक पर बलात्कार का मामला दर्ज किया है। उस पर आरोप है कि उसने नौकरी का झांसा देकर युवती के द्वारिका नगर स्थित किराए के कमरे में दुष्कर्म किया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 20 साल की युवती मूलतः सागर जिले की रहने वाली है। वह नौकरी की तलाश में भोपाल आई थी। युवती की मोबाइल पर पीलूखेड़ी, नरसिंहगढ़ निवासी भैयालाल मीणा से दोस्ती हो गई। भैयालाल ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा दिया और गत 6 दिसंबर को उससे मिलने उसके कमरे पर द्वारिका नगर, स्टेशन बजरिया पहुंचा। वहां उससे दुष्कर्म किया।

### एंडिगो एवरेज की बेंगलुरु सहित कई उड़ानें लेट आई

**संतनगर।** राजा भोज एयरपोर्ट पर उड़ानों को लेट आना मंगलवार को भी जारी रहा। सेक्टर ऑप्रेशन के कारण कई उड़ाने लेट आ रही हैं। मंगलवार को इंडिगो एयरवेज की बेंगलुरु उड़ान करीब ढाई घंटा देरी से तो इलाहाबाद उड़ान भी करीब डेढ़ घंटा देरी से आई। वहीं आगरा से आने वाली जयपुर की ओर जाने वाली उड़ान भी करीब डेढ़ घंटा देरी से भोपाल पहुंची। इसी तरह ईवनिंग मुंबई उड़ान भी करीब 1 घंटा देरी से भोपाल आई। उड़ान लेट होने के कारण यात्री परेशान हो रहे हैं। उड़ाने लेट होने का कारण संबंधित अधिकारी सेक्टर ऑप्रेशन बता रहे हैं। वहीं भोपाल से जाने वाली उड़ान भी करीब डेढ़ घंटा देरी से भोपाल पहुंची।

### बाबूजी की पुण्यतिथि पर शांति विधान

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में आरएनजी ग्रुप के सरंक्षक व कर्मयोगी नेमीचन्द्र जैन बाबूजी की चतुर्थी पुण्यतिथि के अवसर पर पटेल नगर श्री महावीर नाथ दिगंबर जैन मंदिर में शांति विधान का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल से पधारे जयदीप भैया जी के सानिध्य में विनोद जैन आरएनजी द्वारा शांति धारा की गई। इसके पश्चात आरएनजी परिवार द्वारा शांति विधान का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान के अर्घ को चढ़कर बाबू जी की आत्मा शांति की कामना की गई । इस दौरान जिनेन्द्र भगवान की आराधना भी की गई।

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बंगाली मोहल्ला का मामला

# रंजिश में पड़ोसियों ने घर में घुसकर ड्राइवर पर किया चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर

- पुलिस हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी
- सुनीता और पड़ोसियों के बीच चल रहा था पुराना विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बंगाली मोहल्ला में पुरानी रंजिश पर एक परिवार के तीन सदस्यों ने पड़ोसी के घर में घुसकर ड्राइवर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू लगने से ड्राइवर को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार संगीता राय पति सुनील राय (32) बंगाली मोहल्ला शाहपुरा में रहती हैं। वह गृहणी है, जबकि पति सुनील राय ड्राइवरी करता है। संगीता ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोस में कार्तिक, सुनील और रमेश बुनकर रहते है। सुनीता और पड़ोसियों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। गत 23 दिसंबर को भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। आसपास के अन्य लोगों के हस्तक्षेप के बाद विवाद शांत हो गया। सुनीता का कहना है कि 24 दिसंबर की रात पड़ोसी उनके घर में घुस आए और पति सुनील राय के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से सुनील को गंभीर चोट आई है। पत्नी अस्पताल लेकर पहुंची वहां पति का इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए हैं।

## चार दिन से लापता युवक की बड़े तालाब में मिली लाश

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड के बागो-बहार गार्डन के पास बड़े तालाब में चार दिन से लापता युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक ने तालाब में कूदकर आत्महत्या की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब दो बजे सूचना मिली कि वीआईपी रोड स्थित बागो-बहार गार्डन के पीछे बड़े तालाब में एक युवक का शव पानी में उतरा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसआई शोभाराम वर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान बरेला गांव कोहेफिजा निवासी रणजीत विश्वकर्मा पुत्र तुलसीराम (45) के रूप में की गई। वह विगत 22 दिसंबर से घर से लापता था। वह काम पर जाने का कहकर घर से निकला था। उसके बाद लौटा नहीं। परिजनों ने खोजबीन करने के बाद उसकी गुमशुदगी कोहेफिजा थाने में करा दी थी। पुलिस का कहना है कि रणजीत सिंह मेहनत-मजदूरी करता था। वह शराब पीने का आदी भी था। परिवार में पत्नी और एक बेटा है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला प्लबंर का शव

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बवाड़िया रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक में प्लबंर का क्षत-विक्षत शव मिला है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। वह सोमवार सुबह करीब छह बजे घर से काम करने का पैसा लेने की बात कहकर निकला था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, बागमुगालिया नई बस्ती निवासी 22 वर्षीय कैलाश जाटव प्लंबर था। सोमवार सुबह छह बजे वह घरवालों को बताया कि उसने कई लोगों के घरों में काम किया है। इसका वह पैसा लेने जा रहा है। सुबह करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली कि बावड़िया रेलवे फाटक के पास ट्रैक में अज्ञात युवक का शव पड़ा है। पुलिस हादसा और आत्महत्या दोनों ही पहलुओं पर जांच कर रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, शराब पीने का था आदी

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गल्ला मार्केट जहांगीराबाद में सोमवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था और विवाद होता रहता था। शराब पीने की लत के कारण उसकी पत्नी बच्चे को लेकर अपने मायके चली गई थी। एएसआई रामसजीवन वर्मा ने बताया कि अनिमेश मेहता पिता राजेंद्र मेहता (36) मकान नंबर 67, गल्ला मार्केट जहांगीराबाद में रहता था। उसके पिता राजेंद्र मेहता स्वतंत्र पत्रकार है। राजेंद्र मेहता ने बताया कि उनका बेटा अनिमेश, फिल्म निर्मात प्रकाश झा की फिल्मों में जूनियर आर्टिस्ट मुहैया कराता था और कुछ दिन से यू ट्यूब चेनल के लिए काम कर रहा था। अनिमेश शराब पीने का आदी हो गया था और दिन रात शराब के नशे में डूबा रहता था। शराब की लत के कारण पत्नी परेशान हो गई थी। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर पत्नी बेटे को लेकर अपने मौसा मौसी के पास चली गई।

# एनसीसी निदेशालय मप्र-छग के कार्यालय का उद्घाटन

**भोपाल।** राजधानी के बिट्टन मार्केट में करीब 47 साल से किराए के भवन में संचालित हो रहे एनसीसी निदेशालय मप्र-छग को अब स्वयं का भवन मिल गया है। सुल्तानिया इन्फेंट्री लाइन्स में एनसीसी निदेशालय मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के नवीनीकृत कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को लेफ्टिनेंट जनरल विपुल शिंघल, एसएम, जीओसी, सुदर्शन चक्र कॉर्पस द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैन्य गणमान्य व्यक्तियों, निदेशालय के सिविलियन कर्मचारियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित रहे।



# पटवा को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलने से कार्यकर्ताओं और लाड़ली बहनों में भारी निराशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मतदाता और भोजपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं में उम्मीद थी कि पिछले चार विधानसभा चुनाव में लगातार जीते और कांग्रेस के पूर्व दबंग विधायक राजेश पटेल को हराया 40,779 मतों से हराने के बाद साफ सुथरी छवि वाले भोजपुर के बेटे विधायक सुरेंद्र पटवा को मंत्रिमंडल में अवश्य स्थान मिलेगा, मगर ऐसा नहीं हो सका, जिससे समर्थकों को भारी निराशा है।

जीतू नंदवंशी, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के साथी खूबी लाल परमार, 8 वर्ष पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहन पटेल मेंदुआ, सुरजीत सिंह गिल, कन्हैया नंदवंशी, विद्या अग्रवाल, डॉक्टर कैलाश विनय, नीरज चावला, रामकिशोर नंदवंशी, तेज सिंह नागर, मुनव्वर पटेल, पवन गिरी गोस्वामी महंत, राजेश दीक्षित ने बताया कि भाजपा के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा के उत्तराधिकारी सुरेंद्र पटवा को मंत्री बनाना था, क्योंकि पटवा का तप, त्याग को देखते हुए पूरे भोजपुर परिवार ने समर्पित होकर भाजपा को मध्य प्रदेश में स्थापित करने में पूरी ताकत लगाई है। विधायक सुरेंद्र पटवा ने बाड़ी, औबेदुल्लागंज, सुल्तानपुर, मंडीदीप, गौहरगंज में अस्पताल भवन का निर्माण कराया, ओवर ब्रिज, जबलपुर तक सिक्स लेन सड़क बनवाया, कोरोना काल में गांव-गांव घूम कर लोगों को जागरुक करते रहे। इसके बावजूद मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलने से कार्यकर्ताओं, महिलाओं और लाड़ली बहनों में भारी निराशा है।

आए दिन होती हैं सड़क दुर्घटनाएं, लंबे समय से थी मांग

# बीआरटीएस हटाने पर बनी सहमति से संतनगर की खत्म होगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ की बैठक में भोपाल की बीआरटीएस को चरणबद्ध तरीके से हटाने के निर्णय से संतनगर के रहवासियों ने राहत की सांस ली है।

संत नगर से बीआरटीएस हटाकर सिंगल डिवाइडर बनाने की मांग पिछले काफी समय से की जा रही है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं देता था, जिसके कारण बीआरटीएस कॉरिडोर में आए दिन बड़ी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है और अभी तक कई लोगों की सड़क दुर्घटना में जान चली गई है, लेकिन मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा बीआरटीएस को लेकर हुई कैबिनेट की बैठक में हुई चर्चा के बाद चरणबद्ध तरीके से हटाने पर सहमति दी है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भोपाल के जनप्रतिनिधियों ने भी सहमति दी है। बैठक में क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा भी मौजूद थे। नर्मदापुरम रोड और संत नगर में प्रस्तावित ऐलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाता है तो बीआरटीएस को हटाना पड़ेगा। विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल के डेवलपमेंट को लेकर बुलाई थी, बैठक के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

### डीईओ कार्यालय में एक ही शौचालय महिला स्टाफ परेशान

**भोपाल।** राजधानी के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में महिला स्टाफ मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की अधिकारी व कर्मचारी महिलाएं कई बार इसकी शिकायत कर चुकी हैं। इसके बावजूद इसके इस कार्यालय को सर्वसुविधायुक्त पूरा नहीं किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय (डीइओ) का भवन तोड़कर नवीन निर्माण किया जा रहा है। नवीन निर्माण में करीब दो साल का समय लगेगा। डीइओ कार्यालय को बगल वाली बिल्डिंग शिक्षक सदन में शिफ्ट किया गया है। शिक्षक सदन में एक ही शौचालय है। जिस पर पुरुष कर्मचारियों कब्जा है, जबकि विभाग में 50 फीसद महिलाएं है।

## पार्क के झूले में रावण और कुंभकरण के पुतला दहन पर डेढ़ महीने बाद मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित हेवंश लाइफ सिटी कॉलोनी में पार्क के झूले में रावण दहन करने से बच्चों के लिए लगाए गए झूले जल गए। उक्त मामले में कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच के बाद तीन लोगों पर आगजनी का मामला दर्ज किया है।

एएसआई राघवेंद्र सिंह ने बताया कि आरती राजा दुबे पति राजा दुबे, हेवंश लाइफ सिटी कटारा हिल्स में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया था कि दशहरा के दिन कॉलोनी में रहने वाले अमित मंडलोई, रामगोपाल और नवजीत ने अपने अन्य परिचितों के साथ रावण और कुंभकरण के पुतले का दहन कॉलोनी के पार्क में बच्चों के लिए लगाए गए झूले में कर दिया। जिसके कारण झूला जल गया। झूले जलने से कॉलोनी की सार्वजनिक संपत्ती को नुकसान हुआ था। उन्हें झूले ठीक कराने का कहा गया, लेकिन उन्होंने झूले ठीक नहीं कराए। आवेदन जांच के

### 'तमस सा छाया घना है' और 'गुलाब का गुलाब' लोकार्पित



**भोपाल।** गीत की स्वीकार्यता सदैव रहेगी। कांति जी के गीत लोगों की पीड़ा के साथ सांस्कृतिक राष्ट्रीयता के बोध को लेकर रचे गए हैं। यह उद्गार मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी निदेशक डॉ. विकास दवे ने व्यक्त किए। मंगलवार को हिन्दी भवन में वरिष्ठ साहित्यकार कांति शुक्ला के गीत संग्रह 'तमस सा छाया घना है' व काव्य संग्रह 'गुलाब का गुलाब' का लोकार्पण हुआ। इस मौके पर उर्दू अकादमी निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी भी मौजूद रहीं।



### खलघाट में बेकाबू ट्रॉला डिवाइडर से टकराकर ट्रक में जा घुसा, ड्राइवर की मौत

**भोपाल।** खलघाट के पास तेज रफ्तार ट्रॉला डिवाइडर से कूदकर दूसरी ओर की सड़क से जा रहे ट्रक में जा घुसा। इस हादसे में एक ड्राइवर की मौत हो गई है। इसी इलाके में आधे घंटे बाद ही एक और ट्रॉले न दो कारों को अपनी चपेट में लिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार इंदौर- खलघाट एबी रोड के गणपती घाट पर मंगलवार शाम साढ़े चार बजे ट्रॉले ने डिवाइडर कुद कर घाट चढ़ रहे ट्रक को टक्कर मार दी, जिसमें ड्राइवर की मौत हो गई है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम आशापुरी पहुंची

# आज अंतिम पंक्ति में बैठा हुआ व्यक्ति प्रथम पंक्ति में पहुंच रहा है, यही प्रधानमंत्री की गारंटी है : पटवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम आशापुरी में पहुंची। यात्रा में पहुंचे क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री की दूर दृष्टि का ही परिणाम है कि अंतिम पंक्ति का व्यक्ति भी प्रथम पंक्ति में पहुंच रहा है। एक जमाना था जब केंद्र से निकलने वाला पैसा अंतिम व्यक्ति तक नगन्य अवस्था में पहुंचता था, लेकिन आज सुशासन के दिशा में बेहतर काम हुआ है।

मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबी को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। चाहे संबल योजना हो, लाडली बहन योजना हो, लाड़ली लक्ष्मी योजना, उज्ज्वला योजना या केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई गई कई ऐसी योजना हैं जो मध्य प्रदेश को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी



बना रही हैं। पटवा ने कहा कि भोजपुर के विकास को लेकर भी हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भोजपुर पूरे मध्य प्रदेश में एक अलग पहचान बनाएगा ऐसा कार्य करेंगे। यात्रा के दौरान सरकारी विभाग के आधिकारी-कर्मचारी एवं जन सेवा मित्र, जन अभियान परिषद कन्हैया नंदवंशी, भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, प्रीति चौकसे, ओम प्रकाश मीना, पवन गिरी, सर्वेश गौर, राम किशोर नंदवंशी, पुरषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया, जीतू नंदवंशी, सोनू चौकसे, रविंद्र विजय आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### विधायक पटवा ने गुरुद्वारा पहुंच कर टेका माथा



**औबेदुल्लागंज।** उमरिया गुरुद्वारा में विधायक सुरेंद्र पटवा श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी के चार साहिबजादे बाबा अजीत सिंह जी, बाबा फतेह सिंह जी, बाबा जुझार सिंह जी, बाबा जोरावर सिंह जी एवं माता गुर्जर कौर जी को श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए गुरुद्वारे में माथा टेका। गुरुद्वारा प्रबंधक ने साल भेंट कर धन्यवाद दिया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह गिल, सुरजीत सिंह गिल, राजेंद्र सिंह गिल, पवन खालसा, हरजीत सिंह काके, हरजीत सिंह मंगू, जसविंदर सिंह और रंजीत सिंह, जसपाल सिंह, कन्हैया नंदवंशी, पंकज कोठारी, ओपी मीना, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया, जीतू नंदवंशी, सोनू चौकसे और रविंद्र विजय उपस्थित थे।

भगवान संभवनाथ का तप कल्याणक महोत्सव

## अष्ट द्रव्यों से भगवान संभवनाथ की श्रद्धा-भक्ति से की पूजा-अर्चना



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में जैन समाज द्वारा ब्रह्मचारी अमित भैया जी के सानिध्य में मंगलवार को जैन धर्म के तृतीय तीर्थंकर भगवान संभवनाथ का तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन व सचिव अभिनेष जैन ने बताया कि महावीर कॉलोनी स्थित जैन मंदिर में सुबह जिनेंद्र भक्तों द्वारा मांगलिक क्रियाओं के साथ पारस जैन मोनू द्वारा जिनाभिषेक व शांतिधारा की गई। इसके बाद अष्ट द्रव्यों से भगवान संभवनाथ की श्रद्धा-भक्ति पूर्वक पूजन की गई और तप कल्याणक का अर्घ्य समर्पित किया।

2 एनसीसी निदेशालय मप्र-छग के कार्यालय का उद्‌घाटन...



8 ऐसा कार्य हो, जिसकी प्रदेश के विकास व कानून व्यवस्था के क्षेत्र...





हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
सामान्य कूपन
27 दिसंबर 2023
कूपन नं. 16

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 20 जनवरी से परीक्षा

**भोपाल।** राजधानी के रातीबड़ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 20 जनवरी को भोपाल जिले के 10 केंद्रों पर होगी। परीक्षा के प्रवेश-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध है। प्रवेश-पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो टेलिफोन नंबर 0755-2896325 एवं मोबाइल नंबर 95843-59571 पर संपर्क किया जा सकता है।

### विशिष्ट आवासीय स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन 8 जनवरी तक

**भोपाल।** जनजातीय कार्य विभाग के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। आवेदन की अंतिम तारीख 8 जनवरी (शाम 5 बजे तक) है। परीक्षा प्रवेश-पत्र 29 जनवरी को सुबह 10 बजे से ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा 11 फरवरी को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी।

### रामगंज मंडी के लिए भोपाल के पांच गांवों की जमीन होगी ट्रांसफर

**भोपाल।** रामगंज मंडी से भोपाल तक की नई रेल लाइन के काम की रुकावटों को दूर किया जा रहा है। जिसके लिए सीहोर, राजगढ़ और भोपाल में जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। मंगलवार को संभाग कमिश्नर पवन शर्मा ने तीनों जिलों के कलेक्टर्स से वीडियो कांफ्रेंस में समीक्षा की।
बैठक में भोपाल एडीएम हरेंद्र नारायण ने बताया कि मुगालिया हाट, दौलतपुर, टिकरिया, मीरपुर वीरान और झिरनिया में धारा 23 की कार्रवाई जारी है। जबकि बरखेड़ा बोंदर में धारा 19 की कार्रवाई शेष है। उन्होंने सरकारी जमीन को रेलवे के लिए हस्तांतरण का प्रकरण पेश करने के लिए भी कहा है। रेलवे लाइन निर्माण में निशातपुरा के अतिक्रमण हटाने पर भी रेलवे को प्रस्ताव जिला प्रशासन के समक्ष पेश करने के लिए कहा है।

वेतन और पीएफ समेत अन्य मांगों को लेकर ड्राइवर-कंडक्टर्स हड़ताल पर बैठे

# राजधानी में 10 रूट पर नहीं चली 149 सिटी बसें, कई यात्रियों को पैदल 'नापना' पड़ा रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को 10 रूट की 149 सिटी बसें बंद होने से यात्री दिनभर परेशान होते रहे। मा एसोसिएट्स और चलो एप के ड्राइवर-कंडक्टरों की हड़ताल के कारण डिपो से ही बसें नहीं निकल पाईं। इससे कई लोगों को ई-रिक्शे या दूसरी सुविधाओं का सहारा लेना पड़ा। कई यात्रियों को पैदल अपने गंतव्य जाना पड़ा।

सबसे ज्यादा परेशानी उन कर्मचारियों और लोगों को हुई, जो मंथली पास बनवा कर इन बसों से सफर करते हैं। जबकि ड्राइवर-कंडक्टरों के अनुसार, सभी ऑपरेटर्स नुकसान का बहाना बना कर उनकी मांग पूरी नहीं कर रहे हैं और समय पर वेतन भी नहीं मिल रहा है। पीएफ भी नहीं काटा जा रहा है।

*तीन ऑपरेटर्स में से एक मा एसोसिएट्स व चलो एप की बसें प्रदर्शनकारियों ने डिपो से बाहर नहीं निकलने दी*

**खास बातें**

- ड्राइवर-कंडक्टरों की शाम 4 बजे हुई हड़ताल खत्म, आज से चलने लगेंगी बसें
- पहले से ही बंद हैं मंडीदीप, बिलखिरिया, सूखी सेवनिया और ननि सीमा से बाहर जाने वाली बसें





**दिनभर मनाते रहे अधिकारी**

बसें नहीं चलाने के मुद्दे को लेकर बीसीएलएल के अधिकारी इस मामले को निपटाने के लिए ड्राइवर-कंडक्टर से बात करते रहे। इसके बाद वह शाम को करीब 4 बजे हड़ताल खत्म करने के लिए तैयार हुए।

**डिपो में ही हड़ताल पर बैठे रहे ड्राइवर-कंडक्टर**

भोपाल सिटीयान चालक परिचालक ट्रेड यूनियर इंटक के बैनर तले सभी ड्राइवर और कंडक्टर डिपो में ही धरने पर बैठे रहे। धरना शाम 4 बजे तक चला और इसके बाद हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। ड्राइवर-कंडक्टरों का कहना है कि बुधवार को बसें निकालेंगे।

**ऑपरेटर्स नहीं दे रहे मांगों पर ध्यान**

ड्राइवर-कंडक्टर के अनुसार उनकी कई मांगें हैं और काफी समय से चर्चा चल भी रही थी, लेकिन ऑपरेटर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस कारण मजबूरी में उन्हें हड़ताल पर जाना पड़ा। ड्यूटी टाइमिंग, सैलरी, पीएफ जैसी कई मांगों को लेकर ड्राइवर-कंडक्टर ने बाग सेवनिया स्थित डिपो से बसें नहीं निकाली।
उनके हड़ताल पर जाने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई। बैरागढ़ चिचली, करोंद, अयोध्या नगर, भौंरी, कोकता, लालघाटी, चिरायु हॉस्पिटल, मिसरोद, एयरपोर्ट, गांधीनगर समेत कई जगहों पर यात्री सिटी बसों का इंतजार करते रहे।

कोलार क्षेत्र की आईबीडी कॉलोनी का मामला

# 10वीं के छात्र ने सीने पर खुद को मारी गोली, मौत

**दो बड़े सवाल**

- पहला: छात्र के पास बंदूक कहां से आई
- दूसरा: छात्र ने आत्महत्या क्यों की ?



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार स्थित आईबीडी कॉलोनी में रहने वाले 10वीं के छात्र ने खुद को सीने पर गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम करीब 6.30 बजे की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, कोलार क्षेत्र की आईबीडी कॉलोनी में रहने वाले 10वीं के छात्र अंश अरजरिया पिता प्रदीप अरजरिया ने खुद को घर में बंद कर रखा था। जब माता-पिता घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर प्रयास के बाद पड़ोसियों की मदद से दरवाजे को तोड़ा गया। अंदर जाकर देखने पर अंश मृत पड़ा था। उसके सीने में गोली लगी थी। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान और पीएम रिपोर्ट के के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

**छात्र के मोबाइल को किया जब्त**

हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि छात्र के पास बंदूक कहां से आई। पुलिस ने बताया कि परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। इसके अलावा फॉरेंसिक की टीम को भी भेजा गया है। छात्र के मोबाइल फोन को भी जब्त किया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि युवक ने सीने से सटाकर खुद को गोली मारी है। जिसकी वजह से मौके पर ही दम तोड़ दिया है।

# कोरोना की दहशत: 104 कॉल सेंटर पर पूछ रहे, मुझे कोरोना तो नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुझे पांच दिन से ठंड लगकर बुखार आ रहा है। सर्दी-खांसी के साथ मुझे सांस लेने में भी दिक्कत है। कहीं मुझे कोरोना तो नहीं है। राजधानी में कोरोना के नए वैरियंट की दस्तक देने के बाद जय अंबे एंबुलेंस सर्विसेज की 104 कॉलसेंटर पर हर दिन ऐसे 60 कॉल आ रहे हैं। मरीज कॉल सेंटर पर वायरल, सर्दी जुकाम या डेंगू जैसे मामलों की जानकारी ले रहे हैं।

यह आंकड़ा 104 कॉल सेंटर की मासिक रिपोर्ट से सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना के नए वैरियंट के बाद कॉल सेंटर पर कॉल करने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई है। मालूम हो कि मौसम में चल रहे उतार-चढ़ाव के चलते मौसमी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। जेपी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश श्रीवास्तव के मुताबिक अस्पताल में सुबह-शाम ओपीडी में लगभग 2500 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें ज्यादातर लोग मौसमी सर्दी-खांसी से पीड़ित हैं। मौसम में उतार-चढ़ाव हो रहा है। इसके असर से सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज बढ़े हैं। इस बार कोरोना के सामान्य बुखार में भी लोग सीधे अस्पताल पहुंच रहे हैं।

◆ कोरोना के नए वैरिएंट के बाद 104 कॉल सेंटर पर रोजाना आ रहे 60 कॉल



**मरीजों को सलाह दी जाती है...**

कोरोना के नए वैरियंट की दस्तक के बाद 104 कॉल सेंटर पर कॉल बढ़ गए है। 104 कॉल सेंटर पर उपलब्ध चिकित्सकों की टीम मरीज को बेहतर सलाह देकर उन्हें ट्रीटमेंट भी बताती है।

**तरुण सिंह परिहार,** सीनियर मैनेजर
जय अंबे एंबुलेंस सर्विसेज

सीबीआई ने किया दर्ज मामला

# अरोरा ज्वेलर्स के डायरेक्टर्स के खिलाफ 6.11 करोड़ रु. की ठगी पर एफआईआर

*गारंटर सतीश अरोरा व सरकारी, निजी कर्मचारियों को मामले में बनाया आरोपी*

*8 करोड़ 22 लाख का वैल्यूएशन, बैंक की रिकवरी से पहले माल किया गायब*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 10 नंबर मार्केट स्थित अरोरा ज्वैलर्स के डायरेक्टर्स के खिलाफ 6.11 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सीबीआई ने दर्ज किया है। अरोरा ज्वैलर्स संचालक विजय लक्ष्मी अरोरा, गारंटर सतीश अरोरा व अज्ञात सरकारी व निजी कर्मचारियों को मामले में आरोपी बनाया गया है।

ज्वैलर्स और डायरेक्टर्स के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का मामला बैंक के अधिकारियों की शिकायत के आधार पर दर्ज किया है।

सीबीआई के मुताबिक, 10 नंबर मार्केट स्थित अरोरा ज्वैलर्स संचालक विजय लक्ष्मी अरोरा पत्नी सतीश अरोरा ने बैंकों के अधिकारी और निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर बैंक द्वारा दी गई क्रेडिट लिमिट का दुरुपयोग करते हुए 6.11 करोड़ रुपए के फंड की हेराफेरी की। वर्ष 2013 में अरोरा ज्वैलर्स संचालक विजय लक्ष्मी अरोरा ने अवधपुरी स्थित बैंक ऑफ इंडिया से बिजनेस (फ्रेंचाइजी - सेनको गोल्ड) को बढ़ाने के लिए 6 करोड़ रुपए की क्रेडिट लिमिट की डिमांड की थी। बैंक के तत्कालीन अफसरों ने दस्तावेजी जांच के बाद 19 जून 2013 को 6 करोड़ रुपए की कैश क्रेडिट लिमिट स्वीकृत की थी।

इस कैश क्रेडिट के लिए अरोरा ज्वैलर्स संचालक विजय लक्ष्मी अरोरा ने अवधपुरी के दो प्लॉट और खजूरी कलां गांव की डायवर्टिड 2020 वर्गफीट जमीन को बैंक में गारंटी के रूप में मार्डगेज किया था। गिरवी रखे गए प्लॉट में एक प्लॉट विजय लक्ष्मी अरोरा के पति सतीश अरोरा का था।

**रिकवरी में बैंक को मिला सिर्फ 20 लाख का सामान**

बैंक ऑफ इंडिया ने क्रेडिट फेसिलिटी के तहत सितंबर 2018 में ज्वैलरी शोरूम का रिकवरी ऑडिट किया। इस ऑडिट के दौरान ज्वैलरी शोरूम में 822.11 लाख (8 करोड़ 22 लाख 11 हजार) रुपए का सामान का स्टॉक मिला। लोन की रिकवरी नहीं होने से जब जनवरी 2019 में बैंक ने शोरूम के स्टेटमेंट में महज 20 लाख रूपए का सामान ही मिला। सीबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक अरोरा ज्वैलर्स संचालक विजय लक्ष्मी अरोरा ने 10 नंबर मार्केट स्थित अरोरा ज्वैलर्स के शोरूम को अचानक बंद कर दिया। ज्वैलरी शोरूम वाली दुकान में साड़ी और कपड़ों की दुकान शुरू कर दी।

**पहले 32 लाख में प्लॉट को बेचा, फिर बैंक में रखा गिरवी**

अरोरा ज्वैलर्स संचालक विजय लक्ष्मी अरोरा पर आरोप है कि उन्होंने बैंक से कैश क्रेडिट लिमिट लेने के लिए पति सतीश अरोरा के अवधपुरी स्थित प्लॉट नंबर अ - 44 मार्डगेज किया था। बैंक में जमा दस्तावेजों में सतीश अरोरा को गारंटर बताया गया था। लेकिन, सतीश अरोरा ने बैंक में मार्डगेज हुए प्लॉट को 34.12 लाख रूपए में बेच दिया। ज्वैलरी शोरूम संचालक विजय लक्ष्मी अरोरा और उनके पति सतीश अरोरा ने ऐसा साजिश के तहत किया।

नशे और तेज रफ्तार का कहर

# वर्ष 2023 में सड़क हादसों में 182 लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अगर आप शराब पीकर तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं तो सावधान हो जाएं, क्योंकि वर्ष 2023 में 71 प्रतिशत मौतें शराब के नशे में वाहन चलाने या फिर तेज रफ्तार वाहन चलाने से हुई है।

- यातायात पुलिस की 2023 की एक्सीडेंटल रिपोर्ट में खुलासा
- एक साल में 2 हजार 716 सड़क दुर्घटनाएं

यह खुलासा यातायात पुलिस की 2023 की एक्सीडेंटल रिपोर्ट में हुआ है। जिसमें नशे में वाहन और तेज रफ्तार वाहन चलाने से 182 लोगों ने जान गंवा दी। वर्ष 2023 में नवंबर तक दो हजार 716 सड़क दुर्घटनाएं हुई। जिसमें 182 लोगों की मौत, एक हजार 936 लोग घायल हुए। वहीं, पांच हजार 771 हादसों में एक हजार 66 लोग घायल हुए।

**तेज वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर रहे**

तेज गति से वाहन चलाने वालों पर नियंत्रण के लिए इंटरसेप्टर व्हीकल सभी जिलों को दिए गए हैं। इनके माध्यम से तय सीमा से तेज वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है। हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं बांधने वालों पर भी अर्थदंड लगाया जा रहा है। वहीं यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है।

**पद्मविलोचन शुक्ला**
यातायात डीसीपी

## वार्ड 41 से 9 प्रत्याशी मैदान में

**भोपाल।** वार्ड 41 के उपचुनाव में 9 प्रत्याशी मैदान में हैं। कांग्रेस से मोहम्मद फहीम और भाजपा से डॉ. रेहान सिद्दकी मैदान में हैं। 20 उम्मीदवारों ने फार्म भरे थे। मंगलवार को फार्म वापस लेने का आखिरी दिन था। इसके अलावा मैदान में आम आदमी पार्टी से असद अली, निर्दलीय तौकीर अहमद निजामी, अहमद अकबर खान, अलीम उद्दीन कुरैशी, काजी आसिफ, मोहम्मद अजहर मिर्जा, मो. कलीम खान मैदान में हैं।





# चौथी क्लास की बच्ची के बाल उखाड़े, नहीं पढ़ पाई थी इंग्लिश

हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल

बैतूल में बच्ची की बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। कथित तौर पर हैवान टीचर ने सरकारी प्राथमिक स्कूल की छात्रा के बाल खींचकर उखड़ दिए। छात्रा के पिता ने टीचर पर पिटाई का आरोप लगाते हुए जनसुनवाई में शिकायत की है। घटना 15 दिसंबर की बताई जा रही है। मामले में डीपीसी ने जांच के आदेश जारी किए हैं। मामला बैतूल के आमला विकास खंड के खेडली बाजार के बालक प्राथमिक शाला का है।

**टीचर बोली झूठा है आरोप**

यहां चौथी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा के पिता उमेश बामने ने स्कूल की टीचर पर गंभीर आरोप लगाया है। पिता ने अपनी शिकायत में कहा कि 15 दिसंबर को बेटी स्कूल गई थी। टीचर ने उसे इंग्लिश पढ़ने के लिए बोला। वह नहीं पढ़ पाई। इस मामले में टीचर पूर्णिमा साहू ने लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। टीचर ने कहा कि छात्रा का पिता उन्हें परेशान कर रहा है। बच्ची ने घर पहुंचकर घटना के बारे में अपने पिता उमेश को बताया। तब उमेश बच्ची को लेकर मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे और टीचर की शिकायत की। जिला शिक्षा केंद्र के जिला समन्वयक संजीव श्रीवास्तव का कहना है बच्ची के पिता ने टीचर के खिलाफ शिकायत की है।

# प्रोटोकॉल तोड़कर किसानों के बीच पहुंचे उपराष्ट्रपति धनखड़

एजेंसी ⏩ हिसार



■ पुलिस कर्मियों को पीछे करके क्षेत्रीय भाषा में की बातचीत

हरियाणा के हिसार में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रोटोकॉल तोड़कर पंडाल में पीछे की ओर बैठे किसानों से मिलने उनके बीच पहुंच गए। उपराष्ट्रपति ने उनसे देसी अंदाज में बात करते हुए दिल्ली आने का न्योता दिया।

उन्होंने महिलाओं के घूंघट को देखकर कहा कि अब टाइम बदल गया उठा लो। जिसके बाद महिलाओं ने घूघंट खोल दिए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महिलाओं से कहा कि थैं दिल्ली क्यूं आ आवो। म्हैं न्योता देण लाग रहया हूं। आच्छा तो मैं चालूं , राम- राम । उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को केंद्रीय भैंस अनुंसधान केंद्र में पहुंचे। यहां पंडाल में उन्होंने किसानों और वैज्ञानिकों को संबोधित किया। अंत में पराष्ट्रपति प्रोटोकोल तोड़ते हुए किसानों के बीच पहुंचे गए।

## जैकेट का शेष

### अब बीआरटीएस...

बीआरटीएस की लंबाई के अलग-अलग हिस्सों को हटाने और सड़क के समतलीकरण पर बातचीत हुई। अफसरों ने बताया कि बैरागढ़ और होशंगाबाद रोड स्थित कॉरिडोर को चरणबद्ध तरीके से हटाया जा सकता है। इसके लिए लोहे की जाली को हटाकर बीच से सेंट्रल रोड डिवाइडर बनाने पड़ेंगे। बीआरटीएस कॉरिडोर से अभी 200 से ज्यादा सिटी बसें दौड़ रही हैं। जिसमें हर रोज सवा लाख लोग यात्रा करते हैं। मंत्री विश्वास सारंग और हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने बीआरटीएस कॉरिडोर पर हादसों का मुद्दा उठाते हुए कॉरिडोर को हटाने की बात कही। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अफसरों से अगले दो-तीन दिन में रिपोर्ट देने को कहा है। बैठक में वीआईपी रोड के चौड़ीकरण के संबंध में एमपीआरडीसी प्रबंधक अविनाश लवानिया ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया। कमला पार्क से लालघाटी तक वीआईपी रोड के विस्तार के प्रोजेक्ट को लेकर पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी ने आठ किमी लंबी वीआईपी रोड को सिक्स लेन करने के प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन दिया गया। हालांकि, पर्यावरणविदों ने हरियाली और तालाब को लेकर चिंता व्यक्त करने पर प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ा था। अब एक बार फिर से वीआईपी रोड के चौड़ीकरण को लेकर चर्चा शुरू हुई है। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा, मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय और विधायक भगवानदास सबनानी भी मौजूद थे।

### एमबीए छात्र की सब्जी ...

के वक्त विवेक सोनी के साथ मौजूद रहे दोस्तों ने बताया कि सोमवार रात हम चार दोस्त अयोध्या नगर के फ्लैट में पढ़ाई करने एकत्रित हुए थे। हम सभी पढ़ाई शुरू करने ही वाले थे, तभी विवेक ने कहा कि पहले खाना खाएंगे, फिर पढ़ेंगे। रात करीब 8 बजे होंगे। विवेक किचन में चला गया। वह सब्जी बनाते हुए बात कर रहा था। तभी अचानक गिर गया। हमने देखा तो वह सीने को हाथ से पकड़े हुए था। कुछ बोल नहीं पा रहा था। हम तुरंत उसे पटेल नगर स्थित गायत्री हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### विनेश ने लौटाए खेल ...

लौटा दिए थे। विनेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किए गए पत्र में घोषणा की,''मैं अपने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटा रही हूं। गुरुवार को संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष चुना गया था। चुनाव के बाद रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने खेल से संन्यास लेने की घोषणा की थी। खेल मंत्रालय ने हालांकि फैसला करते समय अपने संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर नव निर्वाचित पैनल को निलंबित कर दिया था और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को कुश्ती के संचालन के लिए एक तदर्थ पैनल का गठन करने के लिए कहा था।

### मौके पर मिला झंडा...

चिट्ठी मिली है। इसको लेकर उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। देर रात तक इसको लेकर दिल्ली पुलिस की ओर से कोई भी अधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। सूत्रों के अनुसार तलाशी के दौरान पुलिस को इजराइली दूतावास के राजदूत के नाम लिखा हुआ एक पत्र मिला। पत्र अंग्रेजी में लिखा हुआ है। कुछ दिन पहले भी इजरायली दूतावास के राजदूत को धमकी मिली थी।

**इन्होंने सुनी धमाके की आवाज:** इजराइली दूतावास पृथ्वीराज रोड पर है। इसके पीछे राजेश पायलट रोड पर स्थित सर्विस रोड यानी फुटपाथ पर लगे पेड़ पौधे के बीच में धमाका होने की कॉल मिली थी। इजराइली दूतावास के पास सेंट्रल हिंदी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में तैनात सुरक्षा गार्ड तेजू छेत्री ने बताया कि शाम करीब पौने छह बजे जब वह गेट के अंदर ड्यूटी पर था, तभी उसे धमाके की आवाज आई। उसे लगा कि टायर फट गया है। बाहर निकल कर देखा तो कुछ भी नहीं था। सर्विस रोड पर नजर पड़ने पर पेड़ पौधे के पास धुआं निकलता दिखाई दिया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। लोगों ने भी बताया कि उन्होंने तेज आवाज सुनी है।

### सुरक्षा एजेंसियों...

जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम के साथ एजेंसियों ने पीछे की सर्विस रोड, वहां लगे पेड़ पौधे व दीवार आदि से नमूने उठाकर जांच की।

## पेज एक का शेष

### बादल, बारिश, कोहरा...

बीच पश्चिमी मप्र में कहीं कहीं तेज बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। इसके साथ दूसरे हिस्सों में घना कोहरा रहेगा। 4 जनवरी से प्रदेश में कोहरे और सर्दी का असर बढ़ना शुरू हो जाएगा। 8 जनवरी तक कई जिलों में शीतलहर और घने कोहरे का असर रहेगा। इससे नए साल का पहला सप्ताह मौसम के 4 रंगों से सराबोर रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 29 दिसंबर को नया पश्चिमी विक्षोभ 8 जनवरी तक मौसम में बदलाव करता रहेगा।

### सिंगरौली में 3.3...

सिंगरौली जिले बैढ़न, देवसर, माड़ा और चितरंगी तहसीलों में कहीं-कहीं हल्का कंपन महसूस किया गया।

### जिसकी...'प्रेरणा' जितनी ...

कहा कि आज भारत उस कालखंड से गुजर रहा है, जो युगों-युगों में एक बार आता है। आजादी के इस अमृत काल में भारत के स्वर्णिम भविष्य को लिखने वाले अनेक फैक्टर एक साथ जुड़ गए हैं। आज भारत दुनिया के उन देशों में से है जो देश सबसे ज्यादा युवा देश है। इतना युवा तो भारत, अपनी आजादी की लड़ाई के समय भी नहीं था। जब उस युवाशक्ति ने देश को आजादी दिलाई, तो ये विशाल युवाशक्ति देश को जिस ऊंचाई पर ले जा सकती है, वो कल्पना से भी परे है। उन्होंने कहा कि जिस देश की प्रेरणा इतनी बड़ी होगी, उस देश के लिए किसी भी लक्ष्य को पाना असंभव नहीं है। इसलिए मेरा विश्वास आज के बच्चों, आज के नौजवानों पर है। भविष्य के भारत के कर्णधार यही बच्चे हैं। अभी यहां जिन बच्चों ने मार्शल आर्ट्स का प्रदर्शन किया है, उनका अद्भुत कौशल दिखाता है कि भारत के वीर बालक-बालिकाओं का सामर्थ्य कितना ज्यादा है। गौर हो कि वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के बेटों की शहादत की याद में मनाया जाता है। पिछले साल नौ जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री ने यह घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों- साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में 'वीर बाल दिवस' मनाया जाएगा। भारत मंडपम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर और मीनाक्षी लेखी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### हर आयु के हमारे...

में, किसी भी समाज में पैदा हुआ हो, उसके सपने असीम हैं। इन सपनों को पूरा करने के लिए सरकार के पास स्पष्ट रोड मैप है। भारत का युवा फिट होगा तो वह अपने जीवन में, करियर में भी सुपरहिट होगा।

### डिजिटल प्रदर्शनी...

फिल्म भी देशभर में दिखाई जा रही है।। इसके अलावा, क्विज सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई और ग्रीस में भी वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं। भारत के वीर साहिबजादों को पूरी दुनिया और ज्यादा जानेगी, उनके महान शौर्य से सीखेगी।

### सभी मंत्री अभी...

भूमिका सर्वप्रथम है। इसके लिए जी-जान से जुटने का समय है। उन्होंने अनौपचाकि चर्चा में मंत्रियों से लोकसभा चुनाव की तैयारी आज व अभी से शुरू करने को कहा।

### 4 की मौत और 2...

दी। जेसीबी क्रॉस हो जाने पर ड्राइवर ने कार को जैसे ही सड़क पर चढ़ाया, तभी पीछे आ रहा ट्रक टकराकर कार पर ही पलट गया। ट्रक में कागज की रद्दी भरी हुई थी। कमानी टूटने की वजह से ट्रक कार पर पलटा। इसके ड्राइवर और क्लीनर घटनास्थल से भाग गए।

**लहार का रहने वाला है परिवार:** हादसे में रामप्रकाश (40), पत्नी गीता बाई (35), बेटी रोशनी (15) और जय देवी (45) की मौत हो गई। भाई-बहन सुमित और राखी घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार मूल रूप से लहार के भीकमपुर (जिला भिंड) का रहने वाला है। रामप्रकाश पोस्ट मेट्रिक छात्रावास सारंगपुर (राजगढ़) में चौकीदार थे। इसीलिए परिवार यहां रहता था। वह झमुआ (लहार, भिंड) में बुआ जमुना बाई के यहां मकान के उद्घाटन में जा रहे थे। जयदेवी के पति हरिदास भी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के अधीक्षक थे। उनकी 2018 में मौत हो गई थी। उनके बेटे सुमित को उनकी जगह अनुकंपा मिलने वाली है। सुमित कुछ समय पहले ही 18 साल का हुआ है।

**सीएम डॉ. मोहन यादव ने जताया दुख:** गुना जिले में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। इस हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों के असामयिक निधन के समाचार से मन व्यथित है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने, परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### 14 साल की बच्ची...

गंभीर घायल भी हुए हैं, जिसमें एक महिला और 2 साल का बच्चा है। जिन्हें इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया है। दरअसल, यह धार जिले के रहने वाले है और महू गांव में स्थित उनके परिजन से मिलने आए थे। दोपहर 3:30 बजे करीब धार लौटते समय राऊ खलघाट फोरलाइन पर हादसा हो गया। इसमें भागीरथ निनामा (60), भूरा पिता कालिया निनामा (40) और एक 14 साल की बच्ची की मौत हुई है। वहीं घटना में घायल अंगूरी बाई पति भूरा और एक 2 साल के बच्चे को इंदौर रेफर किया है। सिविल अस्पताल के कर्मचारियों ने काफी देर तक बच्चे की देखभाल की। उसके बाद 108 की मदद से 2 साल के बच्चे को इंदौर रेफर किया।

### भारत में आए थे 60 ...

फंगस' से विकृत चेहरों का पुनर्निर्माण करना अत्यावश्यक है। भारत में कोविड के कारण म्यूकोर्मिकोसिस के लगभग 60,000 मामलों सामने आए थे। म्यूकोर्मिकोसिस के फंगस चेहरे के उतकों को नष्ट कर विकृति पैदा कर सकते हैं। अधिक गंभीर मामलों में मरीज अपनी नाक, आंखें या यहां तक कि अपना पूरा चेहरा खो सकते हैं। इतना ही नहीं ऐसे अहम अंगों के बुरी तरह प्रभावित होने से मरीज के लिए सांस लेना, खाना और बात करना भी कठिन हो सकता है। कुल मिला कर उनके लिए जीना मुहाल हो जाता है।

**विकृत हुए चेहरे की सर्जरी महंगा है:** 'ब्लैक फंगस' की वजह से विकृत हुए चेहरे वाले मरीजों के लिए पुर्निर्माण सर्जरी एक व्यावहारिक समाधान है। इस तरह रोगी खोया हुआ स्वरूप प्राप्त करता है और फिर से अपना काम-काज कर सकता है। वह अधिक सहजता से जीवनयापन कर सकता है। गौरतलब है कि प्रत्येक मरीज के मुताबिक इम्प्लांट तैयार करना और सर्जरी करना महंगा है। इसलिए यह कमजोर वर्ग के लोगों के लिए पहुंच से बाहर है।

### नेता बोले : हम ...

जिनको टिकट नहीं मिला, उन्होंने डबल ताकत से पार्टी प्रत्याशी को चुनाव हराया। जिला अध्यक्षों ने कहा था कि विधानसभा चुनाव में हुई गलतियों को लोकसभा में नहीं दोहराया जाना चाहिए। विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन में देरी हुई थी, जिसका खामियाजा पार्टी को चुनाव में उठाना पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी को बड़े नेताओं को लोकसभा चुनाव में उतारना चाहिए। बैठक में जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और अन्य कई पदाधिकारियों ने अपने मन का गुबार भी निकाला। बड़े नेताओं के सामने जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारियों का गुस्सा भी फूटा। उन्होंने कहा कि संगठन में नियुक्तियां हो जाती हैं, लेकिन प्रभारी को इसकी जानकारी नहीं जाती है। उन्होंने आगे कहा कि कई जिलों में कुछ लोगों ने तानाशाही रवैया अपना रखा है। जबकि पार्टी में सबकी बात को तवज्जो दी जानी चाहिए। प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस समीक्षा बैठक के बाद प्रदेश कार्यकारणी को भंग करने का निर्णय लिया गया है। आगामी आदेश तक जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी काम करते रहेंगे। जल्द ही नई कार्यकारणी का गठन किया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ ही कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व प्रदेश अध्यक्षगण सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, सदस्य कमलेश्वर पटेल, ओमकार मरकाम, पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह और उपनेता हेमंत कटारे आदि शामिल रहे।

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना बजरिया भोपाल**

// आम सूचना //



मर्ग क्रमांक - 26/2023 धारा 174 जा. फौ. अज्ञात मृतक पुरूष उम्र 30-32 साल करीबन कायम कर जांच मे लिय गया है। अज्ञात मृतक पुरूष उम्र 30-32 साल करीबन हुलिया इस प्रकार है। कद 05 फिट, हुलिया रंग साँवला, दुबला पतला, चेहरे पर हल्की दाढी। कि सूचना पर मर्ग क्रमांक 26/2023 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच मे लिया गया है।

अतः मर्ग क्रमांक -26/2023 धारा 174 जा.फौ. अज्ञात मृतक पुरूष उम्र 30-32 साल करीबन के संबंध मे किसी प्रकार की कोई जानकारी मिलती है । तो थाना स्टेशन बजरिया भोपाल के मो.नं. 9479990523, 9479990454 पर सूचित करने का कष्ट करें।

जी-22330/23

दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

थाना प्रभारी
थाना स्टेशन बजरिया भोपाल

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा भोपाल**

दूरभाष नं.-0755-2677317, 2443260 ) Email id : Pskohefizabpl@gmail.com)

क्रमाक/थाना/कोहे/भो/डी/69/2023/ दिनाँक -26.12.2023

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोहेफिजा के मर्ग क्रमांक 89/2023 धारा 174 जा.फौ. में अज्ञात मृतक पुरूष उम्र 60 साल, रंग गेहूआ, बदन सामान्य शरीर सिर के बाल घने काले सफेद चेहरे पर मूछ, कपडे, शर्ट मटमैले कलर की पहने देखने पर बीमार सा लग रहा है।

अतः उक्त अज्ञात मृतक पुरूष उम्र 60 साल के बारे में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया कर थाना प्रभारी कोहेफिजा भोपाल के मोबाईल नंबर 9479990583 या जाँचकर्ता के मोबाईल नंबर 7049105790 पर या आफिस के नंबर 9479990687 तत्काल संपर्क करें।

जी-22339/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है ।

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा
भोपाल

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा भोपाल**

दूरभाष नं.-0755-2677317, 2443260 ) Email id : Pskohefizabpl@gmail.com)

क्रमाक/थाना/कोहे/भो/डी/77/2023/ दिनाँक -25.12.2023

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोहेफिजा के मर्ग क्रमांक 77/2023 धारा 174 जा.फौ. में अज्ञात मृतक पुरूष उम्र 30 साल, नेवी ब्लू कलर की टीशर्ट हल्का ब्लू जिंस हाथ में नीले रंग की पट्टे में घडी पहने है। सीम में माँ तथा बाये हाथ में Anadi तथा अंगूठे के पास N लिखा है ऊंचाई लगभग 5 फिट 6 इंच है।

अतः उक्त अज्ञात मृतक पुरूष उम्र 30 साल के संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया कर थाना प्रभारी कोहेफिजा भोपाल के मोबाईल नंबर 9479990583 या जाँचकर्ता के मोबाईल नंबर 7049105790 पर या आफिस के नंबर 9479990687 तत्काल संपर्क करें।

जी-22333/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है ।

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा
भोपाल

**हरिभूमि क्लासीफाइड** संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि
प्राम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
रु.1200/-
10X4
अन्य साइज में रु. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू

**आवश्यकता**

छत्तीसगढ़ की सिक्योरिटी कंपनी को रायपुर, दुर्ग, हेतु सुरक्षागार्ड 40 M/F सुपरवाइजर 10 पद वेतन 10,000/- से 15,000/- फ्री आवास कैंटीन सुविधा संपर्क यश सिक्योरिटी सर्विसेस कुशालपुर चौक रायपुर छत्तीसगढ़ 8982225333, 8839618641, 8815170599, 9770196262

R- 27/12 to 30/12/23

Fraud कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/ फुलटाईम घर बैठे SMS Job करके लड़के/लड़कियां, गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीन लैपटॉप मोबाइल मुक्त नाम पता Whatsapp करें 6296026501

R- 23/12 to 29/12/23

**नाम परिवर्तन**

मैं मोहम्मद सोहेल अदनान (Mohammad Sohail Adnan) आ. श्री मोहम्मद इदरीस (Mohammad Idrees) मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में ओनाइसा सुहैल (Onsisah Suhail) एवं पिता का नाम मोहम्मद सुहैल अदनान (Mohammad Sohail Adnan) त्रुटिवश अंकित हो गया है। मेरी पुत्री का सही नाम ओनाइसा मरयम सिद्दीकी (Onaisah Maryam Siddiqui) जन्म तिथि - 28/09/2016 एवं पिता का सही नाम मोहम्मद सोहेल अदनान (Mohammad Sohail Adnan) है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मेरी पुत्री एवं मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।
नि.- म.नं.-37, चौकी तलैया के सामने, मस्जिद गुलाम मेहबूब रोड भोपाल (म.प्र.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह पूर्व मेरा नाम K H U S H B O O HIRANAND MANJANI था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु विवाह पश्चात अब मेरा नाम परिवर्तित होकर KHUSHBOO ROHIRA हो गया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम KHUSHBOO ROHIRA W/O TARUN ROHIRA से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : THAKUR BABA ROAD, DABRA, GWALIOR (M.P.) - 475110

**नाम एवं जन्म तिथि परिवर्तन**

मैं JC-701196X Nb/Sub शिशपाल कांकड़ यूनिट MH Bhopal यह सूचित करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता जी का नाम नारायणी देवी जी एवं जन्म दिनांक 01/07/1961 दर्ज है जो कि ग़लत हैं उनका वास्तविक नाम निराणी देवी व जन्मदिनांक 15/01/1963 है। Wide affidavit BL-534415 and BL- 534409.

**Medical Help Line**

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



स्वयं की वर्षों की रिसर्च 100% कारगर इलाज

सफेद दाग CURE CENTRE

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131

5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कबियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यवस्थापक

रंगीन क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस
हरिभूमि

## राशिफल

**मेष:** मन अशांत रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष:** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** मन अशांत रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या:** नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर:** आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5376

**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

**शब्द पहेली -5375 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | म | या | ब | ■ | र | ■ | श | ब | न | म |
| ■ | म्मी | ■ | र | फू | च | क्र | र | ■ | र्म | ■ |
| आ | ■ | मा | स | ■ | ना | ■ | मा | ह | ■ | प्र |
| स | ह | ला | ना | ■ | का | ■ | ना | रा | य | ण |
| ■ | थ | ■ | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ज्ञो | ■ |
| ह | क | ब | का | ना | ■ | अ | प | ना | प | न |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | ख | ■ | ■ | ■ | वी | ■ |
| मे | घा | ल | य | ■ | ल | ■ | क | म | त | र |
| घ | ■ | त | म | ■ | ना | ■ | ल | त | ■ | क्षा |
| ■ | यं | ■ | रा | सा | य | नि | क | ■ | कै | ■ |
| म | हा | रा | ज | ■ | क | ■ | ल | म्बो | द | र |

## सुडोकू सवाल - 5386

**** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

सुडोकू सवाल - 5385 का हल

[illegible]

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### नए कानूनों से आईपीसी की कुछ अहम धाराओं में हो गया है बदलाव

# ठग 420 नहीं 316 कहलाएंगे अब, हत्यारों को भी धारा 302 नहीं 101 में मिलेगी सजा

## संसद द्वारा पारित तीन विधेयकों ने ले लिया है अब कानून का रूप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

**भारतीय न्याय संहिता में क्या बदला है?**

बता दें कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने इसी साल अगस्त में पेश किए गए पिछले संस्करणों को वापस लेते हुए संसद के निचले सदन में तीन संशोधित आपराधिक विधेयकों को फिर से पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में विधेयकों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए जाने के बाद ध्वनि मत से पारित किया गया था। अब सोमवार यानी 25 दिसंबर को राष्ट्रपति से मंजूरी के बाद विधेयक कानून बन गए। संसद में तीनों विधेयकों पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि इनमें सजा देने के बजाय न्याय देने पर फोकस किया गया है।

### ...अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता



दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं जबकि नौ नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। इसके अलावा 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले वाले कानून में 167 प्रावधान थे। नए कानून में 24 प्रावधान बदले हैं।

### आइए जानते हैं अहम धाराओं में बदलाव

**धारा 124:** आईपीसी की धारा 124 राजद्रोह से जुड़े मामलों में सजा का प्रावधान रखती थी। नए कानूनों के तहत 'राजद्रोह' को एक नया शब्द 'देशद्रोह' मिला है यानी ब्रिटिश काल के शब्द को हटा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 7 में राज्य के विरुद्ध अपराधों कि श्रेणी में 'देशद्रोह' को रखा गया है।

**धारा 144:** आईपीसी की धारा 144 घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होना के बारे में थी। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता के अध्याय 11 में सार्वजनिक शांति के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में रखा गया है। अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 गैरकानूनी सभा के बारे में है।

**धारा 302:** पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। हालांकि, अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी। नए कानून के अनुसार, हत्या की धारा को अध्याय 6 में मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध कहा जाएगा।

**धारा 307:** नए कानून के अस्तित्व में आने से पहले हत्या करने के प्रयास में दोषी को आईपीसी की धारा 307 के तहत सजा मिलती थी। अब ऐसे दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत सजा सुनाई जाएगी। इस धारा को भी अध्याय 6 में रखा गया है।

**धारा 376:** दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को पहले आईपीसी की धारा 376 में परिभाषित किया गया था। भारतीय न्याय संहिता में इसे अध्याय 5 में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में जगह दी गई है। नए कानून में दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को धारा 63 में परिभाषित किया गया है। वहीं सामूहिक दुष्कर्म को आईपीसी की धारा 376 डी को नए कानून में धारा 70 में शामिल किया गया है।





# नर्सरी में प्रवेश के लिए बच्चों की स्क्रीनिंग पर लगे रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नर्सरी में प्रवेश के लिए बच्चों की वीडियो स्क्रीनिंग पर बैन लगाने को लेकर 26 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर में उसके उस आदेश की समीक्षा की मांग की गई है जिसमें दिल्ली के उपराज्यपाल को 2015 के उस विधेयक पर सहमति देने या वापस करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया गया है जिसमें नर्सरी प्रवेश के लिए बच्चों की 'स्क्रीनिंग' पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट' द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में दलील दी गई है।

हाल ही में उच्चतम न्यायालय के फैसलों के मद्देनजर यह याचिका महत्वपूर्ण हो गई है, जिनमें पंजाब और तमिलनाडु के राज्यपालों द्वारा राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित और पुनः पारित विधेयकों पर सहमति देने में देरी पर नाखुशी व्यक्त की गई है। याचिका में शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी का हवाला दिया गया है कि राज्य के राज्यपालों को संविधान के अनुच्छेद 200 के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। अनुच्छेद 200 में किसी राज्य की विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी के लिए प्रस्तुत करने की प्रक्रिया का उल्लेख है। राज्यपाल या तो विधेयक पर सहमति दे सकते हैं, अनुमति रोक सकते हैं या विधेयक को भारत के राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख सकते हैं। राज्यपाल विधेयक को विधानसभा के पुनर्विचार के लिए वापस भी कर सकते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका**



### कोर्ट ने कहा था, कानून बनाने नहीं दे सकती निर्देश

शीर्ष अदालत ने 13 अक्टूबर को एनजीओ की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि वह कानून बनाने के लिए निर्देश नहीं दे सकती। उससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने एनजीओ की जनहित याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि वह विधायी प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकता और उपराज्यपाल को दिल्ली स्कूल शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2015 को या तो मंजूर करने या वापस करने का निर्देश नहीं दे सकता।

टाइटल स्पॉन्सर की बोली 13-14 को

# तो आईपीएल में बोली नहीं लगा सकेंगी चीनी कंपनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सक्रिय रूप से इंडियन प्रीमियर लीग के लिए एक शीर्षक प्रायोजक (टाइटल स्पॉन्सर) की तलाश कर रहा है। इसमें बोली लगाने वाले संभावितों के लिए रूपरेखा तैयार की गई है।

बोर्ड ने संकेत दिए हैं कि चीनी कंपनियों या ऐसे ब्रांडों की बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा, जिसके भारत के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं। इन अधिकारों के लिए आरक्षित मूल्य 360 करोड़ रुपए प्रति वर्ष है। हालांकि, इच्छुक पार्टियों के लिए निविदा आमंत्रण दस्तावेज खरीदने और बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अभी भी कुछ समय बाकी है। बता दें कि आईटीटी के जरिए ही बोली में भाग लेने की अनुमति मिलेगी और इसे 8 जनवरी तक खरीदा जा सकता है। बोली प्रक्रिया 13-14 जनवरी के आसपास होने की उम्मीद है।




### वीवो के साथ पहले भी हो चुका विवाद

बीसीसीआई ने विशिष्ट देशों या ब्रांडों का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन वीवो के साथ नकारात्मक अनुभव के बाद बोर्ड कोई और विवाद नहीं चाहता है। बता दें कि भारत और चीन के बीच सीमा गतिरोध का बाद विवाद हो गया था, जिसके बाद चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो को पीछे हटना पड़ा था। इसके बाद आईपीएल 2023 तक टाटा समूह के पास लीग के शीर्षक प्रायोजक के अधिकार थे।

### ये कंपनियां भी बैन

बीसीसीआई सट्टेबाजी और जुआ कंपनियों के अलावा फैंटेसी गेम्स और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी कंपनियों की बोलियां भी खारिज कर रहा है। बोर्ड ने अपात्रता के लिए विशिष्ट मानदंडों की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें जुआ और सट्टेबाजी फर्मों, फैंटेसी गेमिंग, क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग, क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज, क्रिप्टोकरेंसी टोकन और अल्कोहल उत्पादों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी कंपनियां शामिल हैं। इनके साथ-साथ स्पोर्ट्सवियर के उत्पादन में शामिल फर्मों पर भी विशेष रूप से प्रतिबंध है।


### कोहरे के चलते टैंकर बेकाबू, ट्रैक्टर-ट्राली पर गिरा

# बाल-बाल बचीं 25 सवारियां

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

घने कोहरे के चलते पटियाला-सरहिंद रोड पर सोमवार देर रात अनियंत्रित टैंकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर जा गिरा। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार करीब 25 सवारियां बाल-बाल बच गईं। यह सवारियां संगरूर से आ रही थीं और फतेहगढ़ साहिब माथा टेकने जा रही थीं। जांच अधिकारी एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि हादसा देर रात करीब 10 बजे हुआ। टैंकर सरहिंद से पटियाला के फोकल प्वाइंट की तरफ आ रहा था। रास्ते में पटियाला-सरहिंद रोड पर गांव बारन के नजदीक टैंकर पर से चालक ने संतुलन खो दिया और सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली पर पलट गया। इससे पहले कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पूरी तरह से जमीन पर पलटती उससे पहले ही सवारियों ने छलांग लगाकर अपनी जान बचाने में कामयाब हो गए।






चिंतन

# भारतीय जहाज पर हमले की हिमाकत न करे कोई

भारत ने अरब सागर में अपने मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमले को गंभीरता से लिया है। भारत आ रहे मालवाहक जहाज केम प्लूटो पर गत 23 दिसंबर को हुए हमला हुआ था। एमवी केम प्लूटो पर हुए हमले के बाद शाम को भारतीय क्रू मेंबर्स वाले एक और जहाज पर हमला हुआ था। इसमें 25 भारतीय मौजूद थे। माना जा रहा है कि हुती विद्रोहियों ने भारत के इस जहाज पर ड्रोन से हमला किया है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने रविवार को कहा था कि केम प्लूटो पर ईरान से हमला हुआ था। हालांकि, ईरान ने इस दावे को खारिज करते हुए हमले में हाथ होने से इन्कार कर दिया। एमवी केम प्लूटो सऊदी अरब से भारत आ रहा था। ईरान ने बेशक इस हमले में हाथ होने से इनकार किया है, वह भारत से अपने रिश्ते को खराब नहीं करना चाहेगा, लेकिन हुती पर शक संदेह से परे नहीं है। लाइबेरिया के शिया आतंकी गुट हुती को ईरान से शह मिलता रहा है। अब तक भारत को दक्षिण चीन सागर में चीनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब लगता है अरब सागर में भारत को अपने मालवाहक विमानों की खास निगरानी करनी पड़ेगी। हमास इजराइल जंग में भारत का इजरायल का नैतिक समर्थन करना हुती को रास नहीं आ रहा है, इसलिए खुंदक में वे भारतीय मालवाहक को निशाना बना सकते हैं। भारत ने अरब सागर में अपने तीन युद्धपोत आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोलकाता और आईएनएस कोच्चि तैनात कर दिए हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भरोसा दिया है कि इन हमलों के लिए जो भी जिम्मेदार है, उन्हें समुद्र की गहराइयों से भी ढूंढ निकाला जाएगा। नेवी ने कहा कि जहाज पर जो मलबा मिला है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि उस पर ड्रोन से हमला किया गया था। जहाज पर फोरेंसिक जांच के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि हमला कितनी दूरी, कौन से विस्फोटक से किया गया था और ये कितना खतरनाक हो सकता था। भारत ने विस्तारित दूरी की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल दागने की क्षमता से लैस 'स्टेल्थ गाइडेड' मिसाइल विध्वंसक आईएनएस इंफाल को मंगलवार को मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल किया है। नौसेना के अनुसार, यह युद्धपोत परमाणु, जैविक और रासायनिक (एनबीसी) युद्ध के हालात में भी लड़ने में सक्षम है। इंफाल से भारत समंदर में और मजबूत हुआ है। भारतीय नौसेना को 7516 किलोमीटर से ज्यादा के समुद्र तटीय इलाके की निगरानी करनी होती है। चीन के चलते दक्षिण चीन सागर व हिंद- प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना को मुस्तैद रहना पड़ता है। अब अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में भारत को अपनी समुद्री सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। भारतीय नौसेना के पास फिलहाल 132 युद्धपोत हैं। नौसेना 2030 तक अपने जंगी जहाजों के बेड़े को बढ़ाकर 160 व 2035 तक 175 कर लेगी। भारत का लक्ष्य हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत होना, जिबूती, हॉर्न ऑफ अफ्रीका, कराची, ग्वादर और कंबोडिया में बढ़ रहे चीन की नौसेना के वर्चस्व को रोकना है। चीन भी अपनी ताकत बढ़ा रहा है, उसका लक्ष्य 555 युद्धपोतों तक पहुंचना है, पर भारत रणनीतिक रूप से चीन को टक्कर देने में सक्षम है। भारत अपना 55 फीसदी से अधिक ट्रेड समुद्री रास्तों से करता है, इसलिए समुद्री सुरक्षा को मजबूत रखना जरूरी है। भारतीय मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमला करने वाले को सबक सिखा कर भारत को सख्त संदेश देना होगा कि भविष्य में कोई भी भारतीय जहाज पर हमला की हिमाकत ना करे।



जयंती

विवेक शुक्ला

# गालिब को कैसे जिंदा किया मंटो ने

आप जब दिल्ली-6 की संकरी गलियों से गुजरते हुए मिर्जा गालिब के बल्लीमरान वाले घर या फिर वहां से आठ-दस किलोमीटर उनकी बस्ती निजामुद्दीन में मौजूद कब्र के पास खड़े होते हैं तो यह ख्याल भी आता कि इधर कौन-कौन उस सदियों के शायर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आया होगा। बेशक, गालिब से जुड़े इन दोनों स्मारकों पर हाजिरी देने कथाकार सआदत हसन मंटो तो आए ही होंगे। मंटो 1940 के दरम्यान दिल्ली में ही थे। वो 1940 के दशक के शुरूआती बरस थे। आजादी की लड़ाई का दौर था। देश में अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा था। दिल्ली में भी लगातार आंदोलन हो रहे थे। उन दिनों सआदत हसन मंटो दिल्ली आकाशवाणी में नौकरी कर रहे थे। मंटो और उर्दू के मशहूर अफसाना निगार किशन चंदर साथ-साथ नौकरी करते थे। जब भी फुर्सत मिलती तो दोनों दिल्ली की सड़कों, गलियों और मोहल्लों की खाक छानते। मंटो की शख्सियत पर मिर्जा गालिब की शायरी का गहरा असर था। मंटो और कृष्ण चंदर जामा मस्जिद इलाके में उर्दू बाजार में घूमने-फिरने आते। मंटो रहते थे मोरी गेट में। ये नहीं हो सकता कि तब ये दोनों गालिब साहब के घर और कब्र पर ना गए हों। जामा मस्जिद से गालिब साहब का बल्लीमरान वाला घर कोई बहुत दूर तो है नहीं। अब वहां पर उनका स्मारक बना हुआ है। मंटो और कृष्ण चंदर मोरी गेट से टांगे पर जामा मस्जिद आ जाया करते होंगे। फिर वहां से गालिब के घर पैदल ही चले जाते होंगे। जहां अब गालिब स्मारक है वहां पर कोयले का टाल देखकर मंटो उदास जरूर होते होंगे। गालिब के घर के आगे खड़े होकर मंटो और कृष्ण चंदर ने जरूर बातें की होंगी कि वे (गालिब) यहां अपने दोस्तों के साथ कैसे गर्मियों में मीठे आम खाते होंगे। वे आमों के शौकीन थे। नसीरूद्दीन शाह 'गालिब' सीरियल में गालिब साहब के किरदार को निभाते हुए कई बार आम को चूसते हुए ही दिखाई देते हैं। तो साफ है कि गालिब साहब दशहरी ही पसंद करते होंगे। दशहरी आमों की खेती पश्चिम उत्तर प्रदेश में खूब होती रही है। बेशक, कभी ना कभी मंटो गालिब की कब्र पर भी पहुंचे होंगे।उनकी कहानी पर बनी मिर्जा गालिब फिल्म की सफलता के बाद फिल्म के निर्माता सोहराब मोदी ने गालिब की कब्र को संगमरमर के पत्थरों से ठीक करवाया था। मंटो ने दिल्ली में रहते हुए किशन चंदर के साथ 'बंजारा' फिल्म की कहानी भी लिखी। जिसे सेठ जगत नारायण ने खरीदा था। सेठ साहब दिल्ली की असरदार हस्ती थे। वे जगत, रिट्ज और नॉवेल्टी सिनेमा घरों के मालिक थे। उनका संबंध दिल्ली की खत्री बिरादरी से था। मंटो ने दिल्ली में ही 'मिर्जा गालिब' कहानी लिखी। वे दिल्ली में तकरीबन दो साल रहने के बाद अपने पसंदीदा शहर मुंबई लौट गए। उन्हें 'मिर्जा गालिब' फिल्म की कहानी लिखते हुए गालिब के घर और कब्र पर बिताया वक्त जरूर याद आता होगा। देश के विभाजन के बाद मंटो पाकिस्तान चले गए। उनका 1955 में निधन हुआ। तब देशभर में"मिर्जा ग़ालिब' फिल्म चल रही थी। मंटो की मौत से अवाक किशन चंदर ने तब लिखा था-'जिस दिन मंटो से मेरी पहली मुलाक़ात हुई, उस रोज मैं दिल्ली में था। जिस रोज़ वह मरा है, उस रोज़ भी मैं दिल्ली में मौजूद हूं। उसी घर में हूं, जिसमें चौदह साल पहले वह मेरे साथ पंद्रह दिन के लिए रहा था। घर के बाहर वही बिजली का खंभा है, जिसके नीचे हम पहली बार मिले थे। वह ग़रीब साहित्यकार था। वह मंत्री न था कि कहीं झंडा उसके लिए झुकता। आज दिल्ली में मिर्जा ग़ालिब पिक्चर चल रही है। इसकी कहानी इसी दिल्ली में, मोरी गेट में बैठ कर मंटो ने लिखी थी। एक दिन हम मंटो की तस्वीर भी बनाएंगे और उससे लाखों रुपये कमायेंगे।' मिर्जा ग़ालिब'1954 में रीलीज हुई तो उसकी स्पेशल स्क्रिनिंग राष्ट्रपति भवन में भी हुई। राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश की कई गणमान्य हस्तियों के साथ इसे देखा और पसंद किया। फिल्म देखने के बाद पंडित नेहरू ने सोहराब मोदी से कहा, 'आपने ग़ालिब को वापस जीवित कर दिया है।' इसमें भारत भूषण ने गालिब की भूमिका निभाई। मिर्जा गालिब ने अखिल भारतीय सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक और हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का रजत पदक जीता। बेशक, मिर्जा गालिब फिल्म ने उस अजीम शायर को जिंदा कर दिया था। इसका श्रेय मंटो को भी जाता है।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



सामरिक

डॉ. एल.एस. यादव

इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुहंतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। तूफानों में भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने वाली भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया। चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल व उत्तराखंड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है।

# उपलब्धियों वाला रहा रक्षा क्षेत्र

समाप्त हो रहा वर्ष 2023 रक्षा क्षेत्र के लिए विकास एवं उपलब्धियों वाला कहा जाएगा, क्योंकि इस वर्ष देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक कार्य हुए और भारत रक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम रहा। इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुहंतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। तूफानों में भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने वाली भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया।

चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल व उत्तराखंड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है। पाकिस्तान सीमा पर बढ़ती आतंकी घुसपैठ व गोलीबारी के कारण चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। चीन व पाक की इन हरकतों से निपटने के लिए जवानों को आक्रामक तौर पर मजबूत किया गया। सैन्य ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से सेना के तोपखाने को तथा वायु सेना के लड़ाकू विमानों की तैनाती बढ़ाई गई। इसके अलावा गहन युद्ध के लिए हथियार और गोला बारूद रखने की छूट दी गई।

वर्ष 2023 के दौरान रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर काफी आगे बढ़ा। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए विदेश से रक्षा आयात को कम करने का फैसला लेकर रक्षा उपकरणों को स्वदेषी कंपनियों से खरीदने के आर्डर दिए गए। डीएसी की बैठक में 97 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान, 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, तीसरे नए स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण, सुखोई-30 एमकेआई श्रेणी के 87 विमानों का आधुनिकीकरण, 5.56 ग 45 कार्बाइन, 200 माउंटेन गन सिस्टम, 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम तथा मध्यम दूरी की जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलों के खरीदे जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इससे भारतीय सेनाओं की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। डीएसी की मंजूरी वाली 2.23 लाख करोड़ रुपये की यह खरीद घरेलू रक्षा उद्योगों से की जाएगी। वर्ष 2023 में रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया जो कि एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा रक्षा निर्यात नई ऊंचाइयों को पार करते हुए 16000 करोड़ तक पहुंच गया। यह पिछले वर्ष करीब 3000 करोड़ रुपए था। डीएसी ने तीसरे विमानवाहक पोत के निर्माण को मंजूरी दे दी है। नौसेना के पास अभी दो विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत हैं। इनमें से विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था और विक्रांत स्वदेश निर्मित है। नया विमानवाहक पोत स्वदेशी विक्रांत की तरह ही होगा। यह पोत 40000 करोड़ की लागत से बनेगा। 45000 टन वजन वाला यह पोत कोचीन शिपयार्ड में बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 262 मीटर, चौड़ाई 62 मीटर और उंचाई 59 मीटर की होगी। इसकी गति 52 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। यह पानी में तैरते हुए किसी सैन्य अड्डे की तरह



होगा। इस पर तकरीबन 28 लड़ाकू विमानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर, मिसाइल, रॉकेट, गन और बमों जैसे खतरनाक हथियार तैनात रहेंगे। यह 400 किलोमीटर की एरिया की निगरानी करेगा और इतने क्षेत्र के खतरों से निपटने में सक्षम होगा। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत काफी बढ़ जाएगी।


स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत 'सूरत' के शिखर का अनावरण 6 नवंबर को किया गया। अग्रिम मोर्चे की निर्माणाधीन परियोजनाओं के तहत प्रोजेक्ट 15 बी में चार निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोतों का निर्माण शामिल है जिनमें से सूरत चौथा और आखिरी पोत है। यह पोत शत्रु की पनडुब्बियों, युद्धपोतों, एंटी सबमरीन मिसाइलों और युद्धक विमानों का मुकाबला करने की क्षमता रखता है। इसके शामिल होने से नौसेना की विध्वंसक क्षमता काफी बढ़ जाएगी। नौसेना को स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस इंफाल 26 दिसम्बर को मिल गया। यह समुद्र में शत्रु की चालबाजियों पर नजर रखेगा। इंफाल सबसे उन्नत किस्म का विध्वंसक युद्धपोत है। यह युद्धपोत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। इसके अलावा इसमें पोतरोधी मिसाइलें व तारपीडो भी लगे हैं। यह अत्याधुनिक हथियारों एवं सेंसरों से लैस एक शक्तिशाली तथा बहुआयामी युद्धपोत है। इस जहाज में ब्रह्मोस एसएसएम के अलावा एम.आर.सेम, तारपीडो ट्यूब लॉन्चर्स, एंटी सबमरीन रॉकेट लॉन्चर्स और 76 एमएम री एस.आरजीएम की तैनाती शत्रु सेना के लिए काल बन जाएंगे। 22 नवंबर को भारतीय नौसेना को तीसरी बार्ज नौका 'मिसाइल सह गोला बारूद बार्ज, एलएसएएम 9 (यार्ड 77)' प्राप्त हो गई है। बार्ज नौका को मुम्बई के नौसेना डॉकयार्ड के आईएनएस तुणीर में शामिल किया गया। यह नौका भारतीय नौसेना के लिए 30 वर्षों तक काम करेगी। बार्ज नौका पर 8 मिसाइलों के साथ-साथ गोला बारूद भी लेकर जाया जा सकता है। इसके शामिल होने से नौसेना के जरूरी सामान इधर से उधर ले जाने में तथा चढ़ाने-उतारने में जो मदद मिलेगी उससे नौसेना की परिचालन गतिविधियों को तेजी प्राप्त होगी। अब समुद्र तट के आसपास एवं बाहरी बंदरगाहों पर भारतीय जहाजों के लिए गोला बारूद की आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी। वायुसेना के लिए परिवहन विमान सी-295 का उत्पादन चालू करने के लिए गुजरात के बड़ोदरा में इसके प्लांट की आधारशिला रखी गई। अब इन विमानों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। अमेरिका की जेट इंजन निर्माता कंपनी जीई एरोस्पेस और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच जेट इंजन बनाए जाने को लेकर समझौता हुआ जिससे लड़ाकू विमानों के इंजन अब भारत मे ही बनेंगे। भारतीय वायु सेना को सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने की अनुमति मिल गई है। मिग-21 विमानों की कमी को पूरा करने के लिए वायु सेना 60000 करोड़ रुपए की लागत से 87 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य किया जाएगा।

लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। राफेल विमानों की तैनाती लद्दाख सीमा पर की गई। हल्के तेजस विमान भी मिग-21 विमानों की जगह ले रहे हैं। सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 मल्टी रोल एयरक्राफ्ट और जगुआर जैसे विमान हर मौसम में लड़ाई के तैयार हैं। चीन से लगती सीमा के पास प्रमुख हवाई अड्डों पर दुनिया के सबसे हाईटेक मल्टीरोल हेलीकॉप्टर अपाचे एवं चिनूक हर मोर्चे से निपटने के लिए तैनात किए गए हैं। इस तरह चीन व पाकिस्तान से किसी भी स्थिति में निपटने को वायु सेना तैयार है।

(लेखक सैन्य विज्ञान विशय के प्राध्यापक रहें हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित

दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा। *-स्वामी मैथिलीशरण*

## भगवान को धन की जरूरत नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपये मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपये लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपये से इन भक्तों को भोजन करा दूं। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपये खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपये बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपये जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपये श्री जगन्नाथ जी के चरणों में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपये स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपये का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नकद चढ़ाए गए।

## सटाका




## आज की पाती

### 'एक देश एक चुनाव' क्यों जरूरी

25 जनवरी, वर्ष 1950 को स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र को स्थापित करने के लिए चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। जब से चुनाव आयोग की स्थापना हुई है और जो कोई भी निर्वाचन आयुक्त हुए, उनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया में सुधार हुआ भी है। देश में हर समय चुनाव का मेला लगा रहने से आदर्श आचार संहिता के कारण नए विकास के काम रफ्तार नहीं पकड़ पाते, इससे राजनीतिक दलों के खर्च पर नियंत्रण तथा चुनाव में कालाधन खपाने जैसी समस्याओं पर भी लगाम नहीं लग पाता। सरकारी विभागों के कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त रहते हैं। इससे आमजन को सरकारी विभागों में काम करवाने में परेशानी होती है।

**- संदीप देवांगन**, रायगढ़

## ट्रेंड

### रक्षा का संकल्प



वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए, कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। वीर बालदिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का उद्बोधन हम सभी को विशेषकर देश की युवा पीढ़ी को विरासत पर गर्व कर आगे बढ़ने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### आविर्भाव दिवस की शुभकामनाएं



ईश्वर एवं गुरु तत्त्व की समन्वित अभिव्यक्ति अपने आश्रितजनों को श्रेष्ठता के शिखर वरेण्य तत्त्व का साक्षात्कार कराने वाले वेद योगादि विद्याओं के प्रवर्तक आद्य गुरु महायोगी भगवान दत्तात्रेय के आविर्भाव दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### आशा के अनुरूप काम



लोक सभा चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर बिहार प्रदेश के नेताओं से चर्चा हुई। बिहार में महागठबंधन सरकार लोगों को आशा के अनुरूप काम कर रही है। हम सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### नौसेना का धन्यवाद




नौसेना का नया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'इम्फाल' पर भारतीय नौसेना को धन्यवाद। हमारे महासागरों को सुरक्षित बनाने के लिए और हम अपने कार्यबल के कौशल और तकनीकी क्षमताओं में भारी उन्नयन का स्वागत करते हैं जो घर पर ऐसे जहाजों के निर्माण से आता है।

**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# गाजा में हजारों युद्धपीड़ितों की जिंदगी हुई नरक


इजराइली हवाई हमले में घायल हुई 22 वर्षीय शाइमा नाबाहिन के सामने उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया जब चिकित्सकों ने उसे दो विकल्प दिए – या तो अपना बायां पैर कटवा लो या फिर मरने के लिए तैयार रहो। इजराइली हवाई हमले में उसका टखना कुचला गया था और शाइमा को लगभग एक सप्ताह तक गाजा में अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। चिकित्सकों ने बताया कि उसके खून में जहर फैल गया। चिकित्सकों द्वारा दिए गए दो विकल्पों में से शाइमा ने जीवित रहने का विकल्प चुना और अपने पैर को घुटने से नीचे 15 सेंटीमीटर (छह इंच) कटवाने पर राजी हो गई। इस फैसले ने विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा के जीवन को पूरी तरह से बदलकर रख दिया। गाजा में युद्ध में घायल हजारों लोगों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि कुछ मामलों में उचित इलाज से अंगों को बचाया जा सकता था। लेकिन इजराइल के कई हफ्तों के हवाई और जमीनी हमले के बाद गाजा के 36 अस्पतालों में केवल नौ अस्पताल अभी संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनमें बहुत भीड़ है, इलाज की सीमित व्यवस्था है और सर्जरी करने के लिए बुनियादी उपकरणों की कमी है।



## ऑफ बीट

# मुझे कोविड है! लॉग कोविड की कितनी संभावना है?

ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में ईजी .5 या एरिस कोविड वैरिएंट प्रमुख है। एरिस, अन्य परिसंचारी उपभेदों के साथ, ओमिक्रॉन के वंशज हैं। हालांकि ये स्ट्रेन मूल अल्फा और डेल्टा वेरिएंट की तुलना में कम गंभीर दिखाई देते हैं, लेकिन लंबे समय तक कोविड का खतरा बना रहता है। तो नवीनतम डेटा लंबे समय तक कोविड की संभावना के बारे में क्या कहता है? आपको किन लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए? और लंबे समय तक कोविड से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए क्या किया जा सकता है? जब कोविड 'लॉग कोविड' बन जाता है।अधिकांश लोगों के लिए, लंबे समय तक कोविड का मतलब है कोविड संक्रमण के बाद ठीक नहीं होना। विश्व स्वास्थ्य संगठन लंबे समय तक चलने वाले कोविड को बीमारी के संक्रमण की शुरुआत से कम से कम तीन महीने तक जारी रहने वाले या नए लक्षणों के रूप में परिभाषित करता है जो कम से कम दो महीने तक रहता है और इसे वैकल्पिक निदान द्वारा समझाया नहीं जा सकता है। सबसे आम लक्षणों में थकान, सांस फूलना, सिरदर्द और पेट दर्द शामिल हैं। लेकिन लंबे समय तक कोविड से पीड़ित लोग हृदय संबंधी समस्याओं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे अवसाद और चिंता, अनिद्रा, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं सहित कई प्रकार की समस्याओं का अनुभव कर सकते हैं।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## इंदौर-भोपाल बाजार

### दलहन भाव

चना कांटा 5875 - 5900 विशाल चना 5700 - 5750 डंकी चना 5300 - 5400 मसूर 5890 - 5900 मूंग एवरेज 7000 - 8000 बोल्ड मूंग 8500 - 8510 बारिश की मूंग 9000 - 9600 उड़द बेस्ट - 8200 - 8700 एवरेज मीडियम उड़द 7000 - 7700 हल्की उड़द 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 8000 - 8700 रुपए।

### तिलहन भाव

सोयाबीन 4740 - 4750 सरसों निमाड़ी 6200 - 6400 रायडा 4800 - 4805 रुपए क्विंटल।

### दाल भाव

तुअर दाल फूल 13100 - 13200 तुअर दाल सवा नंबर 12700 - 12800 चना दाल 6700 - 7700 एक्स्ट्रा बोल्ड 8200 मसूर दाल 7250 - 7350 मूंग दाल 9600 - 9800 मूंग मोगर 9900 - 10000 उड़द दाल 13200 - 13400 उड़द मोगर 13500 - 14000 रुपए।

### चावल भाव

कोहिनूर बासमती वंड 14400 - 14500 तिबार 12000 - 12100 मिनी दुबार 7000 - 7100 दुबार पोनिया 8400 - 8700 मोगरा 6000 - 6100 मिनी मोगरा 5000 - 5100 मिनी मोगरा टू 4000 - 4100 बासमती (921)10000 - 11000 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6500 - 9000 रुपए।

### किराना बाजार

सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 575 - 675 काजू टुकड़ी 525 - 550 बादाम (देसी - आयातित) 640 - 750 किशमिश कंधारी 450 - 475 बेस्ट 550 - 650 इंडियन 115 - 220 अंजीर 750 - 1050 बेस्ट 1150 - 1200 मनुक्का 500 - 650 बेस्ट 750 - 850 मखाना 450 - 900 मोटा पिस्ता 1500 - 1700 रुपए किलो।

### तेल बाजार

मावा - 300 रुपए किलो।

मूंगफली तेल इंदौर 1580 - 1600 मुंबई 1600 - 1602 गुजरात 1565 - 1575 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 875 - 880 सोया सॉल्वेंट 830- 835 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 873 - 875 सोया डीगम (बिना टैक्स) 843 - 845 इंदौर पाम ऑइल 875 - 877 मुंबई पाम ऑइल 818 - 820 गुजरात कपास्या तेल 818 - 820 रुपए।

राजकोट तेलिया मूंगफली तेल 2500 - 2505 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

### इंदौर सराफा बाजार

सोना 10 ग्राम 63100 रुपए।

चाँदी 74850 रुपए किलो।

चाँदी सिक्का 850 रुपये प्रति नग।

सोना 2064 डॉलर प्रति औंस।

चांदी 2434 सेंट प्रति औंस।

## एथेनॉल के लिए मक्के की मांग, प्लांटों की बंपर खरीदी

# पोल्ट्रीफॉर्म्स में मक्के की किल्लत ऊंचे दाम पर मिल रहा मक्का

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

### इस बार नई फसल आने पर भी नहीं घटा मक्के का भाव

एथेनॉल बनाने के लिए चावल, मक्का और अन्य अनाजों को शामिल किया गया. लेकिन इथेनॉल उत्पादन के लिए प्लांट वालों में इन दिनों मक्का की बंपर मांग है। एथेनॉल प्लांटों वाले मंडियों और सीधे मक्का उत्पादक किसानों से मक्का की खरीदी ऊंचे दाम पर किए जाने से इस बार सीजन में मक्के की नई फसल आने के बाद भी इसके भाव में कमी नहीं आई। बाजार जानकारों के अनुसार एथेनॉल प्लांट वालों द्वारा मक्के की बंपर खरीदी किए जाने से पोल्ट्री फॉर्मर के सामाने मक्के की कमी का संकट खड़ा हो गया है। फॉर्मर को मुर्गियों को दाने के रूप में मक्का की खरीदी ऊंचे दाम पर करनी पड़ रही है।

पोल्ट्री फॉर्मर सुरेन्द्र दागी के अनुसार मौजूदा समय में मंडियों में मक्के का थोक भाव 2300 रुपए क्विंटल बोला जा रहा है। जो कि दो महीने पहले 1800 से 1900 रुपए क्विंटल थे। दागी के अनुसार बीते पांच सालों की बात करे तो मक्के की नई क्राप आते ही इसके भाव 1400 से 1500 रुपए क्विंटल के स्तर पर पहुंच जाते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। नई फसल आने के बाद भी मक्का 1800 से 1900 रुपए क्विंटल के भाव ही बोला गया। इसकी मुख्य बजह यह रही कि मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से जो एथेनॉल प्लांट स्थापित हुए, उनके द्वारा मक्के की बंपर खरीदी की गई और की जा रही है।



### भोपाल में 2500 और मप्र में 30 हजार से अधिक पोल्ट्री फार्मर

पोल्ट्री फार्म से जुड़े सुरेन्द्र दांगी ने बताया कि भोपाल जिले में करीब 2500 और मध्यप्रदेश में 30 हजार अधिक पोल्ट्री फॉर्मर है। भोपाल जिले में संचालित पोल्ट्री फॉर्मर को करीब 10 हजार मीट्रिक टन मक्का बतौर मुर्गी दाने के रूप में प्रति वर्ष खपता है। लेकिन इस साल मक्का सीजन के दो माह बाद ही इसके भाव हाई लेवल पर पहुंच गए है और उम्मीद है कि मक्का के भाव में और उछाल आएगा।

### मध्यप्रदेश में करीब 22 से अधिक एथेनॉल प्लांट

जानकारों के अनुसार मध्यप्रदेश के जबलपुर, बैतूल, हरदा, शाजापुर जिले के आगर मालवा के घुरसिया और मानकपुर सहित करीब 22 जिलों में एथेनॉल प्लांट संचालित है। जो मक्का सहित राइस मिलों से निकलने वाली धान की भूसी का एथेनॉल बनाने में करते हैं।

### मक्के की कृत्रिम कमी बनाने का शक, सरकार लगा सकती है स्टॉक

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय मक्का एवं मक्का उत्पादों का निर्यात लगभग ना के बराबर हो रहा है। इस वजह से भारत सरकार को होने वाले भारी निर्यात राजस्व का नुकसान भी झेलना पड़ रहा है जो कि एक गंभीर चिंता का कारण है। गत वर्ष तक मक्के का वार्षिक निर्यात लगभग 36 लाख टन था, जो इस वर्ष 1.5 लाख टन तक भी नहीं पहुंच पाया है। मक्का निर्यात में करीब 95 प्रतिशत की भारी कमी दर्ज की गई है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि दिसंबर तक मक्का निर्यात की इस भारी कमी के कारण लगभग 28 लाख टन अतिरिक्त स्टॉक बन गया हैं। इथेनॉल उद्योगों की मक्का खपत आठ-नौ लाख टन से ज्यादा नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि मक्के की उपलब्धता में कोई कमी नहीं है एवंएक विशेष वर्ग के लोगो द्वारा कृत्रिम शॉर्टेज पैदा की जा रही है। सरकार ने कहा है कि इथेनॉल उद्योग के नाम पर जो लोग मक्के की शॉर्टेज बना रहे हैं, उन पर सरकार द्वारा पैनी नजर रखी जाएगी। सरकार ने संज्ञान में लिया है कि मक्का में अब तक लगभग 25-30 लाख टन की जमाखोरी की गई है, जो अभी भी जारी है।



# न्यू मार्केट में निगम की गाड़ी आई इधर-उधर घूमी और बस चली गई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अतिक्रमण हटाने की खानापूर्ति के वास्ते नगर निगम के अमला न्यूमार्केट में सोमवार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। लेकिन समूचा मार्केट बंद होने से अतिक्रमण नहीं दिखा। एक दूसरे दिन मंगलवार जब मार्केट खुला तो निगम की गाड़ी पहुंची और मार्केट में फौरी तौर पर तफरी की और चली गई। मार्केट के व्यापारियों के अनुसार जिस प्रवेश द्वार से नगर निगम की गाड़ी आई उसी गेट यानी क्वालिटी के सामने टेबल पर फल और कपड़े बिक रहे है। लेकिन निगम की गाड़ी इन्हें देख कर भी अनदेखा कर दी है और अमला रास्ते में दुकान लगाने से मना करने की जहमति नहीं उठाते।

व्यापारियों के अनुसार इतना ही मार्केट हॉकर्स और वेंडर मार्केट के रास्ते में टेबल, रिंग में अपनी दुकानें तो सजाया ही है इन्होंने बिजली के खंबे और बिजली की तारों तक को नहीं छोड़ा। संरक्षण प्राप्त हॉकर्स और वेंडरों में मार्केट की पूरी फिजा बिगाड़ रखी है।



बिजली के खंबे और बिजली के तारों पर टंगे कपड़े



रास्ते में टेबल पर दुकान सजी, निगम अमला कुछ नहीं बोला

## खास टेक्नीक के जरिए पकड़ रहा विभाग

# रिफंड के लिए गलत दावे करने वालों की खैर नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इनकम टैक्स बचाने के लिए एचआरए, मेडिकल इंश्योरेंस, होम लोन और 80सी के तहत टैक्स सेविंग इनवेस्टमेंट्स में गड़बड़ी करने वालों की अब खैर नहीं है। टीडीएस और आईटीआर फॉर्म में दी गई जानकारी में मिसमैच का पता लगाने के लिए इनकम टैक्स विभाग एक खास टेकनीक का इस्तेमाल कर रहा है।

दिसंबर में मुंबई, दिल्ली और दूसरे कई बड़े शहरों की कई कंपनियों को धारा 133सी के तहत नोटिस भेजे गए हैं। यह सेक्शन 2014-15 में शुरू किया गया था। इसके तहत इनकम टैक्स विभाग डिटेल वेरिफाई करने के लिए नोटिस भेज सकता है। कंपनियों को




दी गई जानकारी कंफर्म करने या करेक्शन स्टेटमेंट देने को कहा जा रहा है। जानकारी के अनुसार इसका मकसद ऐसे मामलों का पता लगाना है जहां टैक्स की चोरी की गई है। इन मामलों में या तो कंपनियों ने कम टीडीएस काटा है या कर्मचारियों ने एक्स्ट्रा इनवेस्टमेंट डिक्लरेशन के जरिए रिफंड का दावा किया है। कर्मचारियों ने पहले इसकी जानकारी नहीं दी लेकिन आईटीआर भरते समय इसे शामिल कर लिया।

## केंद्र ने खुले बाजार में 3.46 लाख टन गेहूं व 13,164 टन चावल बेचा

नई दिल्ली। सरकार ने घरेलू आपूर्ति को बढ़ाने व खुदरा कीमतों को काबू में करने के प्रयासों के तहत थोक उपभोक्ताओं को ई-नीलामी के जरिए 3.46 लाख टन गेहूं और 13,164 टन चावल बेचा है।

सरकारी बयान के मुताबिक आयोजित 26वीं ई-नीलामी में चार लाख टन गेहूं और 1.93 लाख टन चावल की पेशकश की गई थी। ई-नीलामी में 3.46 लाख टन गेहूं व 13,164 टन चावल क्रमशः 2,178.24 रुपए प्रति क्विंटल और 2905.40 रुपए प्रति क्विंटल के भारित औसत पर बेचा गया। चावल, गेहूं और आटे की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार गेहूं व चावल दोनों की साप्ताहिक ई-नीलामी आयोजित कर रही है। नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम ई-नीलामी कर रही है।

देश में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्य की दिशा

# अडाणी ग्रीन एनर्जी ने किया 1,799 मेगावाट सौर बिजली आपूर्ति के लिए सेकी से समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने 1,799 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

अडाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस पीपीए पर हस्ताक्षर के साथ कंपनी ने 8,000 मेगावाट के विनिर्माण-संबद्ध सौर निविदा के तहत बिजली आपूर्ति का समझौता पूरा कर लिया है। कंपनी को जून, 2020 में सेकी से यह अनुबंध मिला था।




### संयंत्र गुजरात के मुंद्रा में है

अडाणी ग्रीन पहले ही अपनी सहयोगी कंपनी मुंद्रा सोलर एनर्जी लिमिटेड (एमएसईएल) के माध्यम से दो गीगावाट सालाना क्षमता वाला एक सौर पीवी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण कारखाना चालू कर चुकी है। यह संयंत्र गुजरात के मुंद्रा में स्थित है। अडाणी ग्रीन के पास अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडानी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग फोर लिमिटेड के माध्यम से मुंद्रा सोलर एनर्जी लिमिटेड के 26 प्रतिशत शेयर हैं।

### आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में भी योगदान

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमित सिंह ने बयान में कहाकि अडाणी ग्रीन एनर्जी न केवल देश में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्य की दिशा में बल्कि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में भी योगदान दे रही है।' उन्होंने कहाकि हमें सबसे बड़े हरित पीपीए को पूरा करने और एक भरोसेमंद ऊर्जा परिदृश्य को साकार करने में खुशी हो रही है।

भारत के वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हरित ईंधन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप अडाणी ग्रीन 45 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है। यह हमारी मौजूदा परिचालन क्षमता का पांच गुना है। कंपनी ने सेकी की विनिर्माण से जुड़ी सौर पीवी निविदा की प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है। इसमें दो गीगावाट क्षमता की पीवी (फोटो वोल्टिक) सेल और मॉड्यूल विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करना शामिल है।

## बिजनेस न्यूज

### भोपाल मेले में आज मेदांता हास्पिटल गुड़गांव के डॉक्टर्स का निःशुल्क जांच शिविर

**भोपाल ।** टीटी नगर के दशहरा मैदान पर चल रहे भोपाल उत्सव मेले में आज 27 दिसंबर दोपहर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक मेदांता हॉस्पिटल गुड़गांव के हृदय रोग व छाती (फेफड़ा) रोग (पल्मोनोलॉजी) विशेषज्ञों द्वारा मुफ्त जांच परामर्श शिविर लगाया जा रहा है। इसमें ई.सी.जी, ब्लड प्रेशर आदि जांचों के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। मेला समिति के डॉ. योगेंद्र मुखरैय्या और डॉ. महेश गुप्ता ने आमजनों से विशेषज्ञ डॉक्टर्स से स्वास्थ्य लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम

**भोपाल।** राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च हॉस्पिटल भोपाल के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के विद्यार्थियों को आयुर्वेद



पाठ्यक्रम से अवगत कराने के उद्देश्य से ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा एवं आयुर्वेद फेडरेशन ऑफ इंडिया, दिल्ली के संस्थापक डॉ. अभिषेक गुप्ता बतौर अतिथि पधारे । इस अवसर पर शर्मा ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के महत्व के बारे में बताते हुए आह्वान किया कि वे इस महान चिकित्सा परंपरा को आगे ले जाने में अपनी पूरी शक्ति लगाएं। डॉ. अभिषेक गुप्ता ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के क्षेत्र में उद्यमी बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद 7000 करोड़ का बाजार है और इसमें उद्यम की अपार संभावना है। उन्होंने विद्यार्थियों को सिखाया कि सफल उद्योग कैसे स्थापित किया जा सकता है, उद्यमिता में क्या चुनौतियां आती हैं और उनका सामना कैसे किया जाता है। राधारमण समूह के चेयरमेन आर आर सक्सेना ने कहा कि राधारमण आयुर्वेद महाविद्यालय आयुर्वेद की उत्तम शिक्षा एवं चिकित्सा देने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. गोविंद मोयल ने मंच संचालन किया एवं डॉ. दर्पण गाँगिल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र मिश्रा, उप प्राचार्य डॉ. प्रमेंद्र रघुवंशी, डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. दर्पण गाँगिल, डॉ. महेंद्र रघुवंशी, डॉ. राजू मीणा एवं अन्य द्वारा आयुर्वेद फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किये जाने वाले ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के पोस्टर का अनावरण भी किया गया।

### भाभा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज ने आयोजित किया निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के भाभा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज द्वारा नि :शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन सर्वधर्म सेक्टर बी, कोलार रोड, शिव मंदिर प्रांगण में किया गया। 100 से ज्दा लोगों का मुख परीक्षण किया गया। विभाग प्रमुख डॉ. नीरज चौहान द्वारा तम्बाकू से होने वाली बीमारियों की जानकारी मरीजों को दी गई। एवं स्वस्थ शरीर के लिये दांतों का महत्व लोगों को समझाया गया। शिविर में डॉ अभिषेक गुप्ता ने दंत एवं मुख संबंधी अन्य बीमारियों की जानकारी भी वहां उपस्थित लोगों को दी।

### सोमानी सेरेमिक्स ने लांच किया 'सोमानी मैक्स' कवर स्टोन

**नई दिल्ली।** सेरेमिकटाइल्स एवं इनसे जुड़े प्रोडक्ट्स में ग्लोबल लीडर सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड ने अपने नए ब्राण्ड 'सोमानी मैक्स' के तहत लक्जरी स्लैब्स के 15एमएम कलेक्शन, कवरस्टोन 15 का लांच किया। कवरस्टोन 15 सोमानी की एफसीएस (फ्रिटेज कॉम्पैक्ट स्लैब) टेक्नोलॉजी से पावर्ड है, जोस्लैब को उंचे तापमान पर विशेष प्रक्रिया के माध्यम से बनाकर शानदार सरफेस प्रॉपर्टीज प्रदान करती है। जिससे सरफेस घनी, मजबूत, नोन-पोरस और टिकाऊ हो जाती हैं। साथ ही यह टेक्नोलॉजी सरफेसकोआग, कैमिकल, धब्बे एवं खरोच रोधी बनाती है। सोमानी ने हाल ही में मोरबी, गुजरात में आधुनिक कंटी न्यू आप्लस टेक्नोलॉजी के साथ 27 एकड़ में इंटीग्रेटेड प्लांट की स्थापना की। यह नई युनिट अनुकूलित प्रोडक्शन प्रक्रिया से युक्त है और आने वाले समय में इसके किल्न में हाइड्रोजन का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इस अवसर पर अभिषेकसोमानी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवंसीईओ, सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड ने कहाकि हम एफसीएस टेक्नोलॉजी से युक्तआधुनिक कवर स्टोन 15 रेंज लेकर आए हैं।

### सस्टेनेबिलिटी रेटिंग में लैंक्सेस फिर से शीर्ष स्थान पर

**मुंबई।** केमिकल कंपनी लैंक्सेस ने एक बार फिर दिखाया है कि वह टिकाऊ विकास के मामले में कितनी आगे है। इस कंपनी ने डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) यूरोप में केमिकल्स श्रेणी में 100 में से 79 अंक प्राप्त करके पहला स्थान हासिल किया है। डीजेएसआई वर्ल्ड में यह कंपनी तीसरे स्थान पर रही है। लैंक्सेस ने जल, उत्पाद प्रबंधन और व्यावसायिक सुरक्षा श्रेणियों में विशेष रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। नवंबर में रेटिंग एजेंसी एमएससीआई ईएसजी ने लगातार तीसरी बार लैंक्सेस की डबलए रेटिंग बरकरार रखी है। यह रेटिंग इस स्पेशियलिटी केमिकल कंपनी को डाइवर्सिफाइड केमिकल इंडस्ट्री की टॉप कंपनियों में से एक बनाती है। इसके अलावा, इकोवाडिस ने अगस्त में लैंक्सेस की प्लैटिनम सस्टेनेबिलिटी रेटिंग की पुष्टि की थी। यह गौरव इकोवाडिस द्वारा मूल्यांकित 100,000 से ज्यादा कंपनियों में से ऊपर की 1 फीसदी कंपनियों को प्रदान किया जाता है। लैंक्सेस एजी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य ह्यूबर्ट फिंक ने कहाकिहम सक्रिय रूप से इंडस्ट्री और ग्लोबल वैल्यू चेन के बदलाव को आकार देना चाहते हैं और इस प्रकार अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने में अपना योगदान करना चाहते हैं। डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स में कंपनी की रैंकिंग और एमएससीआई ईएसजी और इकोवाडिस द्वारा अच्छी रेटिंग यह साबित करती है कि हम सही रास्ते पर हैं।

### एसआरईसी और सीएलई में साझेदारी

**नई दिल्ली।** सॉलिडैरीडैड क्षेत्रीय विशेषज्ञता केंद्र (एसआरईसी) और काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स (सीएलई) ने घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय चमड़ा उद्योग के प्रदर्शन को और



मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी गढ़ी है। दिल्ली में हस्ताक्षरित हुआ समझौता ज्ञापन (एमओयू), भारतीय चमड़ा उद्योग के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि वाला मील का पत्थर है। 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2028 तक प्रभावी रहने वाला यह एमओयू, पांच साल की एक केंद्रीय व निर्णायक साझेदारी की शुरुआत करता है। यह साझेदारी, वर्ष 2008 में स्थापित एक प्रमुख गैर-लाभकारी संगठन एसआरईसी और भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत काम करने वाली सीएलई के बीच हुई है। चमड़ा कारखानों के कार्यबल को सशक्त बनाने और इन कर्मचारियों का कौशल बढ़ाने के प्रति अटूट समर्पण इस साझेदारी के मूल में है।

### स्नेहा फाउंडेशन की महिलाओं को दिया क्रिसमस पार्टी का तोहफा

**नई दिल्ली।** पिछले 30 वर्षों से ज्यादा समय से जी टीवी भारत के हिंदी एंटरटेनमेंट चैनलों की अगुवाई कर रहा है, जिसने अपने दर्शकों को ऐसी कहानियां और विषय दिखाए, जो उनके दिलों में उतर गए और उन्हें ऐसे किरदारों से मिलाया, जिनसे उन्हें प्यार हो गया। क्रिसमस के मौके पर जहां चारों तरफ प्यार, परवाह और देने की भावना हवा में है, वहीं इस चैनल ने गत 21 और 22 दिसंबर को स्नेहा (सोसाइटी फॉर न्यूट्रिशन, एजुकेशन एंड हेल्थ एक्शन) फाउंडेशन की महिलाओं को जी टीवी सितारों से मिलाने और उनके साथ क्रिसमस मनाने के लिए अपने दो लोकप्रिय शोज - कैसे मुझे तुम मिल गए और कुमकुम भाग्य के सेट पर आमंत्रित किया।

# सेंसेक्स 230 अंक चढ़ा निफ्टी 21400 के पार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स 229.84 (0.32 फीसदी) अंकों की बढ़त के साथ 71,336.80 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 91.95 (0.43फीसदी) अंकों की बढ़त के साथ 21,441.35 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली से बाजार में सपाट शुरुआत हुई। बाद में मेटल और फार्मा



सेक्टर के शेयरों में जबरदस्त खरीदारी बाजार संभला। इससे पहले शुक्रवार को सेंसेक्स 241 अंक चढ़कर 71,106 के स्तर पर बंद हुआ था।

### कलाकार मनाए नेशनल मैथेमैटिक्स-डे

**मुंबई।** गणित सबसे महत्वपूर्ण विषयों में से एक है और हर किसी की रोजाना की जिंदगी में यह काफी मायने रखता है। हर साल 22 दिसंबर को भारत में नेशनल मैथेमैटिक्स-डे मनाया जाता है। अतः इस बार नेशनल मैथेमैटिक्स-डे के मौके पर एंडटीवी के कलाकार गणित के साथ अपने संघर्ष की मजेदार कहानियां बताएंगे।


**कार्यालय कलेक्टर (जिला शिक्षा केन्द्र) बैतूल**

सर्व शिक्षा अभियान

पता - संयुक्त कार्यालय भवन द्वितीय तल कक्ष क्र. S-26

E-mail - zskbetmp@nic.in, zskbetmp@gmail.com - Ph. No. 07141-232449

क्र./जिशिके/पुस्तक परिवहन /2023/1012 बैतूल दिनांक 21/12/2023

**निःशुल्क पुस्तक परिवहन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई-निविदा**

जिला शिक्षा केन्द्र बैतूल द्वारा वर्ष 2024-25 में कक्षा 1 से 8 तक की निःशुल्क पाठय पुस्तकों एवं अन्य अध्ययन सामग्री तथा प्रयास, दक्षता उन्नयन एवं अन्य पुस्तकों का परिवहन विकासखण्ड स्तर से सीधे शाला स्तर पर किया जाना है। परिवहनकर्ता जो कार्य करने के इच्छुक है वह परिवहन कार्य संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश / विवरण https://mptenders.gov.in पोर्टल से प्राप्त कर, पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन निविदा हेतु आवेदन कर सकते हैं।

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र, बैतूल

जी-22285/23

दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

**कार्यालय उपवनमण्डलाधिकारी उपवनमण्डल, श्योपुर (म.प्र.)**

Email id -sdoftsheopur@mp.gov.in, Mob. No- 9424791925

पता स्टेशन रोड़ पुराना सामान्य वनमण्डल फॉरेस्ट कैम्पस श्योपुर (म.प्र.)

**- // सूचना //-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित वनअपराध प्रकरण में 1.64 चट्टा जलाउ लकड़ी में एक मोटरसाईकिल जप्त की गई है, जिसमें राजसात कार्यवाही प्राधिकृत आधिकारी/उपवनमण्डलाधिकारी श्योपुर द्वारा की जा रही है उक्त वाहन का मालिक हो व सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के पश्चात निम्नलिखित मोटरसाईकिलों की राजसात कार्यवाही अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जावेगी :-

| क्रं. | पी.ओ.आर.न./दिनांक | वनअपराध का विवरण/धारा | वाहन का नम्बर | पत्र क्रमांक व दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| (01) | (02) | (03) | (04) | (05) |
| 01 | 380/24 दिनांक 04.03.2023 | " भा.व.अ. 1927 की धारा 41 के तहत" | MP07-MX4651 | पत्र 1797 दिनांक 15.09.2023<br>पत्र 2057 दिनांक 09.10.2023<br>पत्र 2152 दिनांक 19.10.2023 |

(इन्द्रसिंह धाकड़)
प्राधि. अधि./उ.प.म.अ.
उपवनमण्डल - श्योपुर (म.प्र.)

जी-22276/23

दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

## खबर संक्षेप



### उपमुख्यमंत्री देवड़ा से मिले अतिथि शिक्षक

**भोपाल।** अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। अतिथि शिक्षकों ने आग्रह किया है शीघ्र अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करें। विभागीय परीक्षा, आरक्षण बोनस अंक सहित सभी आदेश जारी किए जाएं। इसके साथ ही अतिथि शिक्षक लोक शिक्षण संचालनायल के संचालक डी एस कुशवाह से भी मिले और अतिथि शिक्षकों की वर्तमान समस्याओं के समाधान पर चर्चा की।

### जबलपुर के प्रभारी फूड कंट्रोलर सस्पेंड

**भोपाल।** राज्य शासन ने जबलपुर के फूड कंट्रोलर को सस्पेंड कर दिया है। मोहन यादव कैबिनेट के गठन के बाद शासकीय काम में लापरवाही के मामले में की गई यह पहली कार्रवाई है। खाद्य, नागरिक और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने जबलपुर में पदस्थ प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टांडेकर को धान उपार्जन केंद्रों के मामले में लापरवाही पर यह कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में टांडेकर का मुख्यालय खाद्य विभाग संचालनालय भोपाल तय किया गया है।

### 3 लाख से अधिक विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति

**भोपाल।** प्रदेश में इस वर्ष अब तक 3 लाख 30 हजार विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई गई है। इन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में लगभग 459 करोड़ रुपए की राशि का वितरण किया गया है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति के तहत 32 लाख 16 हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में 263 करोड़ की राशि का वितरण किया गया है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पिछड़ा वर्ग के कक्षा 11, 12 और स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले विद्याथियों को उपलब्ध कराई गई है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई है।

# मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी दर बढ़ाने किए जाएंगे प्रयास

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं**

**मुख्यमंत्री ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मनरेगा के तहत प्रदेश में मजदूरी दर बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। वर्तमान में मप्र की मजदूरी दर 221 रुपए है, जिसे बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र भेजा गया है। केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद मजदूरी बढ़ाने का निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री यादव मंगलवार को मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों के लंबित कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। प्रदेश में 38 लाख लक्ष्य के विरुद्ध 35 लाख 60 हजार प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास पूर्ण किए गए हैं। शेष आवासों को भी शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से प्रदेश में एक लाख 10 हजार शालाओं के लगभग 45 लाख विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास मलय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



### 2021-22 से अभी तक प्रदेश में 23 करोड़ घन मीटर जल भराव क्षमता विकसित हुई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सड़कों की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। योजना के कार्यों में लापरवाही बर्दाशत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्यों को कार्य योजना बनाकर पूरा किया जाए। प्रदेश में सभी ग्रामों, मजरे-टोलों तक सड़कें पहुंचाने के लिए विभिन्न निर्माण विभागों से भी समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का लाभ पात्रतानुसार प्रदान किया जाए। कोई भी पात्र वंचित नहीं रहे। मुख्यमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों सहित विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में अमृत सरोवर, पुष्कर धरोहर तथा कैच द रेन कार्यों से 2021-22 से अभी तक लगभग 23 करोड़ घन मीटर जल भराव क्षमता विकसित हुई है।

## सीएम डॉ. यादव ने संभागों के प्रभारी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से कहा-

# ऐसा कार्य हो, जिसकी प्रदेश के विकास व कानून व्यवस्था के क्षेत्र में मिसाल दी जाए

**इंदौर, उज्जैन के बाद ग्वालियर के मिल श्रमिकों को भी मिलेगा लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संभाग स्तर पर जनता के कल्याण और योजनाओं के क्रियान्वयन को बेहतर बनाने राज्य स्तर से वरिष्ठ अधिकारियों को मॉनिटरिंग का दायित्व सौंपा है। प्रशासनिक कसावट के साथ लोगों को सरलता से सेवाएं प्राप्त होंगी और इससे विभिन्न कठिनाइयां दूर होंगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने मुख्यालय के साथ ही फील्ड में भी पर्याप्त समय देंगे। वे जरूरत के अनुसार रात्रि विश्राम कर जनता की समस्याएं समझते हुए निराकरण की प्रभावी कार्रवाई भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय सभाकक्ष में एक बैठक में संभागों के प्रभारी सभी अपर मुख्य सचिवों और सभी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि उज्जैन की विनोद मिल और इंदौर की हुकुमचंद मिल के श्रमिकों को देनदारी की राशि दी गई है। इसी तरह ग्वालियर की जेसी मिल के श्रमिकों को भी यह लाभ दिलाने के लिए रोडमैप बनाएं।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि ऐसा कार्य होना चाहिए, जिससे प्रदेश की विकास और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में मिसाल दी जा सकें। आगामी 20-25 वर्ष की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाएं और लागू करें। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा, डीजीपी एसके सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव ने संभागों में किए गए भ्रमण और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, संभागों में ली गई अधिकारियों की बैठकों का ब्यौरा दिया। जबकि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों ने भी संभागीय बैठकों का विवरण दिया।

**खास बातें**

- 20-25 वर्ष की आवश्यकताओं को ध्यान में रख बनाए योजना
- ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगाया अंकुश, इंदौर में 12 हजार कार्रवाई



### संभाग स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा

*राज्य शासन ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संभाग स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा के पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को संभागवार दायित्व सौंपे हैं। इससे अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी प्रभावी अनुश्रवण और पर्यवेक्षण का कार्य सुनिश्चित कर सकेंगे। जिलों में राज्य स्तर के विषयों का विभिन्न विभागों के समन्वय से निराकरण हो सकेगा। इस व्यवस्था में अपर मुख्य सचिव की ओर से दो माह में कम से कम एक बार संभाग के जिलों का भ्रमण कर प्रतिमाह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जिलों के लिए चिन्हित प्रमुख योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा के साथ ही मुख्यमंत्री की संभागीय बैठकों में भी अपर मुख्य सचिव उपस्थित रहेंगे। इसी तरह संभागों में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारियों को कानून व्यवस्था और पुलिस के कार्यों की समीक्षा का दायित्व सौंपा गया है।*

### आदतन अपराधियों के विरुद्ध बरती जा रही सख्ती

बैठक में बताया गया कि पिछले सप्ताह राज्य शासन ने निर्धारित मापदंड से तेज आवाज वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर अंकुश के लिए निर्देश दिए थे, इसके परिपालन में अकेले इंदौर में 12 हजार कार्रवाई की गई हैं। इसी तरह आदतन अपराधियों के विरूद्ध सख्ती बरती जा रही है। करीब एक हजार प्रकरण चिन्हित किए गए हैं। इनसे संबंधित प्रक्रियात्मक कार्रवाई चल रही है। इंदौर और उज्जैन में होमगार्ड जवानों को पुलिस बैंड प्रशिक्षण की पहल हुई है। यातायात व्यवस्था में सुधार की पहल भी की गई है। युवाओं द्वारा नशीले पदार्थों के उपयोग के नुकसान बताने के लिए आवश्यक जागरूकता अभियान के लिए सामाजिक न्याय विभाग के समन्वय से प्रयास किए जाएंगे।

### लोगों को रोजगार देने व स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और आध्यात्मिक स्थानों पर मूर्तियों के विक्रय और भगवान जी के वस्त्रों के विक्रय का कार्य होता है, यह सामग्री अन्य प्रांतों से आती है। स्थानीय लोगों को रोजगार देने और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए कला शिविर लगाकर ऐसी सामग्री के निर्माण में दक्ष बनाया जाएं। लघु उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाएं। इससे स्थानीय लोगों की भी आय वृद्धि होगी और विविध वस्तुओं की उपलब्धता से धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा।*

### कृषि के साथ पशुपालन और अन्य गतिविधियों के लिए सहयोग करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को कृषि कार्य के साथ ही पशुपालन के लिए भी आवश्यक सहयोग दिया जाएं। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उनकी आय वृद्धि के प्रयास हों। गुजरात जैसे राज्यों में ग्रामोद्योग के सफल प्रयोग हुए हैं, इन्हें मध्यप्रदेश में भी लागू किया जाए।

### देश के प्रख्यात धर्म-स्थलों की व्यवस्थाओं का करें अध्ययन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तिरूपति बालाजी की तर्ज पर उज्जैन में भी ट्रैफिक व्यवस्था के लिए कदम उठाएं जाएं। श्रद्धालुओं को आने-जाने में असुविधा न हो। यात्रियों का समय जाया न हो और वे आसानी से कम समय में दर्शन कर अन्य स्थान के लिए रवाना हो सके, ऐसी व्यवस्था विकसित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संक्रांति, सावन, माघ आदि के अवसर पर बुजुर्ग यात्री कुछ दिन विश्राम कर सकें, इसके लिए धर्म स्थलों के नजदीक आश्रम एवं अन्य आवासीय व्यवस्था की जाएं।

**पीएम मोदी ने सीएम डॉ. यादव को दी बधाई**

## समारोहः 1,282 तबला वादकों ने प्रस्तुति देकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह के तहत आयोजित ताल दरबार कार्यक्रम में एक साथ 1,282 तबला वादकों की प्रस्तुति कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स (ट्यूटर) पर कहा है कि यह अद्भुत, अविस्मरणीय, अद्वितीय है। इस नए विश्व रिकार्ड की उपलब्धि हासिल करने पर कलाकारों के साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की गरिमामयीA उपस्थिति रही। मैं संगीत की दुनिया के इन सभी कलाकारों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं, जिन्होंने भारतीय संगीत को इस आयाम तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया है।



## भोजपाल महोत्सव मेला बना हजारों लोगों के रोजगार का केंद्रः शुक्ला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में रोजाना लाखों की संख्या में शहरवासी परिवार के साथ मेला देखने पहुंच रहे हैं। मेले में शहर के गड़मान्य नागरिक, प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिध पहुंच रहे हैं। मंगलवार को मेले में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, रोजगार बोर्ड के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, बी डी ए के उपाध्यक्ष सुनील पाण्डे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के साथ भोजपाल महोत्सव मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी के साथ मेला समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्जवलित किया।

## सीबीआई से मप्र वापस आए आईपीएस श्रीवास्तव ने पीएचक्यू में दी ज्वॉइनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय पुलिस सेवा में 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी पंकज श्रीवास्तव केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस मध्य प्रदेश में आ गए हैं। सोमवार को उन्होंने पीएचक्यू में अपनी ज्वॉइनिंग दी। बता दें कि श्रीवास्तव फरवरी 2018 में सीबीआई में बतौर जॉइंट डायरेक्टर के पद पर प्रतिनियुक्ति पर गए थे। इसके बाद वे करीब 6 महीने से अध्ययन अवकाश पर दिल्ली में थे। बता दें कि प्रतिनियुक्ति पर जाने से पहले वह मध्य प्रदेश सरकार में ग्वालियर डी आई जी, सागर आईजी, पीएचक्यू में आईजी प्रशासन, एडीजी ईओडब्ल्यू जैसे प्रमुख पदों पर रह चुके हैं।



**एसपी बीना सिंह ने दी जानकारी**

## संप्रेषण गृह के बच्चों ने जानी 100 डायल सेवाओं की कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बाल संप्रेषण गृह के बच्चों ने मंगलवार को डायल-100 सेवा की कार्यप्रणाली समझी। एसपी डायल-100 बीना सिंह और उनकी टीम ने संप्रेषण गृह पहुंचकर करीब 50 बच्चों को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि डायल 100 की क्या विशेषताएं हैं और वह किस तरह काम करती है। कार्यक्रम में जेजे बोर्ड की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट श्रुति जैन, बोर्ड सदस्य डॉ. कृपाशंकर चौबे, मेखला श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ मौजूद था। एसपी बीना सिंह ने बच्चों को बताया कि 2015 से संचालित सेवा के पास वर्तमान में एक साथ 80 कॉल अटेंड करने की सुविधा उपलब्ध है। इसी तरह प्रदेश में 1000 और भोपाल में 50 फोर व्हीलर और 150 टू व्हीलर मदद के लिए मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि डायल 100 के पास हर माह औसतन 20 हजार कॉल आते हैं और इनमें से 15 फीसद कॉल का फीडबैक भी लिया जाता है।



## भाजपा की प्रदेश स्तरीय तीन बैठकें आज

**मुख्यमंत्री होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की बुधवार 27 दिसंबर को लगातार तीन बैठकें होंगी। पहली बैठक सुबह 10 बजे से भाजपा प्रदेश मुख्यालय में होगी। इस बैठक में लोकसभा काल सेंटर प्रभारी व सह प्रभारी शामिल होंगे। दूसरी बैठक दोपहर 12 बजे से होगी। तीसरी बैठक दोपहर एक बजे से रखी गई है। इसमें प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष व जिला महामंत्री शामिल होंगे। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल विशेष तौर पर शामिल होंगे। मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि उक्त बैठकों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, कुलजीत चहल व देवेश कुमार शामिल होंगे। इसमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रदेश व जिला टोली शामिल होंगी। तीसरी बैठक दोपहर एक बजे से आयोजित की जा रही है। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष व जिला महामंत्री शामिल होंगे। बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव समेत विभिन्न मुद्दों पर रणनीति बनाई जाएगी।






**भाजपा ने दिखाई लोकसभा चुनाव तैयारी की झलक**

# मंत्रिमंडल विस्तार में राहुल गांधी को दिया जवाब

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

**विशलेषण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल विस्तार से भाजपा ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। एक, नई सरकार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छाया से बाहर निकालने की कोशिश की गई है। दो, लगभग 43 फीसदी पिछड़ों को प्रतिनिधित्व देकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पिछड़े कार्ड का जवाब दिया गया है और तीन, नए-पुराने नेताओं, जातीय व क्षेत्रीय संतुलन साध कर लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू की गई है। विस्तार के बाद मंत्रिमंडल की पहली अनौपचारिक बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा भी कि हमें अभी से लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर काम करना हैं, क्योंकि चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खास अधिकांश पूर्व मंत्रियों, विधायकों को मंत्रिमंडल से दूर रखा गया है। हालांकि शिवराज ने दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद कहा था कि मंत्रिमंडल को लेकर भी चर्चा हुई है। यह संभव नहीं कि इस दौरान शिवराज ने अपने सबसे खास भूपेंद्र सिंह और बृजेंद्र प्रताप सिंह को मंत्री बनाए जाने की सिफारिश न की हो, पर इन्हें जगह नहीं मिली। उम्मीद की जा रही थी कि किसी नेता की चले या न चले, लेकिन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और शिवराज समर्थकों का ख्याल जरूर रखा जाएगा।

### क्षेत्रीय, जातीय संतुलन में सवर्ण पिछड़े

मंत्रिमंडल में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने की कोशिश तो हुई है, लेकिन सवर्णों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिला। जबकि भाजपा सवर्णों की नाराजगी का खामियाजा 2018 के विधानसभा चुनाव में भुगत चुकी है। क्षेत्रीय दृष्टि से महाकौशल, ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड और विंध्य अंचल से 4-4 विधायकों को मंत्री बनाया गया है, जबकि मध्य से 6 और मालवा-निमाड़ से सर्वाधिक 9 सदस्य मंत्रिमंडल में हैं। जातीय समीकरण साधते हुए सर्वाधिक 13 ओबीसी विधायक मंत्री बनाए गए हैं और 6 सवर्णों, 5 आदिवासी एवं 4 दलित विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। सिर्फ एक ब्राह्मण विधायक राकेश शुक्ला ही मंत्री बन सके हैं। संभवतः इसी की ओर इशारा करते हुए गोपाल भार्गव ने समाज के लिए काम करने की बात कही है।

### इन दिग्गजों को लेकर बनाया संतुलन

नौ बार से लगातार चुनाव जीतने वाले गोपाल भार्गव जैसे कद्दावर नेता के साथ कई अन्य दिग्गजों को घर बैठाया गया है तो विधानसभा चुनाव जीते भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और 4 पूर्व सांसदों को मंत्री बनाकर इस कमी को पूरा करने की कोशिश भी की गई है। इनमें कैलाश मालवा-निमाड़ अंचल संभालेंगे तो राकेश सिंह और प्रहलाद पटेल महाकौशल में पार्टी की नैया पार लगाएंगे। मंडला की आदिवासी विधायक संपत्तिया उइके को लेकर भविष्य में फग्गन सिंह कुलस्ते और ओम प्रकाश धुर्वे का विकल्प तैयार किया गया है। निमाड़ की झाबुआ-रतलाम सीट कांतिलाल भूरिया के कारण भाजपा के लिए चुनौती बन सकती है। इसीलिए इस क्षेत्र के चेतन कश्यप और नागर सिंह चौहान को जगह दी गई है।

### छिंदवाड़ा जैसे क्षेत्र को प्रतिनिधित्व नहीं

मंत्रिमंडल का विस्तार लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर किया गया, लेकिन जिस एक सीट छिंदवाड़ा में भाजपा कमलनाथ के कारण असहाय रहती है। एक छिंदवाड़ा लोकसभा सीट में ही कांग्रेस का कब्जा है। मंत्रिमंडल का यहां से कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। भाजपा जिले की सभी विधानसभा सीटें हार गई थी। इतना ही नहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के धार जिले से भी किसी विधायक को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली। यहां भी चुनाव में कांग्रेस को अपेक्षाकृत ज्यादा सफलता मिली है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव के प्रभाव वाले खरगोन एवं खंडवा का भी मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व नहीं है। जबकि खंडवा में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हर्ष सिंह चौहान ने बगावत का झंडा उठा रखा है। नेतृत्व की नजर इन सीटों पर क्यों नहीं पड़ी, समझ से परे है। बालाघाट और गुना को भी छोड़ दिया गया है।

## आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

# एजेंडा किया तय और फतह करने का बनाया 'मेगा प्लान'

## 3 चुनावों का बूथ विश्लेषण करके बनाई रणनीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर पूरी तरह से जुट गई है। जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने तैयारियों को लेकर मेगा योजना बनाई है।

पार्टी की बैठक में चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के लिए रणनीति बनाई गई। भाजपा की हाल ही में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग नई दिल्ली में संपन्न हुई। इसमें राज्यों में पार्टी किस तरह से चुनावी तैयारियां करेगी, इस पर बिंदुवार चर्चा की। इसके बाद खास बिंदुओं पर बात की और एजेंडा तय किया कि लोकसभा चुनाव जीतना होगा।

दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में फैसला



### ये हैं प्रमुख बिंदु और रणनीतिक चाल

- **क्लस्टर निर्माण और क्लस्टर प्रभारी:** प्रत्येक 3-4 लोकसभा को एक के रूप में समूहीकृत करना होगा। क्लस्टर और एक वरिष्ठ नेता होना चाहिए जो समय दे सके और चुनाव का प्रबंधन कर सके। उसे क्लस्टर प्रभारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। 5 से कम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र वाले राज्यों में क्लस्टर व्यवस्था आवश्यक नहीं है।
- **लोकसभा प्रभारी और लोकसभा संयोजक:** प्रत्येक लोकसभा के लिए एक प्रभारी (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से) और एक संयोजक (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंदर से) नियुक्त किया जाना है। संयोजक आकांक्षी नहीं हो सकता।
- **राज्य चुनाव प्रबंधन समिति, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति:** एक लोकसभा क्षेत्र वाले राज्य में केवल एक समिति का गठन किया जाएगा।
- **बूथ विश्लेषण** (2014 व 2019 आम चुनाव, हालिया असेंबली चुनाव) को 3 कैटेगरी में बांटा गया है। पहला तीनों चुनाव में बूथ जीते। दूसरा लोकसभा में बूथ जीते लेकिन विधानसभा में नहीं जबकि तीसरा किसी भी तीन चुनाव में बूथ नहीं जीते पर विश्लेषण होगा।
- **मोर्चा की गतिविधियां:** मोर्चा की गतिविधियों के बारे में एक अलग नोट संलग्न किया गया है। सभी मोर्चों को गतिविधि की सफलता के लिए विस्तार से योजना बनानी चाहिए और पार्टी इकाई को पूरी तरह से योजना बनानी चाहिए।
- **पार्टी में शामिल होने वाली टीम:** राज्य और जिला स्तर पर पार्टी में शामिल होने वाली टीम (सभी उम्मीदवारों की सूची बनाना) जिन्होंने सरपंच स्तर तक विभिन्न चुनाव लड़े।

### प्रत्येक वर्ग को साधने की योजना भी बनाई

**देश में 4 जगहों** पर लोकसभा विस्तारकों की कार्यशाला होंगी जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय गृह मंत्री शिरकत करेंगे।

**प्रत्येक लोकसभा** में 2019 की घटनाओं के कैलेंडर के आधार पर रिवर्स टाइम टेबल बनाया जाएगा।

**प्रत्येक राज्य में** 50-50 स्थानों पर बुद्धिजीवी, युवा, महिला, एससी, एसटी की बैठक होंगी।


**हर जोन पर सोशल** मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की बैठक की जाए।

**मीडिया कार्यशाला, युवा प्रवक्ता,** जिला, तहसील एवं समुदाय आधारित पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### खबर संक्षेप


#### लेह-लद्दाख में भूकंप के झटकों से कांपी धरती

**लद्दाख।** मंगलवार सुबह करीब 4 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के कारण लोग घरों के बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.5 मापी गई है। कारगिल, पुंछ और किश्तवाड़ में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। किश्तवाड़ जिले में सोमवार देर रात करीब 1.10 बजे रिक्टर स्केल पर 3.7 तीव्रता का भूकंप आया।




#### फिल्मी अंदाज में नदी में उतारी गाड़ी, चालान

**लाहौल।** जनजातीय क्षेत्र लाहौल के तांदी संगम में भागा नदी में एक पर्यटक ने गाड़ी उतार दी। माइनस तापमान और खून जमा देने वाली ठंड के बीच पर्यटकों की मस्ती ने सबको हैरान कर दिया। एक पर्यटक ने फिल्मी अंदाज में नदी के बीच से ही गाड़ी दौड़ा दी।मामला रविवार शाम का है। पुलिस ने 3,500 का चालान काटा है।



#### वडोदरा के फार्मा फैक्ट्री में गैस लीक, 4 भर्ती

**वडोदरा।** गुजरात के वोडदरा में मंगलवार सुबह 8 बजे एक फार्मास्युटिकल केमिकल कंपनी में पाइप से लीक हो गई। इससे प्रभावित चार श्रमिकों को भर्ती कराया गया। सभी श्रमिकों की हालत स्थिर है। यह घटना करीब आठ बजे हुई। दुर्घटना के समय नंदेसरी जीआईडीसी क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री परिसर में कई कर्मचारी मौजूद थे।



#### शिमला में निजी बस खाई में लुढ़की, सुरक्षित

**शिमला।** यहां मंगलवार सुबह एक निजी बस अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़क गई। हादसा करीब 9:15 बजे हुआ। बस शिमला से शोघी जा रही थी। बस में 14-15 यात्री सवार थे। बाइक को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई। बड़ा हादसा होने से टल गया और सभी यात्री बाल-बाल बच गए।



## राम मंदिर का कार्ड आएगा, तो क्या... 'घमंडिया' गठबंधन टूट जाएगा? पसोपेश कायम

# विपक्ष का 'धर्मसंकट'

# राम मंदिर जाने पर फंसा गठबंधन व पहुंचने पर आड़े आ रहा 'बंधन'

## भाजपा ने फिलहाल विपक्ष को आमंत्रण देकर गुगली फेंक दी, उलझा सारा विपक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर राजनीति तो होनी ही थी। भाजपा ने फिलहाल विपक्ष को आमंत्रण देकर गुगली फेंक दिया है। इंडिया गठबंधन के बहुत से साथियों के लिए ऊहापोह की स्थिति पैदा हो गई है।

फिलहाल भाजपा यही चाहती भी थी। इंडिया गठबंधन की 19 दिसंबर वाली बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी कि राम मंदिर का श्रेय लेने से किस तरह भाजपा को रोका जाए, पर राममंदिर को लेकर भाजपा की आक्रामक रणनीति में विपक्ष बुरी तरह फंस गया है। कम्युनिस्ट पार्टियों को छोड़कर अन्य दल अभी भी समझ नहीं पा रहे हैं कि उन्हें क्या करना चाहिए?



वामपंथियों ने रुख स्पष्ट किया

### सीपीआईएम नहीं होगी शामिल

*राम मंदिर मुद्दे पर सबसे पहली चिंता सीपीएम नेता सीताराम येचुरी ने की थी। वामदलों की ओर से सीपीआईएम नेता बृंदा करात ने क्लियर कर दिया है कि हमारी पार्टी अयोध्या में राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं होगी। हम धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करते हैं लेकिन वे एक धार्मिक कार्यक्रम को राजनीति से जोड़ रहे हैं। यह एक धार्मिक कार्यक्रम का राजनीतिकरण है। यह सही नहीं है। आमंत्रण पर येचुरी ने कहा कि हमने किसी को कुछ नहीं कहा। हम नहीं जाएंगे वहां।*

### *अखिलेश और डिंपल:* आमंत्रण स्वीकार करने में संदेह



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के मुखिया अखिलेश यादव कन्फ्यूज हैं कि उन्हें क्या करना है? अखिलेश ने इसी हफ्ते यह कहा था कि अगर राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट उन्हें आमंत्रित करता है तो वो प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जरूर शामिल होंगे, पर पार्टी के दूसरे सांसदों और नेताओं के जो बयान आए हैं उससे तो यही लगाता है अखिलेश राम मंदिर समारोह में जाने के लिए उत्साहित नहीं होंगे।

### कांग्रेस नेता नहीं खोल रहे पत्ते

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी को आमंत्रण भेजा गया है। हालांकि कांग्रेस की तरफ से अभी तक इस तरह का कोई बयान सामने नहीं आया है। स्थिति अस्पष्ट है।

### हिंदू धर्म नही, धोखा है...पर घिरे स्वामी प्रसाद



हिंदू धर्म पर विवादित टिप्पणी पर सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वकील विनीत जिंदल ने स्वामी प्रसाद के खिलाफ उनकी टिप्पणी को लेकर दिल्ली पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराई है। जिंदल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस में 'हिंदू धर्म एक धोखा है' के बयान को लेकर दिल्ली पुलिस में शिकायत दी है। गिरफ्तारी की मांग की है।

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद का तंज

#### स्वामी प्रसाद दिग्भ्रमित... अखिलेश को माया मिली न राम

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा चीफ अखिलेश यादव पर तंज कसा है।




उन्होंने कहा कि अखिलेश दिग्भ्रमित हो गए हैं। कभी सनातन का विरोध करते हैं तो कभी समर्थन। स्वामी प्रसाद के विवादित बयानों पर रोक लगाने का आश्वासन दिए जाने के एक दिन बाद ही उन्होंने दिल्ली में एक कार्यक्रम में हिंदू धर्म को धोखा बता डाला। केशव प्रसाद ने एक्स अकाउंटर पर लिखा, दुविधा में दोनों गए, माया मिली न राम!

### गिरिराज ने किया पलटवार

#### अगर हिंदू धर्म नहीं, तो इस्लाम अपना लो...

स्वामी प्रसाद के विवादित बयान ने सियासी हलचल बढ़ी है। अब सभी एक मुद्दे पर अपनी राय दे रहे है और गिरिराज सिंह ने इस पर कड़ा एतराज किया है। स्वामी प्रसाद के बयान पर गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। इसको लेकर अब गिरिराज का बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा कि सनातन भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है और अगर हिंदू धर्म नहीं, तो इस्लाम अपना लो।



### बिहार में कांग्रेस का 'बड़ा दांव'

#### बिहार में गठबंधन में मांगी 8-9 सीटें, कम सीट से कुछ नहीं होगा

देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में विपक्षी इंडिया गठबंधन एक्शन में है। इसी दिशा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बिहार कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की। इस मीटिंग में सीट शेयरिंग सहित आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह का कहना है कि बिहार में हम लोग गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे। इस संबंध में 29 दिसंबर को गठबंधन समिति की बैठक होनी है। जहां तक बिहार का सवाल है, अगर हमें आठ या नौ सीटें मिल जाए तो भी ठीक है। एक आध सीट से कुछ नहीं होता है, बस गठबंधन बरकरार रहना चाहिए। 29 दिसंबर को गठबंधन समिति की बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी।



### खरगे को पीएम फेस बनाने पर घमासान, अब पवार भी नाराज

इंडिया अलायंस की चौथी बैठक में खरगे को पीएम पद का दावेदार बनाने की खबरें सामने आई थीं। खरगे को पीएम फेस घोषित करने के प्रस्ताव पर गठबंधन में तकरार छिड़ी है। बिहार सीएम नीतीश कुमार की नाराजगी की खबरों की बीच अब एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के भी खफा होने की जानकारी सामने आई है। शरद ने अपनी नाराजगी को इशारों में जाहिर करते हुए कहा कि 1977 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पीएम फेस घोषित नहीं किया गया था। पवार ने कहा कि चुनाव के बाद विपक्ष की तरफ से मोराराजी देसाई को प्रधानमंत्री बनाया गया था। उस समय भी कहा गया था कि अगर कोई चेहरा सामने नहीं लाएंगे तो नतीजे भी पक्ष में नहीं होंगे। अगर लोग बदलाव के मूड में हैं तो वे जरूर बदलाव लाने के लिए फैसला करेंगे।



## 'लंगर' परोसते खेल मंत्री अनुराग



*नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा बंगला साहिब में 'लंगर' परोसा।*

### थरूर का दावा...

#### तिरुवनंतपुरम से पीएम चुनाव लड़ें तो जीत मेरी ही होगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर ताजा बयान से सियासत में हलचल पैदा कर दी है। उन्होंने सीधे तौर पर पीएम को चुनौती दे दी कि तिरुवनंतपुरम से अगर मोदी भी चुनाव लड़ेंगे तब भी मैं ही जीतूंगा। थरूर से एक टीवी इंटरव्यू के दौरान उनके फ्यूचर प्लान के बारे में पूछा गया, तब उन्होंने यह बयान दिया था। यह चुनाव उनका आखिरी हो सकता है। वे तिरुवनंतपुरम से चौथी बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं।



### बंगाल में भाजपा ने संगठन में किया बड़ा बदलाव

## शाह ने संभाली बंगाल की जिम्मेदारी प्रदेश की नई कोर कमेटी गठित की

◆ 14 सदस्यों वाली नई कोर कमेटी और 15 सदस्यों वाली चुनाव कमेटी बनाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने संगठन में बड़ा बदलाव कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए 2022 में बनी 24 सदस्यों वाली कोर कमेटी को खत्म कर दिया है।

अब 14 सदस्यों वाली नई कोर कमेटी और 15 सदस्यों वाली चुनाव कमेटी गठित कर दी है। नई कोर कमेटी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम भी शामिल है। शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक दिन के दौरे के लिए कोलकाता में हैं। एमजी रोड गुरुद्वारा और कालीघाट मंदिर के दर्शन करने के बाद इन दोनों नेताओं ने राज्य के नेताओं के साथ एक अहम बैठक की।



### नई कोर कमेटी

*जॉन बारला, निसिथ प्रमाणिक, देबोश्री चौधरी, शांतनु ठाकुर, मनोज तिग्गा, सुभाष सरकार, मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम हाजरा, अनिर्बान गांगुली, स्वप्न दासगुप्ता जैसे नेता और सांसद बैठक से अनुपस्थित रहे क्योंकि उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया। इसके साथ ही समिति के कार्यों का भी प्रभार नेताओं को दिया गया है।*

### फिर कोरोना का खतरा बढ़ा

## देश में सामने आए 412 नए मामले जेएन.1 के 69 केस, केरल में सुधार

*उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी काफी घटी*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोरोना महामारी एक बार फिर तेजी से पैर पसार रहा है। हर दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भारत में कोविड-19 के 412 नए मामले सामने आए हैं। इससे संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,170 हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह 8 बजे अद्यतन आंकड़े जारी किए गए। कर्नाटक में 24 घंटे में संक्रमण से तीन और लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,33,337 हो गई। वहीं, भारत में वर्तमान में कोविड मामलों की संख्या 4,50,09,660 है।

### केरल में नहीं आया कोई नया मामला

*केरल के लोगों के लिए राहत की बात है। फिलहाल कोई नया मामला सामने नहीं आया है। केरल में 24 घंटे में कोविड-19 का कोई नया मामला सामने नहीं आया और उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,096 रह गई है। मंगलवार सुबह 8 बजे तक देश भर में सामने आए 116 नए मामलों में से केरल से कोई नया मामला सामने नहीं आया।*

### मौसम विभाग ने बताया 3-4 दिन नहीं मिलेगी राहत

## घने कोहरे की चादर से लिपटे देश के 15 राज्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब समेत उत्तर भारत कई राज्य आज भी घने कोहरे की चपेट में है। मौसम विभाग ने बताया कि हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्से मंगलवार सुबह बहुत घने कोहरे की चादर से लिपटे हुए हैं। कई जगहों पर विजिबिलिटी 0-50 मीटर तक भी दर्ज की जा रही है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और मेघालय में दृश्यता अलग-अलग इलाकों में 50-200 मीटर तक देख जा रहा है। इन सभी राज्यों में 28 दिसंबर तक घना कोहरा जारी रहने की संभावना है।

**कई जगहों पर दृश्यता रही बेहत कम, चलना हो रहा मुश्किल**



ओडिशा, उत्तराखंड समेत कई प्रदेशों में घना कोहरा

मौसम विभाग ने बताया कि ओडिशा में भी आज सुबह घना कोहरा देखा जा रहा है। यहां पर बुधवार को भी कोहरा पड़ेगा। इसके साथ ही उत्तराखंड के कई इलाकों में भी घना कोहरा देखने को मिल रहा है। मेघालय, असम, नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में भी 30 दिसंबर तक घने कोहरे से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिम और निकटवर्ती मध्य भारत में अगले 3-4 दिन तक घना से बहुत घना कोहरा जारी रहने की संभावना है।

### तमिलनाडु में फिर बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने बताया कि तटीय तमिलनाडु में 30 दिसंबर से एक जनवरी 2024 तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। इसके साथ ही उत्तर-पश्चिम और आसपास के मध्य भारत में भी 30 दिसंबर को हल्की बारिश की संभावना है।

### पूरे एनसीआर में रहेंगे यही हालात

*दिल्ली, नोएडा समेत पूरे एनसीआर में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने और घना कोहरा छाए रहने की आशंका जताई है। वहीं अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 24 और 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। आज भी हवा की गुणवत्ता बेहद खराब रही।*

# नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी विध्वंसक जहाज 'इंफाल'



## विशेषताएं

- 163 मीटर लंबाई, 17 मीटर चौड़ाई, 7,400 टन वजन
- अधिकतम गति 30 समुद्री मील (56 किलोमीटर प्रति घंटा)
- एमआर एसएएम, ब्रह्मोस एसएसएम, स्वदेशी टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर,
- पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और 76 मिमी. एसआरजीएम शामिल
- एएसडब्ल्यू हेलीकॉप्टरों से लैस
- सतह से सतह पर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से सुसज्जित
- परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध के समय में भी लड़ने में सक्षम
- चार शक्तिशाली गैस टर्बाइनों से मिलती है ताकत
- स्वदेशी रूप से डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित
- निर्माण में लगभग 75 प्रतिशत की उच्च स्वदेशी सामग्री का उपयोग
- प्रोजेक्ट 15बी के तहत मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने बनाया
- आधुनिक निगरानी रडार इसके तोपखाने हथियार प्रणालियों को लक्ष्य डेटा प्रदान करता है
- निर्माण और उसके परीक्षणों में सबसे कम समय में तैयार
- जहाज निर्माण में 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का प्रमाण

### प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक

- पहला आईएनएस विशाखापत्तनम 2021 को नौसेना में शामिल
- दूसरा आईएनएस मोर्मुगाओ 2022 को नौसेना में शामिल
- तीसरा आईएनएस इंफाल 2023 को नौसेना में शामिल
- चौथा आईएनएस सूरत 2024 को नौसेना में शामिल होगा

### 'इंफाल' का सफर

- 19 मई 2017: आधारशिला रखी गई
- 16 अप्रैल 2019: राष्ट्रपति ने दी मंजूरी
- 20 अप्रैल 2019: जलावतरण
- 28 अप्रैल 2023: पहली समुद्री सैर के लिए रवाना हुआ
- 20 अक्टूबर 2023: व्यापक परीक्षण के लिए भारतीय नौसेना को सौंपा
- 22 नवंबर 2023: ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण
- 28 नवंबर 2023: नई दिल्ली में क्रेस्ट अनावरण
- 26 दिसंबर 2023: भारतीय नौसेना में शामिल


## खबर संक्षेप

### अब मुंबई और रत्नागिरी वाले बंगले होंगे नीलाम



**मुंबई**। भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादी दाउद इब्राहिम की संपत्तियां अगले महीने नीलाम की जाएंगी। ये तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर अधिनियम के तहत 5 जनवरी को नीलामी की जाएगी। महाराष्ट्र के रत्नागिरी की दाऊद के बंगले आदि शामिल हैं।

### पाकिस्तान में पहली बार हिंदू महिला चुनाव लड़ेगी



**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान में पहली बार कोई हिंदू महिला विधानसभा चुनाव लड़ रही है। 25 साल की डॉक्टर सवीरा प्रकाश को बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया है।

### टेक-ऑफ के दौरान मिग-29 का टायर फटा



**पणजी**। गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान भरने के दौरान मिग 29 विमान का टायर फट गया। गनीमत रही कि इससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। टायर फटने के बाद विमान को रनवे के किनारे खड़ा कर दिया गया और तत्काल मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची।

## एमवी केम प्लूटो पर ड्रोन अटैक को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चेतावनी

# हमलावरों को सागर तल से भी ढूंढ निकालेंगे... कठोर कार्रवाई करेंगे



*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक शक्ति ने कुछ ताकतों में ईर्ष्या और नफरत भर दी है। व्यापारिक जहाजों पर हमला करने वालों को सागर तल से भी ढूंढ निकालेंगे और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेंगे।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शनिवार को भारत आ रहे व्यापारिक जहाज पर किए गए ड्रोन हमले पर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार इस हमले को गंभीरता से ले रही है, जिन्होंने भी इस हमले को अंजाम दिया है उन्हें हम सागर तल से भी ढूंढ निकालेंगे। आईएनएस इंफाल, एक प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, को मंगलवार को नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में आयोजित एक समारोह में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आजकल समंदर में हलचल कुछ ज़्यादा ही बढ़ गई है। अरब सागर में व्यापारिक जहाज (एमवी) केम प्लूटो पर हाल ही में हुए संदिग्ध ड्रोन हमले और लाल सागर में 'एमवी साईं बाबा' पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक शक्ति ने कुछ ताकतों में ईर्ष्या और नफरत भर दी है।

### खास बातें

- भारत की आर्थिक और सामरिक शक्ति बढ़ रही है
- तीनों सेनाओं के आधुनिकीकरण पर सरकार प्रतिबद्ध
- वैश्विक व्यापार बहुत महत्वपूर्ण

### नौसेना में प्रत्येक गांव से अग्निवीर

रक्षा मंत्री ने कहा कि नौसेना का लक्ष्य देश के प्रत्येक जिले, प्रत्येक ब्लॉक और प्रत्येक गांव से कम से कम एक अग्निवीर को शामिल करना है। उन्होंने कहा, "रणनीति है कि देश के हर कोने से युवाओं- पुरुषों और महिलाओं- को आकर्षित करना, सेवा में रहने के दौरान उन्हें कुशल बनाना, शिक्षा संस्थानों के माध्यम से उनकी क्षमताओं को प्रमाणित करना, राष्ट्रवाद की भावना पैदा करना और यह सुनिश्चित करना कि वे नौसेना में अपनी नौकरी के बाद असैनिक क्षेत्र में फिर से एक बहुत उपयोगी व्यक्ति के रूप में शामिल हो सकें। हमारा लक्ष्य ऐसे राष्ट्रवादी कार्यबल को पूरे देश में फैलाना है।"

### नौसेना की क्षमताओं को बढ़ाएंगे

राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए तीनों सेनाओं के आधुनिकीकरण पर सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि पहले की सरकारें केवल देश को भूमि आधारित खतरों से बचाने पर ध्यान केंद्रित करती थीं। उन्होंने बताया कि उत्तर में हिमालय और पश्चिम में पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण, भारत का अधिकांश माल व्यापार समुद्र के माध्यम से होता है, जो इसे 'व्यापार' के दृष्टिकोण से एक द्वीप देश बनाता है। उन्होंने नौसेना की क्षमताओं को लगातार विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि भारत के राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए वैश्विक व्यापार बहुत महत्वपूर्ण है।

### आईएनएस इंफाल आत्मनिर्भरता का बड़ा उदाहरण

*राजनाथ सिंह ने आईएनएस इंफाल को रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' का एक चमकदार उदाहरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना, एमडीएल और अन्य सभी हितधारकों की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा, "आईएनएस इंफाल भारत की बढ़ती समुद्री शक्ति का प्रतीक है और यह इसे और मजबूत करेगा। यह भारत-प्रशांत क्षेत्र में 'जलमेव यस्य, बलमेव तस्य' (जो समुद्र को नियंत्रित करता है, वह सर्वशक्तिमान है) के हमारे सिद्धांत को मजबूत करेगा।"*

#### सरकार ने हमलों को बहुत गंभीरता से लिया

*रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने हमलों को बहुत गंभीरता से लिया है और नौसेना ने अपनी निगरानी बढ़ा दी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन हमलों के अपराधियों को जल्द ही न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

#### समुद्री रास्ते को सुरक्षित बनाए रखेंगे

राजनाथ सिंह ने कहा, "भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में एक नेट सुरक्षा प्रदाता की भूमिका निभाता है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस क्षेत्र में समुद्री व्यापार नई ऊंचाइयों को छुए। इसके लिए हम अपने मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्री मार्गों को वाणिज्यिक और व्यापारिक कार्यों के लिए सुरक्षित रखेंगे। हमें अपनी नौसेना की क्षमता और ताकत पर पूरा भरोसा है।"

## समुद्री खतरों का मुकाबला करने के लिए

# भारत ने अरब सागर में 3 वॉरशिप तैनात किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


रक्षा मंत्री ने बताया कि व्यापारिक जहाजों पर समुद्री डकैती और ड्रोन हमलों का मुकाबला करने के लिए, भारतीय नौसेना ने प्रोजेक्ट 15बी और 15ए श्रेणी के चार विध्वंसक तैनात किए हैं। उन्होंने कहा कि इन खतरों का मुकाबला करने के लिए, पी8I विमान, डोर्नियर्स, सी गार्डियन, हेलीकॉप्टर और तटरक्षक जहाज सभी को संयुक्त रूप से तैनात किया गया है।

### राजौरी-पुंछ में सुरक्षा को लेकर करेंगे समीक्षा बैठक!

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को राजौरी-पुंछ सेक्टर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे।

उल्लेखनीय है कि नियंत्रण रेखा के पार पाक के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित लॉन्च पैड पर लगभग 250 से 300 आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में हैं। इसे लेकर खुफिया तंत्र और सभी सुरक्षा एजेंसियां बेदह सतर्क हैं। सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़ी नजर रख रही हैं। सेना सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है।

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को भारतीय राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें जम्मू-कश्मीर के हालात की जानकारी दी।



### केम प्लूटो जहाज की होगी फोरेंसिक जांच

*केम प्लूटो जहाज सोमवार को मुंबई के तट पर पहुंचा। इसके बाद नौसेना ने इसकी जांच की। उन्होंने बताया कि जहाज पर हमला तब हुआ था जब यह भारत के तट से 400 किमी दूर था। नेवी ने कहा- जहाज पर जो मलबा मिला है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि उस पर ड्रोन से हमला किया गया था। इस जहाज पर 21 क्रू मेंबर सवार थे। इनमें से 20 भारतीय और 1 वियतनाम का नागरिक था। जहाज पर फोरेंसिक जांच के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि हमला कितनी दूरी, कौन से विस्फोटक से किया गया था और ये कितना खतरनाक हो सकता था। जांच पूरी करने के बाद जहाज से सामान को शिफ्ट किया जाएगा।*

### दावा: ईरान की जमीन से हमला

अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने कहा था कि केम प्लूटो पर ईरान से हमला हुआ था। मैरीटाइम कंपनी ऑम्ब्रे के मुताबिक ये पहला ऐसा हमला है जो सीधे ईरान की तरफ से किया गया है। हालांकि, ईरान ने इस दावे को खारिज कर दिया था।

## मुंबई पहुंचा फ्रांस में रोका गया प्लेन

# मानव तस्करी के संदेह में 4 दिन से फंसे थे यात्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारतीय यात्रियों सहित 303 पैसेंजर्स को ले जाने वाले जिस प्लेन को फ्रांस में मानव तस्करी के संदेह में रोका गया था, वह मुंबई पहुंच गया है। इस प्लेन के साथ 276 यात्री भारत पहुंचे हैं। प्लेन ने दोपहर के करीब 2.30 बजे फ्रांस के वैट्री हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और मुंबई में मंगलवार सुबह करीब 4 बजे लैंडिंग की। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही सीआईएसएफ ने इनसे पूछताछ की। फ्रांसीसी अधिकारियों के मुताबिक जब विमान ने मुंबई के लिए उड़ान भरी तो उसमें 276 यात्री सवार थे और दो नाबालिगों सहित 25 लोगों ने शरण के लिए आवेदन करने की इच्छा व्यक्त की थी। उस समय वह फ्रांस की धरती पर थे। दो नाबालिगों को जज के सामने पेश किया गया।

## जयशंकर बोले- रूस रक्षा, परमाणु ऊर्जा में एक विशेष भागीदार

# बिजली उत्पादन को लेकर भारत-रूस के बीच समझौता

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस के 5 दिनी दौरे पर हैं। मॉस्को में भारतीय समुदाय के साथ उन्होंने चर्चा की। इस दौरान अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा कि रूस रक्षा, परमाणु ऊर्जा में एक विशेष भागीदार है। आज हमने कुडनकुलम परमाणु इकाइयों से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। साथ ही उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष और परमाणु के क्षेत्रों में उन देशों के साथ सहयोग किया जाता है जिनके साथ आपके भरोसे के संबंध हो।

### तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र बन रहा



जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस ने मंगलवार को तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की बिजली उत्पादन इकाइयों के निर्माण से जुड़े कुछ जरूरी समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र रूस की तकनीकी सहायता से तमिलनाडु में बनाया जा रहा है। साथ ही कहा कि दोनों देश इस बात पर सहमत हुए हैं कि भारत और यूरेशियन आर्थिक क्षेत्र के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर व्यक्तिगत बातचीत शुरू करने के लिए उनकी वार्ता टीमें जनवरी के अंत तक मिलेंगी।

### रूस और भारत के संबंध प्रगाढ़

इससे पहले एक अन्य कार्यक्रम के दौरान जयशंकर ने कहा कि भू-राजनीति और रणनीतिक रूप से एक दूसरे पर निर्भरता की वजह से भारत और रूस के संबंध हमेशा मजबूत बने रहेंगे।

जयशंकर ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक पोस्ट में लिखा था कि वह रूसी नेताओं के साथ दोनों देशों में कनेक्टिविटी बढ़ाने, क्षेत्रीय संघर्ष आदि मुद्दों पर बात करेंगे। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद दुनियाभर में रूस के इस कदम की आलोचना हुई लेकिन भारत ने भारी दबाव के बावजूद अपने पुराने मित्र देश की आलोचना नहीं की। भारत ने कहा कि कूटनीति और बातचीत से विवाद का हल होना चाहिए। यूक्रेन से युद्ध के बाद भारत ने रूस के बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया है।

## तेल निर्यात में रुपए के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के मामले में

# रूस से नहीं बनी बात लेकिन यूएई में भारत को हासिल हुई बड़ी सफलता!

*भारत की इस तीन स्तरीय रणनीति ने अरबों डॉलर बचाने में मदद की है क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदना शुरू किया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत अपने इस्तेमाल के 85 फीसद तेल के लिए निर्यात पर निर्भर है इसलिए भारत चाहता है कि तेल के व्यापार में रुपए के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं और रुपए के अंतरराष्ट्रीयकरण में शुरुआती सफलता मिलती भी दिख रही है। सूत्रों के अनुसार भारत ने पहली बार संयुक्त अरब अमीरात से तेल खरीद के लिए रुपए का इस्तेमाल किया है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता भारत स्थानीय मुद्रा में तेल की खरीद को बढ़ावा दे रहा ताकि वो अन्य तेल आपूर्तिकर्ताओं के साथ भी इस तरह का सौदा कर सके।

भारत कच्चे तेल की खरीद के लिए तीन स्तरीय रणनीति अपना रहा है जिसमें जितना हो सके सस्ता तेल खरीदना, आपूर्तिकर्ता देशों में विविधता लाना और रूसी तेल पर लगे 60 डॉलर प्रति बैरल के प्राइस कैप जैसे किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन न करना शामिल है। भारत की इस तीन स्तरीय रणनीति ने अरबों डॉलर बचाने में मदद की है क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदना शुरू किया जिससे भारी मुनाफा हुआ है। लेकिन रूसी तेल की आमद घटी है और भारत अब यूएई से तेल की खरीद बढ़ाने जा रहा है।

### कई देशों से साथ रुपए में व्यापार करने की योजना

*रुपए में विदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पिछले साल से एक दर्जन से अधिक बैंकों को 18 देशों के साथ रुपए में ट्रेड सेटलमेंट की अनुमति दी है। इसके बाद से ही भारत, यूएई और सऊदी अरब जैसे बड़े तेल निर्यातकों से रुपए में भुगतान लेने को कह रहा है। अधिकारियों ने कहा, 'रुपए में व्यापार की पहली सफलता इस साल अगस्त में मिली जब आईओसी ने एडीएनओसी को रुपए में भुगतान किया।'*

### रुपए में व्यापार को बढ़ावा देना चाहता है भारत

इसी के साथ ही भारत अब डॉलर की अदला-बदली में होने वाली लागत से बचने के लिए रुपए में व्यापार को बढ़ावा देना चाहता है। भारत ने जुलाई में यूएई के साथ रुपए के निपटान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था और इसके तुरंत बाद इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) से दस लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद के लिए भारतीय रुपए में भुगतान किया।

## खबर संक्षेप



### हॉकी इंडिया महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए खिलाड़ी घोषित

**बेंगलुरू।** ओलंपिक क्वालीफायर और हॉकी फाइव्स विश्व कप की तैयारी के लक्ष्य के साथ भारत की 34 खिलाड़ी गुरुवार से यहां सीनियर महिला हॉकी कोचिंग शिविर में हिस्सा लेंगी। स्पेन में पांच देशों के टूर्नामेंट में मेजबान के अलावा बेल्जियम, जर्मनी और आयरलैंड से भिड़ने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को ब्रेक मिला था और अब वे शिविर में हिस्सा लेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर रांची में 13 से 19 जनवरी तक होने हैं जिसमें भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है। पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य को जगह मिली है। इसके बाद भारतीय टीम ओमान के मस्कट के लिए रवाना होगी जहां वे 24 से 27 जनवरी तक हॉकी फाइव्स विश्व कप में हिस्सा लेंगी।

### भारत ए और द.अफ्रीका ए का मैच का बारिश से धुला



**बेनोनी।** भारत ए और दक्षिण अफ्रीका के बीच यहां खेले जाने वाले दूसरे चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन का खेल बारिश के कारण नहीं हो पाया। बारिश और आउटफील्ड गीली होने के कारण पहले दिन टॉस भी नहीं हो पाया। अंपायरों ने खेल शुरू नहीं होने की स्थिति को देखते हुए दिन का खेल रद्द करने की घोषणा की। इन दोनों टीम के बीच पहला चार दिवसीय मैच ड्रॉ रहा था। भारतीय टीम ने उस मैच में दक्षिण अफ्रीका ए के 319 रन के जवाब में प्रदोष रंजन पाल के 163 रन की मदद से 417 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने मैच ड्रॉ घोषित किए जाने से पहले अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 152 रन बनाए थे।

### टेस्ट में वार्नर ने अपनी जगह लेने हैरिस को चुना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर खेल के सबसे लंबे प्रारूप को अलविदा कहने के बाद अपनी जगह पारी का आगाज करने की भूमिका में मार्कस हैरिस को टीम में देखना चाहते हैं।



वॉर्नर पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ चल रही तीन टेस्ट मैचों की मौजूदा श्रृंखला इस प्रारूप में उनकी आखिरी टेस्ट श्रृंखला होगी। वार्नर ने मंगलवार को कहा, '' यह कठिन है। यह स्पष्ट रूप से चयनकर्ताओं पर निर्भर है। अगर मेरी राय पूछी जाये तो मैं हैरिस का नाम लूंगा जो काफी समय से इसका दावेदार है और काफी समय से टीम के साथ रहा है। उसने कुछ दिन पहले शतक (विक्टोरिया एकादश और पाकिस्तान के बीच अभ्यास मैच) भी लगाया है।

### श्रृंखला जीतने भाग्य की थोड़ी जरूरत होगी: द्रविड़



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा दौरे पर टेस्ट श्रृंखला को जीतने के लिए उनकी टीम को किस्मत की भी थोड़ी जरूरत होगी। भारतीय टीम ने 1992 में पहली बार दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। टीम हालांकि पिछले 31 साल में उस देश में आठ टेस्ट श्रृंखला में से एक को भी जीतने में सफल नहीं रही है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में सफलता का स्वाद चख चुकी भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में 23 टेस्ट में सिर्फ चार जीत दर्ज की हैं। द्रविड़ ने कहा कि भाग्य का साथ भी हालांकि तभी मिल सकता है जब आप अपने कौशल का अच्छा इस्तेमाल कर यह सुनिश्चित करते हैं कि आप गेंद को सही क्षेत्र में डाल रहे हैं।

## टेस्ट क्रिकेट : कोहली ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पूरे किए 2,101 रन

# विराट बने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक और उपलब्धि अपने नाम की। भारत की पहली पारी में 35 रन बनाते ही वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा 2,101 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। रोहित ने अब तक खेले 26 टेस्ट की 42 पारियों में 2,097 रन बनाए हैं।

### जो रूट हैं अभी शीर्ष पर

इस सूची में शीर्ष पर इंग्लैंड के जो रूट 47 मैच, 86 पारियां 3,987। दूसरे नंबर पर मार्नस लाबुशेन 3,641, तीसरे पर स्टीव स्मिथ 3,223, चौथे पर बेन स्टोक्स 2,710 और 5वें पर बाबर आजम 2,570 हैं। इस सूची में कोहली 10वें स्थान पर हैं। उनके अब 2,101 रन हो गए हैं।



### सेंचुरियन में विराट ने तोड़ा संगकारा का रिकॉर्ड

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेले जा रहे पहले टेस्ट में 18 रन बनाते ही भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक उपलब्धि अपने नाम की। कोहली अब सुपरस्पोर्ट पार्क में सबसे ज्यादा रन (244*) बनाने वाले मेहमान बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ दिया है। संगाकारा ने इस मैदान पर 3 टेस्ट की 6 पारियों में 228 रन बनाए थे।

### कोहली के टेस्ट करियर पर एक नजर

कोहली ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2011 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 112 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 188 पारियों में 8,714 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। कोहली की औसत टेस्ट क्रिकेट में 49.23 की रही है। उन्होंने क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में 29 शतक और 29 अर्धशतक लगाए हैं। उनका टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254 रन रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में उन्होंने 38 रन बनाए।

## रबाडा ने रोहित को 13वीं बार किया आउट

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। टीम के कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका की धरती पर फ्लॉप रहे। वह 14 गेंद में 5 रन बनाकर कगिसो रबाडा की गेंद पर कैच आउट हो गए। बता दें कि रोहित दक्षिण अफ्रीका में जब भी खेलते हैं उनके बल्ले से रन नहीं निकलते। वहीं कगिसो रबाडा ने रोहित का विकेट लेकर इतिहास रच दिया। रबाडा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित को सर्वाधिक 13 बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए।

रोहित का दक्षिण अफ्रीका की सरजमीं पर रिकॉर्ड बेहद खराब है। उन्होंने वहां अपना पहला टेस्ट मैच साल 2013 में खेला था। उन्होंने अब तक 5 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 9 पारियों में 14.22 की बेहद



साधारण औसत के साथ सिर्फ 128 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से दक्षिण अफ्रीका में 1 भी शतक या अर्धशतक नहीं निकला है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर सिर्फ 47 रन रहा है।

### रबाडा के नाम 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट



पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 विकेट हासिल कर एक कीर्तिमान अपने नाम जोड़ लिया। इसके साथ ही उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 विकेट भी पूरे हो गए। कहर बरपाती हुई गेंदबाजी करते हुए रबाडा ने भारत के खिलाफ टेस्ट पारी में पहली बार कम से कम 5 विकेट लेने का कारनामा किया है।

### बारिश ने जल्द खत्म कराया पहले दिन का खेल, भारत के 208/8 रन

*भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले के पहले दिन मंगलवार को यहां तीसरे सत्र में खराब रोशनी और बारिश के कारण खेल जल्दी समाप्त करना पड़ा। दिन का खेल समाप्त घोषित किए जाने के समय भारत ने 59 ओवर में आठ विकेट पर 208 रन बनाए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल 70 रन बनाकर क्रीज पर मोहम्मद सिराज (शून्य) के साथ मौजूद है। भारत के लिए विराट कोहली (38), श्रेयस अय्यर (31) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए कैगिसो रबाडा ने पांच विकेट लिये।*

### अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होंगे पहले दृष्टिबाधित क्रिकेटर रेड्डी



**नई दिल्ली।** बचपन में अजय कुमार रेड्डी सैनिक बनकर देश की सेवा करना चाहते थे। जब उन्हें पता चला कि दृष्टिबाधित लोग सेना में प्रवेश नहीं कर सकते तो उनका दिल टूट गया। कम उम्र में ही आंशिक रूप से दृष्टिबाधित हुए अजय ने हालांकि जल्द ही भारत की सेवा करने का एक और तरीका ढूंढ लिया: क्रिकेट खेलना और विश्व कप जीतना। उनके योगदान के लिए उन्हें अगले महीने अर्जुन पुरस्कार मिलेगा और वह दृष्टिबाधित क्रिकेट में यह सम्मान पाने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। आंध्र प्रदेश के गुराजाला में जन्में भारतीय दृष्टिबाधित टीम के कप्तान अजय ने चार साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपनी बाईं आंख की रोशनी गंवा दी थी। उन्होंने 2010 में भारत के लिए पदार्पण किया और टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा बने लेकिन इससे उन्हें ज्यादा खुशी नहीं मिली।

उन्होंने कहा, ''पहली बार हमने टी20 विश्व कप जीता। पाकिस्तान क्रिकेटरों ने कहा 'ओह, यह एक नया प्रारूप है, आप भाग्यशाली थे इसलिए जीत गए। वनडे में हम नंबर एक हैं'। चोट से जूझते हुए खिताबी मुकाबले में नाबाद 74 रन बनाने वाले अजय ने कहा, ''2014 एकदिवसीय फाइनल में पाकिस्तान को हराना मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल था।''

## आईपीएल के लिए नहीं मिलेगी मुजीब, नवीन व फारूकी को एनओसी, खेलना संदिग्ध

एजेंसी ▶▶| काबुल

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक और फजलहक फारूकी को अगले दो साल के लिए एनओसी देने की संभावना नहीं है जिससे इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सत्र में उनका खेलना संदिग्ध है।

इसी महीने आईपीएल 2024 के लिए हुई नीलामी के दौरान मुजीब को कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। नवीन को लखनऊ सुपर जाइंट्स और फारूकी को सनराइजर्स हैदराबाद ने रिटेन किया है। एसीबी ने कहा कि इन तीनों खिलाड़ियों को दी गई एनओसी तुरंत रद्द कर दी जाएगी। इन तीनों खिलाड़ियों ने अक्टूबर-नवंबर में 50 ओवर के विश्व कप में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। एसीबी द्वारा जारी विज्ञप्ति



के अनुसार बोर्ड ने इन सभी खिलाड़ियों के लिए 2024 के वार्षिक अनुबंध में विलंब करने का फैसला किया है। उन्होंने मामले की पूरी तरह से जांच करने के लिए एक समिति का गठन किया है क्योंकि इन खिलाड़ियों ने एक जनवरी से अपने केंद्रीय अनुबंध से मुक्त होने की इच्छा व्यक्त की थी।

अफगानिस्तान भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलने की तैयारी कर रहा है जिसका पहला मैच 11 जनवरी को मोहाली में, दूसरा 14 जनवरी को इंदौर में और तीसरा 17 जनवरी को बेंगलुरू में खेला जाएगा।

## अफ्रीका के कप्तान बावुमा चोटिल, आगे खेलना संदिग्ध



एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को यहां बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण मैदान छोड़ना पड़ा और उनका मैच में आगे खेलना संदिग्ध है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन पर लगाए गए विराट कोहली के ड्राइव को रोकने के प्रयास में बावुमा चोटिल हो गए और उन्हें 20वें ओवर में मैदान छोड़ना पड़ा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार,''स्कैन से पता चला है कि उनकी बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। उनके स्थान पर डीन एल्गर ने कार्यवाहक कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली। एल्गर ने इस श्रृंखला के बाद संन्यास लेने की घोषणा की है।

## इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में इन भारतीय बल्लेबाजों ने लगाए शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख खिलाड़ियों ने टी-20 क्रिकेट में कम शिरकत की। ऐसे में कई नए खिलाड़ियों को टी-20 क्रिकेट खेलने का मौका मिला, जिसका फायदा उन्होंने उठाया। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम से 2023 में कुल 5 शतक लगे। प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम की कमान संभालने वाले सूर्यकुमार यादव ने ही इस साल 2 शतक लगाए।



### सूर्यकुमार यादव बनाम श्रीलंका

सूर्यकुमार ने इस साल की शुरुआत में जनवरी में श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ नाबाद 112 रन बनाए थे। उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का यह तीसरा शतक रहा, जिसे उन्होंने 45 गेंदों में पूरा किया। उनकी इस धमाकेदार पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंकाई टीम 137 रन पर ही ढेर हो गई और भारत ने 91 रन से जीत दर्ज की।



### शुभमन गिल बनाम न्यूजीलैंड

शुभमन गिल ने इस साल अपनी बल्लेबाजी से खूब सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने 1 फरवरी को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 126 रन की पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय का अपना पहला शतक रहा। वह इस प्रारूप में भारत की ओर से शतक लगाने वाले सिर्फ 7वें बल्लेबाज बने। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 234/4 का स्कोर बनाया और मैच में 168 रन से जोरदार जीत दर्ज की थी।

### रुतुराज बनाम ऑस्ट्रेलिया



रुतुराज गायकवाड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में 52 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उनकी पारी की बदौलत भारत ने पहले खेलते हुए 222/3 का स्कोर बनाया था। वह कंगारू टीम के खिलाफ टी-20 प्रारूप में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने थे। दिलचस्प रूप से गायकवाड़ ने पारी का आखिरी ओवर फेंकने आए ग्लेन मैक्सवेल के आखिरी ओवर में से 27 रन बटोरे, जिसमें 3 छक्के भी शामिल थे।

### यशस्वी जायसवाल बनाम नेपाल



एशियाई खेलों में यशस्वी जायसवाल ने नेपाल क्रिकेट टीम के खिलाफ शानदार शतक (100) लगाया। यह उनके युवा टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक रहा। वह 49 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उस समय 21 वर्षीय जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बने थे। उन्होंने गिल (23 साल और 146 दिन) का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा था।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट : ग्राउंड पर पहुंचा कबूतर का झुंड, थोड़ी देर रोका गया मैच

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मंगलवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू हुआ। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट के नुकसान पर 187 रन बना लिए। मार्नस लाबुशेन (44) और ट्रेविस हेड (9) की जोड़ी नाबाद लौटी।

**कबूतरों का झुंड आ गया था ग्राउंड पर**

मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन ग्राउंड पर एक फनी मोमेंट देखने को मिला। दरअसल, मैच के 48वें ओवर के दौरान जब स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी कर रहे थे तभी कबूतरों का एक झुंड ग्राउंड पर आ गया था, जिसके बाद मैच को थोड़ी देर के लिए



रोक दिया गया। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली को मैदान पर कबूतर उड़ाते हुए देखा गया।

### मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में

*बात करें मैच की तो मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट खोकर 187 रन स्कोरबोर्ड पर लगा दिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पहला विकेट डेविड वार्नर के रूप में 90 के स्कोर पर खोया था। इसके बाद 108 पर उस्मान ख्वाजा पवेलियन लौट गए थे। फिर स्टीव स्मिथ के रूप में ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका 154 के स्कोर पर लगा था। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी और हसन अली को 1-1 विकेट मिला है। 1 विकेट आगा सलमान के खाते में गया है।*

## न्यूजीलैंड को उसके घर पर टी-20 मैच में नहीं हरा पाया है बांग्लादेश

# न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच पहला टी-20 मैच आज

एजेंसी ▶▶| नेपियर

वनडे सीरीज को 2-1 से अपने नाम करने के बाद अब न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच आज 27 दिसंबर से टी-20 सीरीज शुरू होगी। पहला मैच नेपियर के मैकलीन पार्क में खेला जाएगा।

अब तक कीवी टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने घर पर कोई टी-20 मैच नहीं गंवाया है और मेजबान टीम अपने इस रिकॉर्ड को बरकरार रखने का प्रयास करेगी। इस मैच को भारतीय समयानुसार सुबह 11:40 बजे से अमेजन प्राइम वीडियो पर लाइव देखा जा सकता है।

### सेंटनर की कप्तानी में खेलेगी न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड से केन विलियमसन और काइल जैमीसन इस सीरीज से हट चुके हैं और मिचेल सेंटनर की कप्तानी में टीम चुनौती पेश करेगी। कीवी टीम से बेन सियर्स और टिम साउथी के रूप में प्रमुख तेज गेंदबाज उतर सकते हैं। ऑलराउंडर जेम्स नीशम को भी मौका मिल सकता है।



### नजमुल शांतो संभालेंगे बांग्लादेश की कमान

बांग्लादेशी टीम इस दौरे पर सौम्य सरकार और लिटन दास से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। सरकार ने हाल ही में समाप्त हुई वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में बड़ा शतक लगाया था। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो भी अपनी टीम के लिए उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

**संभावित एकादश न्यूजीलैंड** : फिन एलन, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, जेम्स नीशम, मिचेल सेंटनर (कप्तान), टिम साउथी, ईश सोढ़ी और बेन सियर्स।

**संभावित एकादश बांग्लादेश** : सौम्य सरकार, मेहदी हसन मिराज, रोनी तालुकदार, नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), लिटन दास (विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, तंजीम हसन, अफीफ हुसैन, शोरफुल इस्लाम, हसन महमूद और मुस्तफिजुर रहमान।

## हरमनप्रीत कौर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के बाद सिद्धि विनायक मंदिर पहुंची, कोच भी आए नजर



***मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इकलौते टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराया था। इसके साथ ही भारतीय महिलाओं ने इतिहास रच दिया था। यह भारतीय महिला टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में पहली जीत थी। इस जीत के बाद अब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ टीम के कोच अमोल मजूमदार भी नजर आए।*



# ‘फाइटर’ का नया पोस्टर रिलीज नए साल पर होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म ‘फाइटर’ का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style

# पूजा हेगड़े

## शाहिद संग एक्शन थ्रिलर फिल्म में आएंगी नजर

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़, ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं। पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें। मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा।



## हॉलीवुड मसाला



# क्रिसमस समारोह में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसनें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रहे हैं। दरअसल, 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री के आवास पर क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया था, जहां ईसाई समुदाय के कई लोग पहुंचे थे। इन्हीं सब के साथ डिनो भी इस समारोह का हिस्सा बने। अब अभिनेता ने 26 दिसंबर को इस समारोह की कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं।




# डिस्कवरी इंक की बॉक्स ऑफिस पर फिर वापसी

**लॉस एंजिलस।** छुट्टियों का मौसम ख़त्म होने और 2024 के शुरू होने के साथ ही हम जनता को सिनेमाघरों की ओर वापस आकर्षित करने के लिए सेट की गई प्रमुख मोशन पिक्चर्स पर प्रकाश डालते हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि छुट्टियों के मौसम में बॉक्स ऑफिस क्या लेकर आता है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी इंक की 15 दिसंबर की सफल शुरुआत के बाद आशावादी माहौल है। वोंका. उस फिल्म ने अपनी शुरुआती रात में 3.5 मिलियन डॉलर की कमाई की। सीएनबीसी की जूलिया बरस्टिन के अनुसार, उद्योग विश्लेषकों ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मजबूत आंकड़ों के साथ-साथ पहले सप्ताहांत में कुल बॉक्स ऑफिस बिक्री 40 मिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान लगाया है। ब्लॉकबस्टर बार्बी और ओपेनहाइमर ने परिवारों को सिनेमाघरों में वापस आकर्षित किया, और फिर टेलर स्विफ्ट के द एरास टूर म्यूजिकल के परिणामस्वरूप इस तिमाही की शुरुआत में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी।



# जैकी संग प्यार का किया इजहार...

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जैकी भगनानी ने 25 दिसंबर को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। जैकी के जन्मदिन पर रकुल ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कर अपने प्यार का इजहार किया है। इसके साथ उन्होंने नोट भी लिखा है। रकुल ने जैकी संग अपनी तस्वीरें साझा कर लिखा, ‘जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। इस जन्मदिन पर और हर दिन मैं कामना करती हूं कि आपको वह सब मिले जो आप चाहते हैं। आपकी दयालुता और मासूमियत मिलना दुर्लभ है।’ उन्होंने आगे लिखा, ‘आपके चुटकुले सबसे मूर्खतापूर्ण हैं, लेकिन मुझे यह मानना होगा कि आप मजाकिया हैं। भगवान आपकी रक्षा करें, क्योंकि आपके जैसे पुरुष बहुत कम हैं। रोमांच, सफर, खाना और हंसना है और हमें हमेशा साथ रहना है।’ इस खास मौके पर दुनियाभर में मौजूद प्रशंसकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।




# विलेन बन खेसारी से लेंगे टक्कर...

**मुंबई।** अभिनेता आर्यन बब्बर भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म रेड्डी में सलमान खान से लोहा ले चुके आर्यन बब्बर अब टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्टरी के बैनर तले बन रही फिल्म राजाराम में मुख्य विलन की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आर्यन, खेसारीलाल यादव से टक्कर लेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों गोरखपुर के खूबसूरत लोकेशन पर चल रही है, जिसके निर्देशक पराग पाटिल है। फिल्म की मुख्य भूमिका में खेसारी लाल यादव और राहुल शर्मा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता पराग पाटिल और राकेश रौशन सिंह हैं। आर्यन बब्बर ने फिल्म राजाराम को लेकर कहा कि यह बड़े बैनर की फिल्म है और यह मेरे लिए बड़ी ऑपच्र्युनिटी है। फिल्म की कास्ट एंड क्रू बेहद उत्साहित करने वाली है।

# ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3’ का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। डिज्नी+हॉटस्टार के आगामी शो ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान’ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान’ को ग्राफिक इंडिया द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल ने डिज्नी+हॉटस्टार के लिये इसे क्रिएट किया है, जिसकी स्ट्रीमिंग 12 जनवरी 2024 से शुरू होगी। इसमें रामायण की उन कालजयी कहानियों को प्रदर्शित किया गया है, जो हनुमान की गाथा को सामने लाती हैं।



### युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे : प्रोड्यूसर

द लेजेंड ऑफ हनुमान के क्रिएटर एवं एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शरद देवराजन ने कहा, द लेजेंड ऑफ हनुमान’ के सीजन 3 में हम अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाले निरंतर युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे, और दिखायेंगे कि कैसे अजर-अमर भगवान हनुमान भयानक अंधकार के बीच हमेशा जलने वाली आशा की ज्योति बन जाते हैं। इसमें पहली बार, लंका की महायुद्ध की भव्यता और देवताओं, दानवों, वनों में रहने वाले जीवों और महान योद्धाओं को उच्च गुणवत्ता वाले एनीमेशन के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### रावण का किरदार मुझे बचपन से पसंद रहा : केलकर

‘द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3’ में रावण को आवाज देने वाले, शरद केलकर ने कहा, मैं भगवान हनुमान के दिग्गज कारनामों के बारे में सुनते हुए बड़ा हुआ हूं और अब रावण के किरदार में इस कहानी का हिस्सा बनना किसी सपने के सच होने जैसा है। बचपन में रामायण की कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया था। मुझे रावण की तगड़ी हंसी बड़ा आकर्षित करती थी और उस हंसी ने सबको हमेशा रोमांचित किया। उस हंसी को पेश करना एक बड़ी चुनौती थी। डबिंग के दौरान मैं उस हंसी का बार-बार अभ्यास करता था; इतना कि मैं आसपास के क्रू मेंबर्स को चौंका देता था।

# अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म ‘सुल्तान मिर्जा’ का फर्स्ट लुक रिलीज



मुंबई। अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। निर्देशक इकबाल बख्श ने लखनऊ पर एक समय राज किए हुए अंडरवर्ल्ड डॉन सुल्तान मिर्जा पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा बनाई है, जिसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। ओक़ाब इंटरनेशनल, रेड किंग फ़ल्मि प्रोडक्शन्स प्रेजेंट्स इस फ़ल्मि के निर्माता हिमायत अली हैं। इस फ़ल्मि को शान परफॉर्मिंग ग्रुप, आर आर रोकड़े प्रोडक्शन्स और वी जी फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनाया गया है। फ़ल्मि सुल्तान मिर्जा के सह निर्माता राजेश रोकड़े गेंदराज यादव एवं जावेद मीर खान हैं। इस फ़ल्मि की कहानी दीपक भाटिया ने लिखी है, स्क्रीनप्ले और संवाद हिमायत अली का है। फ़ल्मि के सिनेमेटोग्राफर दिनेश आर पटेल एवं सन्तोष सिंह हैं। फ़ल्मि में मारधाड़ जावेद आर शेख का है , कोरियोग्राफर दिलीप मिस्त्री हैं। फ़ल्मि सुल्तान मिर्जा के मुख्य कलाकार साहिल अख़्तर खान, श्वेता दुबे, हिमायत अली, ज़रीना वहाब, दीपक भाटिया, यशपाल शर्मा, अनंत जोग, सिकन्दर खान, देव गिल हैं।

# ‘कर्माधिकारी शनि देव’ में मिस्टर हिमाचल रवीज ठाकुर आएंगे नजर



**नई दिल्ली।** धारावाहिक का प्रोमो जल्द आएगा, धारावाहिक अगले महीने से शेमारू टीवी पर देखा जा सकेगा। धारावाहिक की शूटिंग मुंबई स्थित भजनलाल स्टूडियो में जारी है। संदीप मोहन रिवीज के पिता के रोल में नजर आएंगे। ‘दिव्य हिमाचल मीडिया ग्रुप’ के लोकप्रिय इवेंट ‘मिस्टर हिमाचल’ के विजेता रवीज ठाकुर ने मुंबई में बड़ी ख्याति हासिल की है।

सोनी टीवी के सीरियल ‘पोरस’ में रविज ठाकुर को सेल्यूकस निकेटर के किरदार में लोगों ने खूब पसंद किया। शिमला की रोहड़ू तहसील के रूंडा गांव के रविज ने हाल ही में मनोज बाजपेई के साथ एमेजॉन प्राइम का विज्ञापन किया। रविज का मानना है कि‘मिस्टर हिमाचल’ के माध्यम से ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। रवीज इससे पहले दर्जनों सीरियल में काम कर चुके हैं। रवीज ठाकुर ने सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर से हासिल की है। वर्ष 2015 में ‘मिस्टर हिमाचल’ जैसे प्लेफार्म ने उनकी दिशा बदल दी। ‘मिस्टर इंडिया मैन हंट पेजेंट’ का खिताब हासिल करने के बाद जनवरी, 2016 में रवीज ने मुंबई का रुख किया, तो अपने हुनर के बूते सीरियल में काम करने का मौका मिला।




## अभिषेक बच्चन ने कहा- फिल्मफेयर में जाकर मिली पहली फिल्म

# अभिषेक ने सुनाया पहली फिल्म मिलने का किस्सा

अभिषेक बच्चन ने 2000 में निर्देशक जेपी दत्त की फिल्म ‘रिफ्यूजी’ से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी, लेकिन ये सफर उनके लिए इतना आसान नहीं था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अभिषेक ने करियर की शुरुआती दिनों को याद कर पहली फिल्म ‘रिफ्यूजी’ मिलने का किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि पिता अमिताभ बच्चन के व्यवसाय के ध्वस्त होने के बाद वह अमेरिका से वापस भारत लौटे और प्रोडक्शन सहायक व सहायक निर्देशक के तौर पर काम करने लगे थे।

### दिवालिया हो गए थे अमिताभ

दरअसल, अमिताभ ने एबीसीएल नाम की कंपनी खोली, जो फिल्म प्रोडक्शन, डिस्ट्रीब्यूशन और इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थी। हालांकि, कंपनी पर करोड़ों रुपये का कर्ज हो गया और अभिनेता दिवालिया हो गए। बाद में अभिनेता को काम मिलने लगा और उन्होंने कर्ज उतार दिया।



### कोई नहीं करना चाहता था अमिताभ के बेटे को लॉन्च

एक बातचीत में अभिषेक ने बताया कि वह हमेशा से अभिनेता बनना चाहते थे और इसलिए उन्होंने कई निर्देशकों से मुलाकात की, लेकिन कोई भी अमिताभ के बेटे को लॉन्च करने की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता था। ऐसे में अभिषेक और उनके दोस्त ने स्क्रिप्ट खुद लिखने का फैसला किया, लेकिन वह भी आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि, एक दिन अमिताभ ने अभिषेक को फिल्मफेयर पुरस्कारों में साथ चलने के लिए आमंत्रित किया, जिसके बाद उनका जीवन बदला।

### बहन की शादी की शेरवानी पहन फिल्मफेयर में पहुंचे थे अभिषेक

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जाने के लिए महीनों पहले से योजना बनाई जाती थी कि क्या पहनना है क्योंकि उन दिनों कपड़े खरीदने पड़ते थे। अभिषेक ने कहा, मुझे नहीं पता था कि क्या पहनूं और अब अजीब लगता है, लेकिन मेरे पास इतने कपड़े भी नहीं थे। हम उस समय एक कठिन दौर से गुजर रहे थे और खर्चा नहीं कर सकते थे।

### पुरस्कार समारोह के 2 दिन बाद ही मिल गई फिल्म

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जेपी दत्ता को फिल्म ‘बॉर्डर’ के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला था और जब वह मंच से नीचे जा रहे थे तो उनकी नजर अभिनेता पर पड़ी। इसके 2 दिन बाद ही निर्देशक ने अभिषेक से मिलने के लिए कहा और ऐसे अभिनेता को उनकी पहली फिल्म ‘रिफ्यूजी’ मिल गई। इस फिल्म में अभिषेक के साथ करीना कपूर नजर आई थीं, जो भी बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही थीं।

### इस फिल्म में दिखेंगे अभिषेक

अभिषेक हाल ही में सैयामी खेर के साथ फिल्म ‘घूमर’ में नजर आए थे, जिसमें वह एक पूर्व खिलाड़ी और कोच के किरदार में दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे। ये फिल्म जी5 पर देखी जा सकती है। अब अभिनेता अजय देवगन की फिल्म ‘भोला’ के अगले भाग में नजर आ सकते हैं, जिसमें वह एक अहम किरदार निभाएंगे। इसके अलावा अभिनेता की फिल्म ‘दसवीं’ के सीक्वल को लेकर भी खबरें आ रही।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930